नई दिल्ली
शुक्रवार, 14 जून 2024
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष, अष्टमी वर्ष : 28, अंक : 64
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 44
न्यून. 33

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



09 ऑस्ट्रेलिया ओपन : तीसरे दौर में पहुंची भारत की आकर्षि



### नंद नगरी का मामला: शराब के नशे में डंडे और ईंटों से किए वार, आरोपी पुत्र गिरफ्तार

# प्रॉपर्टी विवाद में झगड़ा, पिता का किया कत्ल

हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली

नॉर्थ ईस्ट दिल्ली के नंद नगरी इलाके में एक युवक ने अपने ही पिता का बेरहमी से कत्ल कर दिया। उसने शराब के नशे में पिता पर डंडे और ईंट से हमला किया। मृतक केहर सिंह (65) का कसूर इतना था कि वह प्रॉपर्टी में अपनी बेटियों और बड़े बेटे को भी हिस्सेदार बनाना चाहता था। लेकिन छोटे बेटे को यह नागवार था। आरोपी बेटा गिरफ्तार कर लिया गया है।

डीसीपी जॉय टिर्की के अनुसार बुधवार रात 3 बजकर 19 मिनट पर नंद नगरी थाने को एक पीसीआर कॉल मिली, जिसमें कॉलर ने कहा कि उसके पिता की हत्या हो गई है। पुलिस मौके पर पहुंची। ढाई मंजिला बिल्डिंग का ग्राउंड फ्लॉर लॉक मिला। सीढ़ी का गेट भी अंदर से बंद था। एक आदमी बॉलकनी में मिला, जिसने कहा कि उसके पिता इस दुनिया को छोड़कर जा चुके हैं। शुरु में वह गेट खोलने को राजी नहीं था, लेकिन काफी समझाने के बाद उसने दरवाजा खोल दिया। घर की पहली मंजिल पर एक खाली शराब की बोतल, कुछ खाना और एक फोन व बैटरी मिली। दूसरी मंजिल पर एक शख्स ओपन एरिया में अचेत पड़ा मिला। उनके सिर पर काफी चोट थी। उसकी मौत हो चुकी थी। मृतक की पहचान केहर सिंह के तौर पर हुई। उनके बेटे अरुण की बॉडी पर भी खून के धब्बे थे। अरुण उस समय शराब के नशे में धुत था। पुलिस ने मौके पर जांच के बाद लाश को पोस्टमार्टम के लिए जीटीबी हॉस्पिटल भिजवाया। घटनास्थल पर क्राइम और एफएसएल की टीम ने भी पहुंचकर निरीक्षण किया। हत्या का मुकदमा दर्ज कर अरुण से पूछताछ की गई। उसने बताया कि वह चार बहन और दो भाई है। सभी बहनें शादीशुदा हैं। जबकि बड़ा भाई राम बहादुर मौजपुर में रहता है। अरुण जीटीबी हॉस्पिटल में अस्थायी रुप से नर्सिंग अर्दली का काम करता था। राम बहादुर अपोलो हॉस्पिटल में फॉर्मेसी सुपरवाइजर है। शराब पीने के बाद आरोपी का अपने पिता से अक्सर झगड़ा होता था। क्योंकि आरोपी चाहता था कि सारी प्रॉपर्टी उसके नाम कर दी जाए। वहीं मृतक की मंशा थी कि वह ग्राउंड फ्लोर अपनी बेटियों और दूसरी मंजिल अपने बड़े बेटे के नाम कर दें।



■ बेटियों और बड़े बेटे को प्रॉपर्टी में देना चाहता था हिस्सा पिता

## हत्या के मामले में वांछित 24 साल बाद धरा

**नई दिल्ली।** क्राइम ब्रांच ने मर्डर केस में फरार चल रहे एक अपराधी को 24 साल बाद गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान पप्पू यादव (52) के तौर पर हुई। वह बिहार के नालंदा का रहने वाला है। पुलिस के मुताबिक चार फरवरी 2000 को चंदो यादव ने अपने भाई राम स्वरुप उर्फ मोदी यादव के लापता होने की पुलिस को जानकारी दी थी। राम स्वरूप को आखिरी बार मंटू यादव, विजय यादव व एक अन्य के साथ मटियाला में पप्पू यादव की फैक्ट्री में काम करते देखा गया था। पप्पू यादव ने बताया था कि राम स्वरूप ने कहीं और काम करने के लिए फैक्ट्री छोड़ दी थी। बाद में राम स्वरूप का क्षत-विक्षत शव पप्पू यादव की फैक्ट्री में प्लास्टिक की थैलियों से बरामद हुआ था। उत्तम नगर थाने में हत्या और सबूत मिटाने की धारा के तहत केस दर्ज किया गया था। इस केस में आरोपी मंटू यादव और विजय यादव को गिरफ्तार कर लिया गया, लेकिन पप्पू यादव और शौकिंद्र यादव फरार थे। हाल ही में केस में वांछित पप्पू यादव के बारे में पुलिस जानकारी मिली। इसके बाद उसे नालंदा में उसके गांव के पास खेतों से पकड़ा गया। आरोपी पप्पू यादव ने मगध विश्वविद्यालय से साइंस साइड से स्नातक किया है। 2000 में उसने मटियाला गांव में एक पॉलिथीन बनाने की फैक्ट्री लगाई थी। रामस्वरूप यादव और उनके बहनोई भी इसी फैक्ट्री में काम करते थे। उस दौरान पप्पू यादव और रामस्वरूप यादव के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। बाद में अपने भाई मोंटू यादव, विजय और शौकिंद्र उर्फ शक्की के साथ मिलकर रामस्वरूप की गला दबाकर हत्या कर दी गई थी।



## चांदनी चौकः दुकान में लगी आग, कोई जनहानि नहीं



एजेंसी ▶▶नई दिल्ली

उत्तरी दिल्ली के चांदनी चौक इलाके में बृहस्पतिवार को एक दुकान में भीषण आग लग गयी, लेकिन उसमें कोई जनहानि नहीं हुई है। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। डीएफएस प्रमुख अतुल गर्ग ने कहा कि शाम पांच बजे चांदनी चौक इलाके से आग लग जाने के बारे में एक कॉल आयी। चांदनी चौक में नयी सड़क क्षेत्र के मारवाड़ी कटरा में आग लग गयी थी। उन्होंने कहा कि शुरू में 14 दमकल गाड़ियां मौके पर भेजी गई थीं लेकिन बाद में 16 और दमकल गाड़ियां वहां भेजी गईं। गर्ग ने कहा कि हमारी टीम मौके पर लगी हुई हैं तथा आग की लपटों को बुझाने की कोशिश कर रही हैं। आग भीषण है तथा उसकी लपटों को पूरी तरह बुझाने में और वक्त लग सकता है। अबतक हमारे पास किसी जनहानि की सूचना नहीं है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक प्रवक्ता ने कहा कि आग मारवाड़ी कटरा बाजार में लगी जो अनिल बाजार तक फैल गई। पार्टी ने कहा कि बाजार के पीछे की एक इमारत आग एवं पानी के दबाव के कारण ढह गई।

# मोदी 3.0 : दिल्ली पुलिस उद्देश्यों के लिए '100 दिवसीय कार्ययोजना' तैयार कर रही

एजेंसी ▶▶नई दिल्ली

नवगठित केंद्र सरकार द्वारा सभी मंत्रालयों और विभागों को नरेन्द्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के लिए अगले 100 दिनों की कार्ययोजना को अंतिम रूप दिए जाने के निर्देश के बाद दिल्ली पुलिस भी '100 दिवसीय कार्ययोजना' तैयार करने की प्रक्रिया में है। सूत्रों के मुताबिक, दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा ने सभी इकाई प्रमुखों को 14 जून तक '100 दिवसीय कार्य योजना' प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। इस 'कार्ययोजना' को बाद में केंद्रीय गृह मंत्रालय को सौंपा जा सकता है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने नाम न जाहिर करने के अनुरोध पर बताया कि इकाइयों के प्रमुखों ने कई दौर की बातचीत और बैठकें कीं और अपनी योजनाएं तैयार की हैं, जिन्हें वे पुलिस मुख्यालय को सौंपेंगे। अधिकारी ने कहा कि तैयार की गई कार्ययोजना में तीन नए आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन को शामिल किया गया है। इसके साथ ही सीसीटीवी कैमरे लगाने, जांच में नई प्रौद्योगिकियों को शामिल करने, कुछ पुलिस चौकियों और पुलिस थानों के लिए नए भवनों का निर्माण और दिल्ली में महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए सुरक्षित शहर परियोजनाएं शुरू करने जैसी कई पहल शामिल हैं। सभी ईकाई प्रमुखों से पुलिस मुख्यालय ने तीन श्रेणियों के तहत योजना मांगी है। पत्र के अनुसार, दिल्ली पुलिस आयुक्त (सीपी) की मंजूरी से इसे जारी किया गया है। सूत्रों ने बताया कि पुलिस उप आयुक्तों (डीसीपी) और सहायक पुलिस आयुक्तों (एसीपी) ने भी अपनी योजनाएं संबंधित विभाग प्रमुखों को सौंप दी हैं।


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद सिरसा | नई अधिकृत कॉलोनी- (यूसी-एस-01), एम.सी. सिरसा में विभिन्न आईपीबी गलियों का निर्माण + 2 कार्य। | 11.06.2024 02.07.2024 | 3.42 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 9466676699 secymc.sirsa@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.-13/2025/40/26731/I/88/7 दि. 13.06.24


## पति-पत्नी साथ मिलकर करते थे झपटमारी, गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** एक साथ मिलकर झपटमारी की वारदात करने वाले पति पत्नी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनसे छीना गया मोबाइल और एक चोरी की स्कूटी बरामद हुआ है। दोनों का ही पुराना आपराधिक रिकॉर्ड है। आरोपियों के नाम खुरेजी खास निवासी मारुफ खान और शाहिदा उर्फ सोनी है। नौ जून को जगतपुरी थाने को एक झपटमारी की कॉल मिली थी। बताया गया कि मेन रोड़, चंदर नगर में सुबह करीब छह बजे स्कूटी सवार दो लोग उनका मोबाइल छीन ले गए हैं। पुलिस ने पीड़ित के बयान पर झपटमारी का मुकदमा दर्ज किया।

### चोरी की स्कूटी बरामद

जांच के दौरान घटनास्थल के आसपास लगे करीब दो दर्जन कैमरे चैक किए, जिसके बाद वारदात में इस्तेमाल की गई स्कूटी का नंबर सामने आया। यह स्कूटी शकरपुर इलाके से चोरी की मिली। फुटेज में नजर आए आरोपियों की तस्वीर लोगों को दिखायी गई जिसके बाद इनकी पहचान हो सकी। मारुफ पर 19 और शाहिदा पर दो केस दर्ज मिले हैं।

# वेलकमः आधी रात ताबड़तोड़ फायरिंग, चार लोग घायल

## हत्या की कोशिश का मुकदमा दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली

वेलकम इलाके में बुधवार देर रात ताबड़तोड़ फायरिंग की घटना में चार लोग घायल हो गए। इनमें दो बाइक सवार और दो फुटपाथ पर रहने वाले बुजुर्ग शामिल है। सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने हत्या की कोशिश का मुकदमा दर्ज किया है। अब फरार हमलावरों के बारे में जानकारी जुटायी जा रही है। घायलों में वसीम (33), आसिफ (30), शरीफ (70) व सुल्तान (70) शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक देर रात तीन बजकर दो मिनट पर वेलकम थाने को गोलीबारी की सूचना मिली। जांच की तो पता चला कि बाइक पर आए कुछ युवकों ने वसीम और आसिफ के ऊपर फायरिंग की थी। उस वक्त ये दोनों शैतान चौक के नजदीक से गुजर रहे थे। इस फायरिंग की घटना में पास ही फुटपाथ पर सो रहे दो बुजुर्ग भी घायल हो गए। करीब दो दर्जन राउंड फायरिंग की गई। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है। वारदात के पीछे का मकसद साफ नहीं हो सका है। पुलिस वसीम और आसिफ से भी पूछताछ कर रही है। घायल वसीम बुलंद मस्जिद शास्त्री पार्क एरिया का रहने वाला है। उसके पेट और बाएं हाथ में गोली लगी। वह शास्त्री पार्क थाने का घोषित अपराधी बताया गया है। उसके खिलाफ लूट, हत्या की कोशिश, रंगदारी समेत 17 केस दर्ज पाये गये हैं। आसिफ गली नंबर चार चौहान बांगर एरिया का रहने वाला है। इसके दाएं हाथ और सीने के ऊपर गोली लगी। वहीं घायल बुजुर्ग शरीफ और सुल्तान के दाएं हाथ में चोट आई है। पुलिस को जांच में पता चला कि इस वारदात को अंजाम देने के बाद पांच छह युवक मौके से फरार हो गए। घटना के समय उन्होंने करीब 25 से 30 राउंड फायरिंग की थी।




**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **बिट्टू, पुत्र:** श्री नागेन्द्र चौधरी, **पता:** गांव – मेहंदी, थाना – चौतरवा, जिला – पश्चिमी चंपारण, बिहार ने मुकदमा **FIR No. 403/23, U/s 363/376/328/506 IPC & 6 POCSO Act, थानाः नंद नगरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **बिट्टू** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **बिट्टू** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 403/23, U/s 363/376/328/506 IPC & 6 POCSO Act, थानाः नंद नगरी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **बिट्टू** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **22.07.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री मनीष मार्कन
एलडी. एएसजे–01 (विशेष न्यायाधीश पॉस्को)
कमरा नंबर 79, छठवां तल, कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/7291/NE/2024
(Court Matter)



**पहचान के लिए अपील**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि **एक अज्ञात व्यक्ति जिसका नामः अज्ञात, पुत्रः अज्ञात, पताः अज्ञात जोकि दिनांक 02.06.2024 को जग परवेश अस्पताल में मिला, जिसे उपचार के लिए बाद में जीटीबी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉ ने उसे मृत घोषित कर दिया।** इस सन्दर्भ में **DD No. 65 A, dated 02.06.2024** पुलिस थाना न्यू उस्मानपुर, दिल्ली में रिपोर्ट दर्ज है। नीचे अज्ञात मृत व्यक्ति की पहचान दी गई है:

**नामः अज्ञात, उम्रः 27 वर्ष, कदः 5'8", रंगः गेहुँआ, पहचानः हाथ पर एक टैटू "सिख लोगो" और गर्दन पर वही लोगो, बाएं हाथ्ज्ञ पर "साहसी" टैटू, पहनावाः काले रंग की टी–शर्ट और नीले रंग का लोवर।**

अगर किसी को इस मृत व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी मिले कृपया नीचे दिए गए नंबर पर संपर्क करें।

थाना प्रभारी
पुलिस थाना, न्यू उस्मानपुर, दिल्ली
फोनः 011-22175468, 8750870722

DP/7083/NE/2024


## नकली ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन बनाने वाले गैंग के दो दबोचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली

दुधारू पशुओं को दूध बढ़ाने के लिए नकली ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन तैयार करने वाले दो लोगों को क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार किया है। इनके नाम सोनिया विहार निवासी शिवम (19) और फिरोज (50) है। आरोपियों से ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन बनाने में इस्तेमाल होने वाला कच्चा माल, केमिकल और पैकिंग का सामान बरामद हुआ है। पुलिस के मुताबिक ऑक्सीटोसिन के इस्तेमाल की जानकारी मिलने पर झाड़ौदा में एक डेयरी पर छापेमारी की गई थी। सुरेन्द्र की डेयरी से पुलिस ने ऑक्सीटोसिन की चार बोतले बरामद की। पूछताछ में उसने बताया कि नौकर प्रदीप ऑक्सीटोसिन लाता था। जांच में सोनिया विहार के रहने वाले शिवम का नाम सामने आया, जो ऑक्सीटोसिन सप्लाई करता है। पुलिस ने शिवम को पकड़ ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन की बोतलें जब्त की। वह अपने घर पर इसे तैयार करता था। शिवम ने बताया कि उसे कच्चा माल फिरोज सप्लाई करता है। इस खुलासे के बाद पुलिस ने फिरोज को भी पकड़ लिया। अब पुलिस को इस केस में राकेश की तलाश है, जो ऑक्सीटोसिन बनाने के लिए कच्चा माल फिरोज को देता था। पुलिस का कहना है एक याचिकाकर्ता की शिकायत पर दिल्ली उच्च न्यायलय ने डेयरी में ऑक्सीटोसिन के इस्तेमाल की जांच के लिए कमिश्नर नियुक्त किया था। इसके बाद पुलिस, कोर्ट कमिश्नर व अन्य लोगों की टीम द्वारा यह कार्रवाई की गई।


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पंचायती राज महम, रोहतक | 12/02 पंचायत समिति की अनुशंसा पर गांव भैणी महाराजपुर, ब्लॉक महम में एससी (धानक) चौपाल की मरम्मत और पुनरोद्धार + 1 कार्य। | 10.06.2024 18.06.2024 | 28.32 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9215555586 sdoprmeham@gmail.com |
| 2 | लोनिवि भ व प हिसार | सेक्टर-3, फतेहाबाद में आबकारी एवं कराधान विभाग हेतु कार्यालय भवन का निर्माण। (ई.आई. आंतरिक का प्रावधान केवल)। | 11.06.2024 25.06.2024 | 58.30 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 3 | पंचायती राज फतेहाबाद | भिरदाना- गांव भिरदाना ब्लॉक फतेहाबाद जिला फतेहाबाद में मेन रोड से राजकीय विद्यालय तक आईपीबी फिरनी का निर्माण, एचजीवीवाई + 11 कार्य। | 10.06.2024 18.06.2024 | 472.31 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1667230855 prexeeng.ftb@hry.nic.in |
| 4 | जिला परिषद सोनीपत | गांव नंदनौर में उप स्वास्थ्य केन्द्र (एसएचसी) का निर्माण + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि 27.06.2024 | 122.26 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8813033555 prexeengzp.snp@gmail.com |
| 5 | पंचायती राज रोहतक | गांव रिटाल नरवाल और फौगाट में शिव धाम का निर्माण + 16 कार्य। | 11.06.2024 26.06.2024 | 261.28 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1262254150 prexeeng.roh@hry.nic.in |
| 6 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, झज्जर | आउटफॉल ड्रेन नं. 8 पर कि.मी. 23.878 पर वी.आर. ब्रिज (एमईटीएल के डिपॉजिट वर्क के तौर पर) + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि 18.06.2024 | 480 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416414544 xenjwsdnjjr@rediffmail.com |
| 7 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांव मिसरी, ब्लॉक बोंद कलां, जिला चरखी दादरी में उप स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण + 18 कार्य। | 11.06.2024 26.06.2024 | 1116.37 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9417527275 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 8 | पंचायती राज कथूरा, सोनीपत | गांव घड़वाल में ठोस कचरा प्रबंधन का निर्माण (जिला परिषद) + 13 कार्य। | 11.06.2024 21.06.2024 | 69.85 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416051838 jitendersingh838@gmail.com |
| 9 | पंचायती राज अम्बाला | एचजीवीवाई – गांव बादोला, ब्लॉक अम्बाला-1, जिला अम्बाला में प्रेम सिंह के खेत से गुरचरण सिंह के खेत (बादोला-बादोली रोड) तक ब्रिक पेव्ड रास्ता का निर्माण। | 11.06.2024 18.06.2024 | 21.74 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 10 | पंचायती राज अम्बाला | वीएएनजीवाई- गांव ओजलान में खेल ग्राउंड के अंदर हॉल का निर्माण और गांव मिर्जापुर, ब्लॉक अम्बाला-1 में शमशान घाट के निकट हॉल का निर्माण + 3 कार्य। | 11.06.2024 18.06.2024 | 75.34 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 11 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, बहादुरगढ़ | नहर के चलने और बाढ़ ऋतु के दौरान मैनपावर (बेलदार/कैनाल गार्ड) की आपूर्ति करने हेतु आउटसोर्सिंग एजेंसी की नियुक्ति। | बंद होने की तिथि 19.06.2024 | | https://etenders.hry.nic.in | 1276198418 wsdivisionbgarh@gmail.com |
| 12 | पंचायती राज नारनौल | ब्लॉक महेन्द्रगढ़ और सतनाली जिला महेन्द्रगढ़ में दस अदद गांवों विद्युत कार्य + 3 कार्य। | 11.06.2024 19.06.2024 | 275.46 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466112077 prexeeng.nrl@gmail.com |
| 13 | जिला परिषद फतेहबाद | पिलछियां (जैडपी)- गांव पिलछियां, ब्लॉक नागपुर, जिला फतेहबाद में लेबर रूम और आवास के बिना हैल्थ वैलनेस सेंटर/ उप स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण + 2 कार्य। | 07.06.2024 21.06.2024 | 156.75 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416728389 zpftb@hry.nic.in |
| 14 | पंचायती राज फरीदाबाद | गांव मोहना, ब्लॉक बल्लभगढ़, जिला फरीदाबाद में डानी के निकट जाट चौपाल का निर्माण (डी. प्लान) सामान्य + 1 कार्य। | 11.06.2024 17.06.2024 | 36.59 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0129-4313645 prexeeng.fbd@hry.nic.in |
| 15 | पंचायती राज करनाल | गांव राजगढ़, ब्लॉक नीलोखेड़ी, जिला करनाल में विक्रम सिंह एच/ओ से आंगनवाड़ी अथवा राजकीय विद्यालय तक आईएलपी ब्लॉक 80 मिमी फिरनी के निर्माण हेतु आकलन + 3 कार्य। | 11.06.2024 25.06.2024 | 116.16 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 16 | पंचायती राज रेवाड़ी | रेवाड़ी जिले में विभिन्न 35 गांवों में फिरनी पर 1215 अदद स्ट्रीट लाइट की आपूर्ति व स्थापना। | 10.06.2024 18.06.2024 | 231.97 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416421261 prexeeng.rwr@hry.nic.in |
| 17 | पंचायती राज अम्बाला | एसडब्ल्यूएम – गांव बारौली, डेरा, मीरपुर, पंजलासा, ब्लॉक नारायणगढ़, जिला अम्बाला में एसडब्ल्यूएम शैड का निर्माण। | 12.06.2024 21.06.2024 | 19.57 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 18 | पंचायती राज अम्बाला | एचजीवीवाई – गांव पातवी, ब्लॉक शहजादपुर, जिला अम्बाला में शमशान घाट में बैठने के शैड का निर्माण। | 12.06.2024 21.06.2024 | 5.02 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 19 | पंचायती राज अम्बाला | एचजीवीवाई – गांव तोबा (नग्गल) में शवदाह शैड का निर्माण और एससी एस/घाट की चारदिवारी का निर्माण और गांव पिलखानी, ब्लॉक साहा, जिला अम्बाला में एससी एस/घाट की चारदिवारी का निर्माण और शवदाह शैड बीसी एस/घाट का निर्माण + 1 कार्य। | 12.06.2024 21.06.2024 | 39.86 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 20 | पंचायती राज फरीदाबाद | गांव भुआपुर, ब्लॉक तिगांव, जिला फरीदाबाद में कब्रिस्तान की चारदिवारी का निर्माण। | 11.06.2024 17.06.2024 | 9.96 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0129-4313645 prexeeng.fbd@hry.nic.in |
| 21 | पंचायती राज सोनीपत | गांव पिनाना, ब्लॉक सोनीपत में आईपीबी सहित गली का निर्माण + 2 कार्य। | बंद होने की तिथि 18.06.2024 | 44.96 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9996001199 vijaypal2315@gmail.com |
| 22 | पंचायती राज कलायत, कैथल | गांव लाम्बा खेड़ी में कलायत रोड पर स्वागत द्वार का निर्माण + 5 कार्य। | 11.06.2024 17.06.2024 | 26.13 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9818649979 KALAYATSDOPR@GMAIL.COM |
| 23 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी सिरसा | कोटली और केशुपुरा :- एस/वैल से डब्ल्यू/डब्ल्यू तक 250 मिमी आई/डी डीआई आर/मैन बिछाना - 3200 मी., आकार 134'×134'×12' के 2 अदद एस/एस टैंक, 1 अदद एसडब्ल्यू और आकार 6'×4' के 1 अदद एसडब्ल्यू, आकार 29'×42' का 1 अदद आरसीसी एचएलटी, आकार 20'×30' के 4 अदद आरसीसी एफबी, आकार 25'×37' के 1 अदद आरसीसी सीडब्ल्यूटी, आकार 13'×40' के पी.सी., लोहे के गेट सहित चारदिवारी, एच/वर्क्स पी/लाइन, सीसी रोड व पथ, पी/डिस्टेंपरिंग और स्नोसेम, पी/एम, डी/पाइप लाइन और डब्ल्यू/डब्ल्यू कोटली पर एफएचटीसी का निर्माण और गांव कोटली, में बी/एस का निर्माण, गिदरांवाली रोड केशुपुरा, में बी/एस का निर्माण, ढाणी बाजीगर बस्ती केशुपुरा के निकट बी/एस का निर्माण + 1 कार्य। | 12.06.2024 27.06.2024 | 413.14 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1666221925 ee2sirsa@phedharyana.gov.in |
| 24 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, नारनौल | महेन्द्रगढ़ कैनाल जल सेवाएं मंडल, नारनौल के अधिकार-क्षेत्र में विभिन्न चैनल्स/कैनाल और डीआई/ एचडीपीई पाइप लाइन बूस्टिंग स्टेशन क्रमशः पर उनकी आवश्यकता के अनुरूप प्रचालन व रखरखाव हेतु अकुशल मैनपावर का प्रावधान। | 11.06.2024 20.06.2024 | | https://etenders.hry.nic.in | 01282-251214 xen-wsnrl.irr@gov.in |
| 25 | पंचायती राज फरीदाबाद | गांव लाधोली, ब्लॉक बल्लभगढ़, जिला फरीदाबाद में जलापूर्ति के निकट हॉल को पूरा करना वीएजीवाई + 5 कार्य। | 11.06.2024 17.06.2024 | 56.23 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0129-4313645 prexeeng.fbd@hry.nic.in |
| 26 | पंचायती राज झज्जर | 64.45- गांव काड़ोधा, ब्लॉक मातनहेल में ग्राम सचिवालय भवन का निर्माण + 2 कार्य। | 11.06.2024 18.06.2024 | 120.20 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416721433 prexeeng.jjr@hry.nic.in |
| 27 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, नारनौल | कि.मी. 0.000 से 2.306 तक कमानिया माइनर की आंतरिक सफाई + 5 कार्य। | बंद होने की तिथि 18.06.2024 | 9.29 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01282-251214 xen-wsnrl.irr@gov.in |
| 28 | पंचायती राज फरीदाबाद | फरीदाबाद जिले में 15 गांवों अरूवा, चांदपुर, खंडावली, अटाली, आलमपुर, बिजोपुर, समयपुर, खेड़ी गुजरान, भुआपुर, जुन्हेरा, मंझावाली, भासकोला, मंगेर, जीएम बाद, जवान में फिरनियों पर नये पीसीसी पोल्स की रचना और एलईडी लाइट्स की स्थापना, फिटिंग, परीक्षण और प्रचालन। | 12.06.2024 26.06.2024 | 82.20 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0129-4313645 prexeeng.fbd@hry.nic.in |
| 29 | लोनिवि भ व प गुरूग्राम | गांव छैनसा, ब्लॉक बल्लभगढ़, जिला फरीदाबाद में सामुदायिक केन्द्र परिसरों के चौक में आईपीबी और व्यायामशाला में चारदिवारी, कमरे का निर्माण, वीएजीवाई + 1 कार्य। | 12.06.2024 01.07.2024 | 77.66 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0129-4313645 prexeeng.fbd@hry.nic.in |
| 30 | पंचायती राज फरीदाबाद | गांव छैनसा, ब्लॉक बल्लभगढ़, जिला फरीदाबाद में सामुदायिक केन्द्र परिसरों के चौक में आईपीबी और व्यायामशाला में चारदिवारी, कमरे का निर्माण, वीएजीवाई + 1 कार्य। | 11.06.2024 17.06.2024 | 64.42 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0129-4313645 prexeeng.fbd@hry.nic.in |
| 31 | पंचायती राज मुंडलाना, सोनीपत | गांव गंगेसर, ब्लॉक मुंडलाना, जिला सोनीपत में धानक चौपाल में टिन शैड का निर्माण (स्कीम वीएएनजीवाई) 2023-24 + 6 कार्य। | बंद होने की तिथि 25.06.2024 | 63.55 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416050239 kram8175@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2025/620/26723/I/88/7 दि. 13.06.24

नई दिल्ली

शुक्रवार, 14 जून 2024

ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष,
अष्टमी वर्ष : 28, अंक : 64
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 44
न्यून. 33

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


10 जून से यह आदेश प्रभावी हो गया

## डोभाल तीसरी बार बने एनएसए मिश्रा भी बने रहेंगे प्रधान सचिव

डोभाल और मिश्रा का कार्यकाल प्रधानमंत्री मोदी के साथ ही पूरा होगा





एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नरेंद्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में अजित डोभाल को फिर से राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बनाया गया है। डोभाल तीसरी बार भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बनाए गए हैं। रिटायर्ड आईएएस अधिकारी पीके मिश्रा को प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव के रूप में फिर नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति प्रधानमंत्री के कार्यालय में की गई है।

### नियुक्ति की शर्तें और नियम अलग से अधिसूचित होंगे

दोनों की नियुक्ति की शर्तें और नियम अलग से अधिसूचित किए जाएंगे। मिश्रा 1972 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। वह पिछल एक दशक से पीएम मोदी के साथ बतौर प्रधान सचिव कार्यरत हैं। मिश्रा पीएमओ में नियुक्तियों और प्रशासनिक मामलों के कामकाज को देखेंगे।

आतंकवादियों ने पिछले चार दिनों में रियासी, कठुआ और डोडा जिलों में चार स्थानों पर हमले किए

# डीजीपी बोले- एक-एक आतंकी को ढूंढ ढूंढकर मारेंगे, सेना को भी दी खुली 'छूट'

## एक्शन में मोदी, बोले- आतंकवादियों को पूरी क्षमता से दें जवाब, शाह से भी की बात

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जम्मू में पिछले कुछ दिनों में एक के बाद एक आतंकवादी



हमले के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खुद मोर्चा संभाल लिया है। उन्होंने सुरक्षा एजेंसियों के साथ ही विभिन्न पक्षों से आतंकवादियों से पूरी क्षमता के साथ निपटने का स्पष्ट निर्देश दिया है। पीएम मोदी ने जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा स्थिति ▶▶ शेष पेज 8 पर

पीएम मोदी को सुरक्षा सलाहकार डोभाल व उपराज्यपाल सिन्हा ने भी ब्रीफ किया

जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा स्थिति को लेकर पीएम मोदी ने गुरुवार को समीक्षा बैठक की



### जम्मू संभाग में हाई अलर्ट

आतंकी हमलों के इनपुट मिलने के बाद जम्मू संभाग में हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया है। डोडा के घने जंगलों और ऊंचे वाले इलाकों में भी एसओजी की टीमें लगातार सर्च अभियान चला रही है। बुधवार शाम को इसी इलाके में आतंकियों ने हमला किया था। हमले में एसओजी का एक जवान घायल हो गया था। जम्मू संभाग में चप्पे-चप्पे पर सुरक्षाबलों ने तलाशी अभियान चलाया हुआ है।

### 'ब्लैक शीप' की खोज और पहचान के लिए भी ऑपरेशन

संदिग्ध आतंकियों के स्केच जारी हो रहे हैं। ऑपरेशन से जुड़े विश्वस्त सूत्रों का कहना है, 100 घंटे में 4 हमले, ये एक सोची साजिश है। पाकिस्तान से लगती अंतरराष्ट्रीय सीमा पर ताजा घुसपैठ की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। भले ही बॉर्डर पर सीजफायर लागू है, लेकिन इसके बावजूद पाकिस्तानी आतंकी संगठनों के सदस्य जम्मू कश्मीर में प्रवेश कर रहे हैं। जम्मू-कश्मीर प्रशासन में आतंकियों को हर तरह की मदद पहुंचाने वाली 'ब्लैक शीप' (काली भेड़) मौजूद हैं। इनके चलते पड़ोसी मुल्क के दहशतगर्द, सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाते हैं। 'ब्लैक शीप' की खोज और पहचान के लिए अलग से ऑपरेशन शुरू किया गया है।


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### आइसक्रीम में निकली इंसानी अंगुली



**मुंबई।** यम्मो कंपनी की आईसक्रीम में इंसानी अंगुली मिलने से हड़कंप मच गया है। मलाड के ब्रैंडन फेराओ ने बताया कि उसने यम्मो से ऑनलाइन इस आइसक्रीम को ऑर्डर किया था। उसने आधी से ज्यादा आइसक्रीम खा ली थी और तभी उसे लगा कि इसमें कुछ गड़बड़ है। उसने अपने मुंह से वो टुकड़ा निकाला पता चला कि ये किसी की अंगुली है।

### येदियुरप्पा पर पॉक्सो का मामला, वारंट जारी



**बेंगलुरु।** कर्नाटक के पूर्व सीएम बीएस येदियुरप्पा के खिलाफ पॉक्सो मामले में बेंगलुरु की एक अदालत ने गुरुवार को गैर-जमानती गिरफ्तारी वारंट जारी किया। उनके खिलाफ एक नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ करने के आरोप में एफआईआर दर्ज की गई थी। मामला 2 फरवरी का है।

सर्वोच्च न्यायालय के फैसले का मंत्रालय ने किया स्वागत, किया जाएगा क्रियान्वयन

# नीट-यूजी का पेपर न हुआ लीक, न ही इसमें हुआ कोई भ्रष्टाचार: धर्मेंद्र प्रधान

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय पात्रता एवं प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) को लेकर देश में मचे घमासान के बीच गुरुवार को केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने दो टूक अंदाज में कहा कि यह पेपर न तो लीक हुआ है और न ही इसमें किसी तरह का कोई भ्रष्टाचार हुआ है। कुछ लोगों द्वारा परीक्षा लीक होने का महज आरोप लगाया है। लेकिन उसका कोई प्रमाण नहीं दिया गया है।

इसके बावजूद कुछ लोग कहीं पर गड़बड़ी करने की कोशिश भी कर रहे होंगे। तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि मैं सर्वोच्च न्यायालय के आए फैसले का स्वागत करता हूं। जिसके बाद नीट-यूजी परीक्षा को लेकर बनी हुई शंका और संशय पूरी तरह से समाप्त हो गया है। मामले को केंद्र ने गंभीरता से लिया है और दोषियों को पारदर्शिता के साथ कड़ी सजा मिलेगी। परीक्षा में सुधार के किसी विषय पर भी सरकार विचार करेगी। यह जानकारी प्रधान ने 13 जून को केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय में अपना कार्यभार संभालने के बाद पत्रकारों से बातचीत में दी। यहां बता दें कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री का यह बयान इस पूरे मामले पर आए सर्वोच्च न्यायालय के फैसले के बाद दिया गया ▶▶ शेष पेज 8 पर

केंद्रीय शिक्षा मंत्री के रूप में गुरुवार को शिक्षा मंत्रालय में अपना कार्यभार संभालने के बाद पत्रकारों से बातचीत में बोले धर्मेंद्र प्रधान

### विवादित मुद्दे की तलाश में हताश विपक्ष

नीट प्रवेश परीक्षा को लेकर विपक्ष (कांग्रेस) की टीका-टिप्पणियों को केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि चुनाव में हार के बाद विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं बचा है और वह इधर-उधर से मुद्दे की तलाश में हैं। कभी वो इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के पीछे पड़े थे तो कभी



कुछ लोगों पर आरोप लगाया था। ऐसा करने से उन्हें लग रहा था कि सरकार के खिलाफ एक मुद्दा मिल जाएगा। लेकिन अब जब सर्वोच्च न्यायालय का निर्णय आ गया है। तो हर प्रकार की शंका का समाधान हो गया है। मंत्रालय द्वारा गठित की गई उच्च स्तरीय समिति की सिफारिशों का अवलोकन कर कोर्ट ने आदेश दे दिया है कि 1 हजार 563 बच्चों को पुनः परीक्षा देने का अवसर प्रदान किया जाए। इसके बाद कोई शंका नहीं बचती है। उन्होंने कहा, पेपर लीक को लेकर हमारे पास कोई जानकारी नहीं है। मैंने उस रिट पेटिशन का भी संज्ञान में लिया है। लेकिन उसमें भी किसी जगह पर लीक का कोई प्रमाण नहीं दिया गया है, सिर्फ आरोप हैं। इसके बावजूद कुछ चीजों को लेकर मीडिया में कोई बात आई है तो सरकार उस पर गंभीरता से विचार करेगी और आठ जुलाई को पूरी स्पष्टता के साथ इस मामले में कोर्ट में अपना पक्ष रखेगी।

### यूं दिए गए 1563 छात्रों को ग्रेस अंक

धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि राष्ट्रीय टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने सर्वोच्च न्यायालय द्वारा क्लैट की परीक्षा में इसी तरह का एक मामला सामने आने के बाद दिए गए फैसले को आधार मानते हुए नीट-यूजी की परीक्षा में भी 1500 से अधिक छात्रों को ग्रेस अंक देने का निर्णय लिया था। न्यायालय ने अपने एक पूर्व फैसले में कहा था कि इस तरह की किसी परीक्षा में अगर ऐसा कुछ होता है। तो पुनः परीक्षा ना कराते हुए प्रभावित छात्रों को औसत अंकों के साथ ग्रेस अंकों की व्यवस्था करते हुए मुआवजा दिया जाना चाहिए। एनटीए ने इसे लागू किया।

### परीक्षा में गलत प्रबंधन से हुई चूक

केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने कहा कि एनटीए एक सक्षम संस्था है। जो साल में जेईई, नीट और सीयूईटी जैसी तीन बेहद प्रतिष्ठित प्रवेश परीक्षाओं का आयोजन करती है। इनमें कुल करीब 50 लाख छात्र भाग लेते हैं। जिससे एनटीए की विश्वसनीयता बढ़ी है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष नीट-यूजी की प्रवेश परीक्षा 24 लाख छात्रों ने दी थी। इनमें से 13 लाख उत्तीर्ण हुए। परीक्षा के लिए देश में 4 हजार 500 और विदेश में भी कुछ केंद्र बनाए गए थे। 13 भाषाओं में परीक्षा हुई। लेकिन दुर्भाग्य से दो प्रश्न सेटों में से छह केंद्रों पर गलत सेट का प्रश्नपत्र आ गया। बाद में पता चला कि प्रश्न पत्र सही था।

### *सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में हो नीट मामले की जांच, संसद में बवाल काटने विपक्ष की तैयारी*

*नई दिल्ली (ब्यूरो)। नीत परीक्षा परिणाम पर हुए बवाल पर अब सियासी रंग चढ़ने लगा है। कांग्रेस पार्टी ने नीट परीक्षा में हुए घोटाले की जांच सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में कराने की मांग की है। मामले की जांच एनटीए से कराए जाने पर भी सवाल उठाए। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, नीट परीक्षा में केवल ग्रेस-मार्क्स की समस्या नहीं थी। इसमें धांधली, पेपर लीक और भ्रष्टाचार हुआ है। राज्यसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने केंद्र की मोदी सरकार को निशाने पर लेते हुए कहा, परीक्षा में बैठे 24 लाख छात्र-छात्राओं का भविष्य मोदी सरकार के कारनामों से दांव पर लग गया है। परीक्षा केंद्र और कोचिंग सेंटर का एक नेक्सस बन चुका है। जिसमें पैसे दो-पेपर लो का खेल खेला जा रहा है। मोदी सरकार एनटीए के कंधों पर अपनी कारगुजारियों का दारोमदार रखकर, अपनी जवाबदेही से पीछा नहीं छुड़ा सकती। कांग्रेस अध्यक्ष ने जोर देकर कहा, पूरे नीट घोटाले में कांग्रेस पार्टी सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में एक निष्पक्ष जांच की मांग करती है। जांच के बाद दोषियों को कड़ी-से कड़ी सजा दी जाए। लाखों छात्र-छात्राओं को मुआवजा देकर उनका साल बर्बाद होने से बचाया जाए। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले दस वर्षों में मोदी सरकार ने पेपर लीक और धांधली से करोड़ों युवाओं का भविष्य बर्बाद किया है।*

## कुवैत में अग्निकांड : ग्राउंड जीरो पर पहुंचे भारत के मंत्री कीर्तिवर्धन



### मृतकों की 'पहचान' के लिए डीएनए टेस्ट वहां से शवों को 'लाएगी' भारतीय वायुसेना

हादसे में कुछ शव बुरी तरह से जल गए हैं। उनकी पहचान नहीं हो पा रही है। वहीं, कई शव बिल्डिंग की सीढ़ियों पर भी मिले



विदेश राज्य मंत्री ने अस्पताल में घायलों से की मुलाकात | केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज भी कुवैत पहुंची

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कुवैत की इमारत में लगी आग में सबसे अधिक भारतीयों की मौत हुई। कुल 49 मृतकों में 42 भारतीय हैं। मृतकों के शवों की पहचान के लिए कुवैती अधिकारी डीएनए टेस्ट कर रहे हैं। इसके अलावा, भारतीय मृतकों के शव को लाने के लिए भारतीय वायुसेना तैयार है । अधिकारियों ने बताया कि वायुसेना का एक विमान इसके लिए तैयार है। भारतीय विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देशों पर कुवैत के दौरे पर हैं। इसके अलावा केरल सरकार ने कहा कि कुवैत में जिन केरल के लोगों का निधन हुआ है, उनके परिजनों को पांच लाख रुपए की आर्थिक मदद मुहैया कराई जाएगी। गुरुवार सुबह मुख्यमंत्री पिनाराई ▶▶ शेष पेज 8 पर

अग्निकांड में मरने वालों में केरल के 24 व तमिलनाडु के 5 लोग

### गैस लीक होने से लगी आग!

लेबर बिल्डिंग में आग क्यों लगी, इसका स्पष्ट करणों का पता नहीं चल पाया है। हालांकि, मामले की जांच जारी है। आशंका जताई गई है कि गैस लीक होने से यह हादसा हुआ। जानकारी ये भी है कि ग्रांउड फ्लोर पर करीब 2 दर्जन से अधिक गैस सिलेंडर रखे हुए थे। गृह मंत्री शेख फहद अल-यूसुफ ने बताया कि बिल्डिंग में कई लोग अवैध रूप से रह रहे थे। इसलिए आग लगने के समय भगदड़ भी मची। जिसमें कई लोगों को चोटें आईं। अफरा-तफरी के बीच कई लोग अंदर फंसे रह गए। धुएं में दम घुटने से उनकी जान चली गई।

### कुवैत की आबादी में 70% प्रवासी

कुवैत की कुल 48 लाख आबादी में सिर्फ 30% कुवैती और 70% प्रवासी हैं। अभी करीब 10 लाख भारतीय नागरिक वहां रह रहे हैं। धीरे-धीरे बड़ी संख्या में प्रवासियों को अपनी तरफ आकर्षित करते करते कुवैत एक प्रवासी-बहुल देश बन गया है। कुवैत सरकार ने लक्ष्य बनाया है कि आबादी में प्रवासियों की संख्या को 70% से कम कर के 30% पर लाना है।

## ओडिशा से महानदी विवाद नहीं सुलझा तो छग में भी होगा दिल्ली जैसा जल संकट, सियासत की 'काली छाया' क्या हटा पायेगी 'ट्रिपल इंजन' सरकार!

# ओडिशा में भी भाजपा की सरकार बनने से जगी छग की उम्मीदें

शिशिर सोनी ▶▶ नई दिल्ली

हरिभूमि लगातार

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली में पेयजल की समस्या दूर करने के लिए जल बंटवारे को लेकर हाथ खड़े कर दिए हैं। उन्होंने साफ कर दिया कि हिमाचल से कितना पानी दिल्ली आएगा ये तय करने का काम संबंधित विशेषज्ञ विभाग का है इस पर संवेदनशीलता के साथ निर्णय होना चाहिए। मतलब साफ है कि छत्तीसगढ़ और ओडिशा के बीच महानदी विवाद भी अगर महानदी ▶▶ शेष पेज 8 पर



### ट्रिब्युनल का हुआ था दौरा

जस्टिस एएम खानविलकर की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय ट्रिब्यूनल जिसमें जस्टिस रवि रंजन और जस्टिस इंदरमीत कौर कोचर संबंधित पक्षों की सुनवाई के लिए छत्तीसगढ़ की तरफ 18 से 22 अप्रैल 2023 को और 29 अप्रैल से 3 मई 2023 ओड़िशा की तरफ ग्राउंड जीरो पर जाकर स्थिति का मुआयना किया था।

### ये है विवाद

वर्ष 2016 में छत्तीसगढ़ सरकार से महानदी की धारा को कथित रूप से बैराज, बांध बनाकर रोकने और ओडिशा की तरफ पानी नहीं दिए जाने को लेकर विवाद गहराया था जिसकी शिकायत 19 नवंबर 2016 को ओडिशा सरकार से जलशक्ति मंत्रालय को की थी। विवाद निपटाने के लिए केंद्र ने ट्रिब्यूनल का गठन किया था। मगर, तब कोरोना के कारण मामला रुक गया था। रिपोर्ट नहीं दी जा सकी थी। गत 3 जून 2021 को दो साल के लिए ट्रिब्यूनल को सेवा विस्तार दिया ▶▶ शेष पेज 8 पर

## 10वीं-12वीं बोर्ड के परीक्षा केंद्रों पर छात्राओं को मिलेंगे फ्री सेनेटरी पैड

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने सभी राज्यों को जारी किए आदेश

केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षाओं के दौरान छात्राओं के स्वास्थ्य, सम्मान और अकादमिक सफलता को ध्यान में रखते हुए घोषणा की है कि उन्हें प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर निशुल्क सेनेटरी पैड मुहैया कराए जाएंगे। इसके लिए मंत्रालय के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के स्कूलों को निर्देश जारी कर दिए हैं। 13 जून को केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान द्वारा कार्यभार ग्रहण के बाद मंत्रालय की तरफ से इस अहम निर्णय की जानकारी दी गई है। इस पहल के पीछे परीक्षाओं के दौरान लड़कियों के मन में पैदा होने वाले डर को कम करना है। मंत्रालय ने बताया कि दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षाओं में लड़कियों के सामने सेनेटरी पैड जैसे उत्पादों और परीक्षा केंद्र में मासिक धर्म से जुड़ी साफ सफाई तक कम पहुंच की चुनौती बनी हुई है। जिसे मंत्रालय ने भी पहचाना है।

गुरुवार को इटली की आधिकारिक यात्रा पर रवाना होने से पहले दिया गया प्रधानमंत्री का बयान

# जी-7 में कृत्रिम मेधा, ऊर्जा और अफ्रीका जैसे मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करेगा भारत: पीएम मोदी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को इटली में आयोजित किए जा रहे जी-7 देशों के शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए रवाना हुए। भारत के प्रधानमंत्री के रूप में तीसरी बार शपथ लेने के बाद अपनी इस पहली विदेश यात्रा की शुरुआत करने से पहले उन्होंने एक बयान में कहा कि मैं 14 जून को जी-7 शिखर सम्मेलन के आउटरीच सत्र में भाग लेने के लिए इटली के अपूलिया की यात्रा करूंगा।

इसमें भारत कृत्रिम मेधा, ऊर्जा, अफ्रीका और भूमध्य सागर जैसे मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करेगा। भारत और इटली अपनी सामरिक भागीदारी, हिंद- प्रशांत क्षेत्र और भूमध्य सागर के इलाके में सहयोग को मजबूत बनाने को लेकर प्रतिबद्ध हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि जी-



7 के आउटरीच सम्मेलन से इतर मैं इसके अन्य भागीदार देशों के प्रमुखों के साथ भी बैठक करूंगा। यहां बता दें कि हाल ही में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार के तीसरी बार केंद्र की सत्ता पर काबिज होने के बाद प्रधानमंत्री की यह पहली विदेश यात्रा है। जिसमें वह यूरोपीय देश इटली के लिए रवाना हुए।

कहा, ग्रामीण बस्तियों को हर मौसम में सड़क से जोड़ने की दिशा में प्रयास किए जाने चाहिए

केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री ने विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक ली

# एक समय में 'बैंकों की पहुंच से वंचित' मानी जाने वाली महिलाएं हैं 'भविष्य की लखपति दीदी': चौहान

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि वह जल्द ही लखपति दीदी पहल को बढ़ावा देने के लिए राज्यों के ग्रामीण विकास मंत्रियों की साथ एक बैठक करेंगे और यदि कोई मुद्दा हैं, तो उन्हें हल करने के लिए मुख्यमंत्रियों के साथ चर्चा करेंगे।

उन्होंने मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ अपनी बैठकों को जारी रखा और विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। चौहान ने योजनाओं के लिए विभागीय कार्य योजना के सभी पहलुओं को समझते हुए स्वयं सहायता समूहों



को सशक्त करने के लिए मजबूत कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि तीन करोड़ लखपति दीदी का लक्ष्य उनके लिए एक सपने की तरह है और सभी से तीन वर्ष की समय सीमा से पहले लक्ष्य हासिल करने के लिए काम ▶▶ शेष पेज 8 पर

### गेहूं के बाजार भाव पर केंद्र सरकार सतर्क, जमाखोरों पर निगाह

#### गेहूं के आयात पर शुल्क संरचना में बदलाव का कोई प्रस्ताव नहीं है: खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** उपभोक्ता कार्य, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के तहत खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग गेहूं के बाजार मूल्य पर सक्रिय रूप से नजर रख रहा है। इसके अलावा, यह सुनिश्चित करने के लिए उपयुक्त कार्रवाई की जाएगी कि कोई जमाखोरी न हो सके और कीमत स्थिर रहे। भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) ने रबी मार्केटिंग सीजन (आरएमएस) 2024 के दौरान 11 जून, 2024 तक लगभग 266 एलएमटी गेहूं की खरीद की है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) और अन्य कल्याणकारी योजनाओं की आवश्यकता, जो लगभग 184 एलएमटी है, को पूरा करने के बाद, आवश्यकता पड़ने पर बाजार में हस्तक्षेप करने के लिए पर्याप्त गेहूं का भंडार उपलब्ध होगा। बफर स्टॉकिंग मानदंड वर्ष की प्रत्येक तिमाही के लिए अलग-अलग होते हैं।

### आम जन समस्याओं के समाधान शिविर में उपायुक्त कर रहे सुनवाई

# प्रार्थी महिला की समस्या के निवारण के लिए तुरंत लगाया निगम अधिकारियों को फोन

कविता निगम में ही अनुबंध पर सफाई कर्मचारी थी, जिन्होंने अपने वेतन संबंधी समस्या प्रस्तुत की। उपायुक्त ने उन्हें आश्वासन दिया कि उनकी समस्या का निवारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

जन समस्याओं के निवारण के लिए लगाये जा रहे समाधान शिविर में उपायुक्त विक्रम सिंह ने प्रार्थी महिला कविता की समस्या की गंभीरता से सुनवाई करते हुए आगे बढ़कर समाधान के लिए निगमाधिकारियों को खुद फोन कर निर्देश दिए।

कविता निगम में ही अनुबंध पर सफाई कर्मचारी थी, जिन्होंने अपने वेतन संबंधी समस्या प्रस्तुत की। उपायुक्त ने उन्हें आश्वासन दिया कि उनकी समस्या का निवारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा।

उपायुक्त विक्रम सिंह ने समाधान शिविर की शुरुआत के चौथे दिन सुबह 9 बजे से ही लोगों की समस्याओं की सुनवाई प्रारंभ की। उनके पास आने वाले हर व्यक्ति की सुनवाई उन्होंने गंभीरता से करते हुए मौके पर ही समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही निर्देश दिए। उन्होंने अतिरिक्त उपायुक्त आनंद शर्मा, डीसीपी जसलीन कौर, नगर निगम बल्लभगढ़ के संयुक्त आयुक्त करण आदि अधिकारियों को साथ लेकर समस्याओं की सुनवाई की।

उपायुक्त ने बताया कि वे रोजाना 11 से 1 बजे तक लोगों की समस्याओं की सुनवाई कर रहे थे। इसके अलावा वे कार्यालय छोडऩे से पहले सांयकाल 6 बजे तक भी हर व्यक्ति की सुनवाई करते आ रहे हैं। अब भी वे आम जनमानस के लिए 24 घंटे उपलब्ध रहेंगे।




**9 से 11 बजे तक नियमित तौर पर अधिकारी सुन रहे शिकायतें**

#### मौके पर समस्याओं के समाधान का पहला प्रयास

समाधान शिविर जिला स्तर पर लघु सचिवालय में तथा उपमंडल स्तर पर भी लगाए जा रहे हैं, जिनमें अधिकारी प्राथमिकता के आधार पर लोगों की समस्याओं की सुनवाई कर उनका निपटारा कर रहे हैं। पहला प्रयास किया जाता है कि मौके पर ही लोगों की समस्याओं का समाधान हो। यदि ऐसा संभव न हो तो समयबद्धता के साथ समाधान करवाया जाता है। इनमें पॉलिसी मैटर की शिकायतों में मुख्यालय का मार्गदर्शन लिया जाता है जबकि लागू किए जाने वाले मामलों का निपटारा जिला स्तर पर ही किया जाता है।


#### एक छत के नीचे समाधान

उपायुक्त विक्रम सिंह ने जानकारी दी कि समाधान शिविर के माध्यम से लोगों की विभिन्न प्रकार की शिकायतों का निवारण किया जा रहा है। इनमें मुख्य रूप से परिवार पहचान पत्र, प्रॉपर्टी आईडी, पेंशन, रजिस्ट्री, लोकल बॉडी का नो ड्यूज सर्टिफिकेट, म्यूनिसिपल कमेटी से नक्शा अनुमोदन, राशन कार्ड, अपराध की शिकायत, सार्वजनिक स्वास्थ्य, बिजली, सिंचाई आदि को शामिल किया गया है।

## खबर संक्षेप

### हीटवेव से शहर की सड़कें हुई सुनसान

**फरीदाबाद।** हीटवेव के चलते फरीदाबाद में अघोषित एमरतजेंसी जैसे हालात पैदा हो गए है।



फरीदाबाद में तापमान 45 तक जा पहुंचर गया है तथा हीटवेव के आगामी 18 जून तक और भी ज्यादा होने के आसार बने हुए है। उत्तर भारत के पठारी इलाकों में हीटवेव ने मई माह के प्रथम सप्ताह से ही तांडव करना शुरू कर दिया था जैसे-जैसे जून माह नजदीक आता गया। वैसे-वैसे ही हीटवेव और भी ज्यादा प्रचण्ड होती चली गई।

### विधायक ने की पानी की समस्या को लेकर बैठक



**फरीदाबाद।** एनआईटी के विधायक नीरज शर्मा ने फरीदाबाद महानगर विकास प्रधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ए. श्रीनिवासन से मुलाकात कर एनआईटी में आ रही पानी की समस्या को लेकर मीटिंग की। कहा कि प्रधिकरण को लगभग 200 एमएलडी पानी आ रही है लेकिन उसका समान वितरण न होने के कारण पानी कि किल्लत बढ़ती जा रही है। विधायक ने बताया कि पानी के समान वितरण को लेकर उनके द्वारा मुख्यमंत्री नायब सैनी से दूरभाष पर दो-दो बार बात की गई है उसके बावजूद कोई समाधान नही हो रहा है।


### निगम कर्मचारियों का जोरदार प्रदर्शन



**फरीदाबाद।** नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर नगर निगम कर्मचारियों ने संघ के जिला प्रधान दिलीप सिंह बोहत की अध्यक्षता में जोरदार प्रदर्शन किया। संघ के आह्वान पर 14 जून को प्रदर्शन कर निगम आयुक्त के माध्यम से शहरी स्थानीय निकाय मंत्री के नाम ज्ञापन देंगे। संघ, हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री ने कहा कि हरियाणा सरकार की वायदा खिलाफी के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन कर शुरुआत कर दी है।

### जमीन के चलते हुए झगड़े में फायरिंग

फरीदाबाद। जमीन विवाद को लेकर दो पक्ष प्रकाश कौर और अशोक थाना मुजेसर में आए थे।



जिनके ब्यान दर्ज कर तफ्तीश की जा रही थी। दोनों पक्षों को पुलिस ने फारिक कर दिया था। मामले में प्रकाश कौर पक्ष के साथ आरोपी अजीत भी थाना आया था। जो प्रकाश पक्ष को स्पॉट कर रहा था। जमीन के मामले को ही लेकर अजीत ने अपने साथियो के साथ मिलकर थाने से बाहर जाने के बाद डाबरी चौक सेक्टर-24 में अपनी फॉच्यूनर गाडी से अशोक की गाड़ी में टक्कर मारी।

### बचाओ-बचाओ चीख रहे थे, फायर ब्रिगेड पहुंची तो हो चुकी थी बहुत देर

# लोनी में भीषण अग्निकांड में 2 मासूम समेत 5 की दर्दनाक मौत के बाद क्षेत्र में छाया मातम

घर मे फोम बनाने का काम हो रहा था और शॉर्ट शर्किट के कारण यह आग लगी है। जिसमें दो मासूमों समेत पांच लोगों की जान ले ली।


हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

लोनी बॉर्डर इलाके में बेहटा हाजीपुर गांव में आग लगने से एक ही परिवार के 5 लोगों की मौत के बाद पूरे इलाके में मातम छाया हुआ है। बुधवार की देर रात हुए इस भीषण कांड की जांच फायर ब्रिगेड व पुलिस कर रही है। प्रारंभिक जांच में इस घर मे फोम बनाने का काम हो रहा था और शॉर्ट शर्किट के कारण यह आग लगी है। जिसमें दो मासूमों समेत पांच लोगों की जान ले ली। बताया जा रहा है कि इस दौरान आग में फंसे पांचों लोग बचाओ-बचाओ चिल्लाते रहे लेकिन कोई उन्हें बचा न सका। फायर ब्रिगेड जब तक मदद के लिए पहुंची तब तक बहुत देर हो चुकी थी।

**खास बातें**

- शॉर्ट सर्किट होने से घर में लगी भीषण आग
- आग ने तीनों मंजिल को अपनी चपेट में ले लिया
- तंग गलियों की वजह से फायर ब्रिगेड की गाड़ियों को मकान तक पहुंचने में मशक्कत करनी पड़ी

#### घर के अंदर किया जाता है फोम बनाने का काम



अतिरिक्त पुलिस आयुक्त पी दिनेश ने भी मौका मुआयना किया। उनके मुताबिक लोनी बॉर्डर इलाके में बेहटा हाजीपुर गांव में इश्तियाक अली अपने तीन मंजिला मकान में अपने परिवार के साथ रहता था। उसकी बहन अपने दो बच्चों को लेकर उसके घर आई हुई थी। घर के अंदर फोम बनाने का काम किया जाता है। बताया जा रहा है कि शॉर्ट सर्किट होने की वजह से घर में भीषण आग लग गई और देखते ही देखते आग ने तीनों मंजिल को अपनी चपेट में ले लिया था। और मकान में सभी लोग फंस गए। सूचना पर मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियों ने आग को बुझाने का प्रयास किया। मकान संकरी गलियों में होने की वजह से फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मकान तक नहीं पहुंच पा रही थी। देर रात तक किसी तरीके से दमकल विभाग की टीम ने आग पर काबू पाया और वहां पर पांच शव बुरी तरह झुलसी अवस्था मेमिले। जिनकी पहचान फरहीन (28), शीश (7 महीने), नजरा (30), सैफुर रहमान (35), इफरा (8) के रूप में हुई। फिलहाल पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौके पर जांच में जुटे हैं। जांच के बाद ही हादसे से जुड़ी चीजें साफ हो पाएंगी. इस हृदय विदारक घटना के बाद पूरी कालोनी में मातम छाया हुआ है। पुलिस ने पांचों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

#### सड़क किनारे खड़ी रेहड़ी में धमाके के बाद लगी आग

इधर कौशांबी में सड़क किनारे लगी रेहड़ी में गुरुवार दोपहर को अचानक धमाके के साथ सिलेंडर फटने से आग लग गई। इससे आसपास की दो रेहड़ी भी चपेट में आ गई। सूचना पर पहुंचे अग्निशमन कर्मियों ने आग पर काबू पाया। आग से कोई जनहानि नहीं हुई। मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। रेहड़ी आग की चपेट में आग गई। आग आसपास की दो और रेहड़ी में लग गई। सूचना पर वैशाली फायर स्टेशन से एक गाड़ी मौके पर पहुंची कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया।

### कार्यालय पर जताया विरोध प्रदर्शन

# पार्षद ने कार्यकर्ताओं संग अपने ही विधायक के खिलाफ खोला मोर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

नेहरू नगर स्थित भाजपा के महानगर कार्यालय पर गुरुवार को भाजपा की एक महिला पार्षद ने कुछ महिलाओं के साथ लोनी से विधायक नंदकिशोर गुर्जर के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। वार्ड 42 बम्हैटा से पार्षद परमोश यादव का कहना है कि कुछ लोगों द्वारा उनको ब्लैकमेल किया जा रहा है। अब पुलिस हमारे साथ दुर्दांत अपराधियों जैसा व्यवहार कर रही है। पुलिस हमारे घर में घुस कर हमें धमका रही है।

#### विधायक पर पार्षद पति के खिलाफ अपशब्द बोलने का आरोप

इसके खिलाफ उन्होंने पुलिस से शिकायत भी की है। लेकिन पुलिस ने ब्लैकमेल करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई नहीं की बल्कि उनका उत्पीड़न शुरू कर दिया गया। इस मामले में लोनी से भाजपा विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने महिला पार्षद के पति के खिलाफ अपशब्द बोला है, जिससे वह नाराज हैं। महिला पार्षद ने कहा कि हमने सपा को छोड़कर पूरा गांव 2014 के बाद से भाजपा को वोट कर रहा है ,अबकी बार लोकसभा चुनाव में भी अतुल गर्ग को पोलिंग का 90 फ्रीसदी वोट मिला है। उसके बाद भी पुलिस हमारे साथ अपराधियों जैसा व्यवहार कर रही है और विधायक नंदकिशोर गुर्जर खुलकर हमारे खिलाफ बयान बाजी कर रहा है मैं आखरी सांस तक अपनी न्याय की लड़ाई लड़ती रहूंगी चाहे मुझे किसी भी स्तर तक जाना पड़े। इस मौके पर सैकड़ों महिलाएं व पुरुष मौजूद रहे।



# तीन दिवसीय वालंटियर ट्रेनिंग का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन की तरफ से लाइफ स्किल एजुकेशन प्रोग्राम के तहत तीन दिवसीय वालंटियर ट्रेनिंग का सोहना ब्लॉक के अंतर्गत आयोजन किया गया। जिसमें 32 कम्युनिस्ट युथ लीडर को सबसे पहले सोहना ब्लॉक के अलग-अलग समुदायों से चुना गया, एवं उनका तीन दिन की ट्रेनिंग राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बादशाहपुर में दी गई ।इस ट्रेनिंग के दौरान उन्हें इस कार्यक्रम की संपूर्ण जानकारी के साथ-साथ बच्चों के होने वाले अधिकार की भी जानकारी प्रदान की गई ।किस तरीके से समुदाय में कार्य करना है उसके बारे में भी बताया गया । मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन की तरफ से इस ट्रेनिंग में आशा ,अरुद ,अंकित, गुंजन एवं शब्बीर उपस्थित रहे। मैजिक बस फाउंडेशन के मैनेजर दीपक विजयवर्गीय ने सभी कम्युनिटी युथ लीडर साथियों का धन्यवाद दिया एवं स्कूल प्रबंधन और जिला शिक्षा विभाग को भी धन्यवाद किया और यह आश्वासन दिलाया कि इस तरह की ट्रेनिंग भविष्य में भी युवाओं के साथ आयोजित की जाती रहेगी।

### एनसीआरटीसी का ऐलान

# 16 जून को सुबह 6 बजे से चलेगी नमो भारत ट्रेन



**यूपीएससी एग्जाम को लेकर नमो भारत ट्रेन अपनी समय में बदलाव**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

यूपीएससी एग्जाम को लेकर नमो भारत ट्रेन ने अपनी समय सारणी में बदलाव किया गया है। आधिकारिक बयान के मुताबिक, गाजियाबाद में नमो भारत ट्रेन 16 जून को सुबह छह बजे से रात 10 बजे तक चलेगी। यूपीएससी एग्जाम को देखते हुए एनसीआरटीसी ने यह फैसला लिया है।

नेशनल कैपिटल रीजनल ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन यानी एनसीआरटीसी ने फैसला लिया है कि सुबह आठ बजे के बजाए छह बजे से नमो भारत ट्रेन शुरू हो जाएगा। फिलहाल, नमो भारत ट्रेन गाजियाबाद के साहिबाबाद से मोदी नगर तक चलती है।

इस रूट पर कई सारे एजुकेशन सेंटर हैं। जहां पर एग्जाम होगा। ऐसे में उम्मीदवारों की सुविधा को देखते हुए यह फैसला लिया गया है। आगे कहा कि समान्य तौर पर नमो भारत की सर्विस सुबह आठ बजे से रात 10 बजे तक होती है। लेकिन आने वाले रविवाद को नमो भारत ट्रेन की सेवा सुबह छह बजे से यात्रियों को मिलेगी और रात 10 बजे तक सफर कर सकते हैं।

### कहीं भी जलभराव की स्थिति न हो उत्पन्न

# अवैध रूप से न हो जल का दोहन सीमाओं पर करें टैंकरों की चेकिंग




हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

सफाई व्यवस्था व जलापूर्ति को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से उपायुक्त विक्रम सिंह व नगर निगम की आयुक्त मोना ए. श्रीनिवास ने अधिकारियों के साथ मंथन किया। उन्होंने निर्देश दिए कि कहीं भी कूड़ा और जलभराव नहीं होने चाहिए। नागरिकों को साफ-सुथरा वातावरण मिलना चाहिए। सफाई व्यवस्था के साथ जलापूर्ति व जलभराव की स्थिति की समीक्षा के लिए लघु सचिवालय में एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता उपायुक्त विक्रम सिंह कर रहे थे। उन्होंने कूड़ा उठाने के उचित बंदोबस्त करने के निर्देश दिए।

#### होटलों, स्विमिंग पुलों आदि बड़े संस्थानों की भी करें जांच

उपायुक्त ने जलापूर्ति को सुदृढ़ करने के लिए जल के अवैध दोहन की रोकथाम पर बल दिया। उन्होंने पुलिस को निर्देश दिए कि वे सीमाओं पर पानी के टैंकरों की जांच करें। टैंकरों में पानी भरकर यहां से दिल्ली न लेकर जाए। होटलों, स्विमिंग पुलों आदि बड़े संस्थानों की भी जांच करें। कहीं भी अवैध रूप से जल का दोहन न होने पाये। इसके लिए संयुक्त टीम का गठन कर जांच कार्रवाई करें। नगर निगम की आयुक्त मोना ए श्रीनिवास ने कहा कि नगर में सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। इसमें जन सहयोग अपेक्षित रहेगा। उन्होंने आह्वान किया कि सफाई व्यवस्था को अभियान के रूप में चलाया जाए।

### बिहार के पूर्व मंत्री ने अपनी पत्नी के नाम खरीदी दो हजार गज से अधिक जमीन

# मारुति उद्योग के नजदीक जमीन को केयर टेकर ने धोखाधड़ी कर बेच दी, 4 के खिलाफ केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

बिहार के पूर्व मंत्री ने अपनी पत्नी के नाम से आठ साल पहले गुरुग्राम में खरीदी गई जमीन को विक्रेता द्वारा धोखाधड़ी कर बेचने का मामला सामने आया है। पूर्व मंत्री ने अपनी पत्नी के नाम से वर्ष 2016 में 2160 वर्ग गज जमीन मारुति उद्योग के नजदीक खरीदी थी, जिसके लिए चेक से तीन करोड़ 29 लाख रुपए भी दे दिए थे। लेकिन आरोपियों ने अब यह जमीन धोखाधड़ी कर किसी अन्य को बेच दी। इस संबंध में पूर्व मंत्री रविंद्र चरण यादव की पत्नी प्रमिला कुमारी ने आर्थिक अपराध शाखा गुरुग्राम में शिकायत दी थी, जिस पर इस संबंध में चार आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

#### 2016 में 3 करोड़ 29 लाख में खरीदी थी

प्रमिला यादव ने बताया कि उन्होंने यह जमीन लोकेश सैनी से अप्रैल 2016 में खरीदी थी। प्रमिला ने बताया कि 40 साल के राजनीतिक जीवन में उनके पति के खिलाफ अपराधिक केस नहीं है। उन्होंने दिल्ली-जयपुर हाइवे गुरुग्राम में मारुति गेट नंबर एक के पास सदगुरु कॉम्पलेक्स की जमीन लोकेश सैनी से 2160 वर्ग गज जमीन 3 करोड़ 29 लाख रुपए में खरीदी थी। एयरफोर्स डिपो के नजदीक होने के कारण इस जमीन की रजिस्ट्री नहीं हो सकती थी, ऐसे में जीपीए कराई गई थी। इस मामले में आरोपी लोकेश सैनी को ही प्रमिला ने केयर टेकर बना दिया था। इस जमीन पर वर्ष 2023 में पांच मंजिला भवन तैयार कराया, जिसके लिए केयर टेकर बनाए गए लोकेश सैनी को पूरा पैसा दिया गया। इससे पहले लोकेश सैनी पर आयकर विभाग की छापेमारी हुई तो उन्होंने सभी कागजात दिखाकर इस जमीन के बारे में बेची हुई दर्शाया था। ईडी व इंकम टैक्स की संयुक्त छापेमारी के कारण लोकेश सैनी व उसके परिवार की जमीन को अटैच कर दिया गया था।




### को-एड कॉलेज शहीद भगत सिंह के नाम से जाना जाएगा

# 90 करोड़ रुपए की लागत से बल्लभगढ़ विधान सभा क्षेत्र में एक और कॉलेज की मिली सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

हरियाणा के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र को शिक्षा के लिए एक और बड़ी सौगात मिली है। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि को-एड कालेज शहीद भगत सिंह के नाम से जाना जाएगा। महाविद्यालय की भव्य आधुनिक तकनीकी और सुविधाओं से युक्त राजकीय को-एड कॉलेज की नई इमारत बल्लभगढ़ सेक्टर-23 में बनाई जाएगी। नई इमारत बनने तक राजकीय कॉलेज खेड़ी गुजरान में कक्षाएं लगाई जाएंगी। शर्मा ने कहा कि इससे पहले बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र के सेक्टर-2 में महिला कॉलेज का निर्माण करवा चुके हैं। जहां करीब 1800 बेटियां शिक्षा ले रही हैं।

#### साढ़े 5 एकड़ में भव्य कॉलेज बनाया जाएगा



उन्होंने कहा कि बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र के सेक्टर-23 में करीब साढ़े 5 एकड़ में भव्य कॉलेज बनाया जाएगा। को. एड कॉलेज बनाने के लिए सरकार जमीन सहित करीब 90 करोड़ रुपए की धनराशि खर्च की जाएगी। वहीं यह कालेज भी आधुनिक सुविधाओं से युक्त होगा। इस कॉलेज के बनने पर सैकड़ों कॉलोनी सहित ग्रामीण इलाके के युवाओं को शिक्षा का लाभ मिलेगा। यह कॉलेज शहर की मुख्य लोकेशन पर बनेगा। कहा कि पूर्व की सरकारों में शिक्षा के क्षेत्र में विकास कार्य नहीं किए गए थे। भाजपा राज से भी पहले बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र यहां से मंत्री और विधायक लेकिन विकास के मामले में हमेशा बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र पिछड़ रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार जताया।

## किसी भी पाइप लाइन में लीकेज मिले तो उसे तुरंत ठीक करवाया जाए, अधिकारी रोजाना सौंपें निरीक्षण की विस्तृत रिपोर्ट

# जल मंत्री का अधिकारियों को निर्देश : पानी की सभी मुख्य पाइप लाइनों की लगातार हो मॉनिटरिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली में जल संकट के बीच जल मंत्री आतिशी ने गुरुवार को राजस्व विभाग और जलबोर्ड के उच्चाधिकारियों के साथ अक्षरधाम स्थित, सोनिया विहार वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से दक्षिणी दिल्ली तक पानी पहुंचाने वाले मुख्य पाइप लाइन नेटवर्क का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जल मंत्री आतिशी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहर भर में पेट्रोलिंग बढ़ाई जाए और यदि कहीं भी मुख्य पाइपलाइन में कोई लीकेज मिलती है तो उसे तुरंत दूर किया जाए। आतिशी ने कहा कि दिल्ली सरकार दिल्ली में एडीएम और एसडीएम की टीमों द्वारा पेट्रोलिंग के जरिए सुनिश्चित कर रहे है कि मुख्य पाइपलाइनों से लीकेज के कारण एक बूंद पानी भी बर्बाद न हो। उन्होंने कहा कि जल संकट के दौरान दिल्ली को कम पानी मिल रहा है, जिससे वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का उत्पादन घट गया है, ऐसे में पानी की बर्बादी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

जलमंत्री आतिशी ने कहा कि पिछले कई दिनों से दिल्ली में हीटवेव चल रही है। लेकिन हरियाणा से पर्याप्त मात्रा में पानी न मिलने से दिल्ली में पानी के मौजूदा उत्पादन में कमी आई है। दिल्ली में वर्तमान में 1000 एमजीडी की तुलना में 40-45 एमजीडी पानी का कम उत्पादन हो रहा है।उन्होंने कहा कि पानी की कमी से दिल्ली वाले परेशान है। इस परिस्थिति में यह सुनिश्चित करना जरूरी हो जाता है कि, कही भी एक बूँद पानी भी बर्बाद न हो।

**खास बातें**

- हरियाणा से कम पानी मिलने से दिल्ली के वाटर ट्रीटमेंट प्लांटों में पानी का 40-45 एमजीडी उत्पादन कम हो रहा है : आतिशी



### हम सुनिश्चित कर रहे हैं लीकेज से एक बूंद पानी भी बर्बाद न हो

जल मंत्री ने कहा कि हम सुनिश्चित कर रहे हैं कि पानी की कमी के इस दौर में पाइपलाइन लीकेज से एक बूंद पानी भी बर्बाद न हो। उन्होंने कहा कि साथ ही हम इस बारे में भी प्रयासरत है कि, हरियाणा और हिमाचल से हमें अतिरिक्त पानी मिले क्योंकि अभी की परिस्थिति में दिल्ली को पर्याप्त पानी नहीं मिल रहा है, जिसका असर हमारे वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट्स के उत्पादन पर पड़ा है। ऐसे में ये बेहद जरूरी है कि जितना पानी मौजूद है उसका एक बूंद भी बर्बाद न हो।

### एडीएम-एसडीएम स्तर के अधिकारी कर रहे हैं पाइप लाइन की निगरानी

दिल्ली सरकार ने शहर में पाइपलाइन लीकेज से पानी की बर्बादी को रोकने के लिए सभी एडीएम-एसडीएम स्तर के अधिकारी पानी की पाइपलाइन की मॉनिटरिंग पर लगाया है। मेन वाटर डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क की मॉनिटरिंग के लिए ये स्पेशल टीमें मुख्य जलस्रोत से वाटर ट्रीटमेंट प्लांट और वहां से प्राथमिक यूजीआर तक मेन वाटर डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क की मॉनिटरिंग करेंगी। इस दौरान प्रमुख पाइपलाइनों में कोई भी लीकेज मिलती है तो उसे 12 घंटे के भीतर ठीक किया जाएगा और अधिकारी दैनिक रूप से इसकी रिपोर्ट जल मंत्री को सौंपेंगे।



### नहीं मिल रही जल संकट से राहत, जे जे कालोनियों से लेकर पॉश एरिया तक पानी को तरसे लोग

नई दिल्ली। दिल्ली वालों को आसमान से बरस रही आग वाली गर्मी में कोर्ट, पुलिस, हरियाणा और हिमाचल राज्यों के हस्तक्षेप के बावजूद पीने का पानी नहीं मिल पा रहा है। हालात यह है कि दिल्ली के पॉश एरिया से लेकर जे जे कालोनियों तक में पीने के पानी की भारी किल्लत बनी हुई है। पॉश एरिया में गिने जाने वाले चाणक्यपुरी, साकेत सहित गीता कॉलोनी, लक्ष्मी नगर, आदर्श नगर, अशोक विहार, मुखर्जी नगर में भी लोगों को पीने का पानी नहीं मिल पा रहा है। वहीं जे जे व अनधिकृत कालोनियों में शमिल जहांगीरपुरी, मंगोलपुरी, सुल्तानपुरी, नंदनगरी, खिचड़ीपुर, त्रिलोकपुरी, मादीपुर, खानपुर, देवली, संगम विहार, बुराड़ी, संत नगर, नरेला, कादीपुर, किरारी, सुलेमान नगर, उत्तम नगर, नवादा, गोयला डेयरी आदि क्षेत्रों में लोगों को पीने के पानी की भारी किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। टैंकर के आते ही छोटे बड़े, बच्चे व बुजुर्ग हाथों में बर्तन लेकर भागते नजर आते है। लोगों में एक दूसरे से आगे निकलकर पानी भरने की होड़ रहती है। ऐसे में कई बार आपस में लोग लड़ने झगड़ने लगते है।

### कांग्रेस ने सीवी आयुक्त को पत्र लिख की 17,575 करोड़ रुपये के जल बोर्ड घोटाले की जांच की मांग

नई दिल्ली। जल संकट पर आम आदमी पार्टी की केजरीवाल सरकार अभी तक भाजपा के विरोध का ही सामना कर रही थी। लेकिन अब लोकसभा चुनावों में सहयोगी रही कांग्रेस ने भी केजरीवाल सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने केंद्रीय सतर्कता आयुक्त को पत्र लिखकर दिल्ली जल बोर्ड में 17 हजार 575 करोड़ रुपये के घोटाले की गहन जांच की मांग की है। यादव ने मांग की कि जल रिसाव व चोरी से पानी की 58.28 प्रतिशत की बर्बादी से हो रहे राजस्व के भारी नुकसान की जांच होनी चाहिए। उन्होंने गत 3 वर्षों में जल रिसाव की 16.28 प्रतिशत की बढ़ोतरी पर गहरी चिंता जताई जो 2019-20 में 42 प्रतिशत से बढ़कर 2022-23 तक 58.28 प्रतिशत हो गया है। उन्होंने कहा कि मीटरिंग और लीकेज प्रबंधन के लिए लगभग 30 करोड़ रुपये के वार्षिक आवंटन के बाद पानी लीकेज का बढ़ना डीजेबी की कार्यशैली पर गंभीर प्रश्नचिन्ह लगाता है। यादव ने कहा कि राजधानी में 1150 एमजीडी की मांग के चलते केजरीवाल सरकार केवल 995 एमजीडी तक ही पानी शोधन कर पाती है।



### मुनक नहर पर दिल्ली पुलिस की गश्त

एजेंसी, नई दिल्ली। दिल्ली में जल संकट गहराने के बाद पुलिस ने बृहस्पतिवार को मुनक नहर क्षेत्र में टैंकर माफिया की गतिविधियां रोकने के लिए गश्त शुरू की एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि पुलिस दल ने चौकियां स्थापित की हैं और राष्ट्रीय राजधानी को पानी की आपूर्ति करने वाली नहर के, हरियाणा की सीमाओं पर 15 किलोमीटर के हिस्से पर गश्त शुरू कर दी है। यह नहर बवाना से दिल्ली में प्रवेश करती है और हैदरपुर शोधन संयंत्र तक पहुंचती है। बवाना, नरेला औद्योगिक क्षेत्र, शाहबाद डेयरी और समयपुर बादली पुलिस थानों के दलों को मुनक नहर और उसके आस-पास के इलाकों में गश्त का काम सौंपा गया है। अधिकारी ने कहा कि पुलिस कर्मियों को किसी को भी नहर से टैंकर में पानी लेने से रोकने के लिए कहा गया है। उपराज्यपाल वी के सक्सेना ने बुधवार को दिल्ली पुलिस प्रमुख को पानी की चोरी रोकने के लिए मुनक नहर पर कड़ी निगरानी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया था और एक सप्ताह के भीतर कार्रवाई संबंधी रिपोर्ट मांगी थी। इस बीच दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने दिल्ली जल बोर्ड और राजस्व विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ दक्षिणी दिल्ली मेन्स पाइपलाइन नेटवर्क का निरीक्षण किया।

### दिल्ली कांग्रेस करेगी जल संकट पर विरोध प्रदर्शन सभी 280 ब्लाक कमेटियां उतरेगी मैदान में

नई दिल्ली। जल संकट पर बुरी तरह घिरी हुई दिल्ली की केजरीवाल सरकार की मुसीबत अब और ज्यादा बढ़ने वाली है। क्योंकि लोकसभा चुनावों में सहयोगी रही कांग्रेस ने भी अब मोर्चा खोलते हुए केजरीवाल सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करने का ऐलान कर दिया है। प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने घोषणा की है कि दिल्ली में जल संकट के लिए जिम्मेदार केजरीवाल सरकार के खिलाफ कांग्रेस सड़क पर उतरेगी। उन्होंने कहा कि सभी 280 ब्लाक कमेटियों के कार्यकर्ता अपने अपने क्षेत्रों में मिलकर जल संकट के विरोध में प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा और आम आदमी पार्टी की आपसी तनातनी और प्रशासनिक विफलता के कारण ही दिल्ली की जनता जल संकट से बुरी तरह त्रस्त है। यादव ने कहा कि सभी ब्लॉक अध्यक्ष अपने-अपने ब्लाक में भीषण गर्मी में भारी जल संकट के लिए जिम्मेदार भाजपा और आम आदमी पार्टी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करेगें।

### जेल से जल मंत्री आतिशी को सीएम का निर्देश : दिल्ली में पानी की मौजूदा समस्या का तुरंत समाधान करें

नई दिल्ली। दिल्ली की जल मंत्री आतिशी और आप नेता राघव चड्ढा ने गुरुवार को तिहाड़ जेल में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मंत्री आतिशी से दिल्ली में बिजली और पानी की स्थिति पर रिपोर्ट ली और शहर में पानी की मौजूदा समस्या के तुरंत समाधान करने के निर्देश दिए। साथ ही विधायकों के लिए निर्देश दिए कि सभी विधायक ग्राउंड पर लोगों के बीच जाये और लोगों के पानी की समस्या को दूर करने का काम करें। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से हुए मुलाकात को साझा करते हुए मंत्री आतिशी ने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल केंद्र सरकार द्वारा झूठे केस में फंसा कर तिहाड़ जेल में बंद किया गया है। लेकिन अरविंद केजरीवाल को खुद से ज्यादा दिल्लीवालों की फिक्र है। उन्होंने कहा कि आज भी मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जी ने सबसे पहले दिल्ली में बिजली और पानी के स्थिति की रिपोर्ट ली। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें खबरों के माध्यम से पता चला है कि दिल्ली में पानी की समस्या चल रही है और लोग परेशान है। आतिशी ने कहा कि इस बाबत मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मुझे निर्देश दिए है कि दिल्ली की पानी की कमी को दूर करने के लिए जो-जो कदम उठाने की ज़रूरत है वो जल्द से जल्द उठाए जाए। मंत्री आतिशी ने साझा करते हुए कहा कि जेल से मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सभी विधायकों के लिए निर्देश दिए है कि सभी विधायक ग्राउंड पर जाए लोगों के बीच रहे और लोगों के पानी की समस्या को दूर करने का काम करें। आतिशी ने कहा कि मुख्यमंत्री को खुद की चिंता नहीं है बल्कि दिल्ली के लोगों की, उनके काम के लिए चिंता है। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल चाहे जेल के अंदर हो या जेल के बाहर हो वो दिल्ली के लोगों के बारे में उनकी समस्याओं कि समाधान के लिए और दिल्ली के लोगों की बेहतरी के लिए सोचते हैं।

# आप सरकार ने दिल्ली में पानी के संकट और टैंकर माफिया को दिया बढ़ावा : बांसुरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली




- दस वर्ष पहले 600 करोड़ का लाभ देने वाला दिल्ली जल बोर्ड आज 73000 करोड़ के घाटे में कैसे, जवाब दे केजरीवाल सरकार
- सुप्रीम कोर्ट की फटकार के बाद आतिशी एवं पूरी केजरीवाल सरकार की ओछी राजनीति की पोल खुल गई

दिल्ली के कई इलाके जल संकट कटौती की स्थिति से जूझ रहे हैं और दिल्लीवासियो को हो रही समस्या के बीच गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट द्वारा आम आदमी पार्टी (आप) की दिल्ली सरकार को फटकार लगाने के बाद दिल्ली प्रदेश भाजपा की मंत्री एवं नवनिर्वाचित सांसद बांसुरी स्वराज ने कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार ने ने दिल्ली में पानी के संकट और टैंकर माफिया को बढ़ावा दिया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में जल की कमी का कोई संकट नही है, असल में दिल्ली में एक ओर जल वितरण के लिए समर एक्शन प्लान का अभाव है और दूसरी ओर सरकार जल लीकेज से होने वाली बर्बादी को रोकने में असमर्थ रही है। बांसुरी ने प्रैसवार्ता में कहा कि दिल्ली को सभी स्त्रोत्रों से एग्रीमेंट अनुसार पूरी पानी मिल रहा है और यदि किसी भी कारण से सरकार को दिल्ली के लिए अतिरिक्त पानी चाहिए तो उसे या आपसी बातचीत से पड़ोसी राज्यों से लेना होगा या फिर यमुना नदी बोर्ड से मांगना होगा। यी खेदपूर्ण है कि दिल्ली की जल चोरी एवं बर्बादी रोकने में असफल केजरीवाल सरकार ने खुद की गलतियों से उत्पन्न समस्या को पानी की कमी का संकट बता कर पड़ोसी राज्यों पर डालने का प्रयास किया और मामले को सुप्रीम कोर्ट के समक्ष भी ले गई। दिल्ली की जल मंत्री आतिशी एक ओर लगातार कहती रहीं कि हिमाचल प्रदेश हमें अतिरिक्त जल देना चाहता है और दूसरी ओर हरियाणा पर पूरा जल का देने का आरोप लगाती रहीं। बांसुरी ने बताया कि गुरुवार को केजरीवाल सरकार और उसकी मंत्री आतिशी की पोल पूरी तरह खुल गई जब सुप्रीम कोर्ट में हिमाचल प्रदेश सरकार ने कहा कि हमारे पास कोई अतिरिक्त जल नहीं वहीं हरियाणा ने भी कोर्ट को संतुष्ट किया कि वह पूरा जल दिल्ली को दे रहा है। हिमाचल प्रदेश एवं हरियाणा राज्यों के तर्क सुनने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल सरकार को फटकार लगाई की आखिर क्यों वह 2019 से साल दर साल हर गर्मी में सुप्रीम कोर्ट आती है जबकि जल आवंटन समस्या का समाधान पड़ोसी राज्यों से बातचीत अथवा यमुना नदी बोर्ड से बात करने से ही निकल सकता है। सुप्रीम कोर्ट का यह कहना कि अगर दिल्ली सरकार टैंकर चोरी नहीं रोक सकती तो हम इसे दिल्ली पुलिस को सौंप देते हैं केजरीवाल सरकार पर तमाचा है। कोर्ट ने तुरंत यमुना नदी बोर्ड जाने के निर्देश के साथ दिल्ली सरकार की याचिका का निबटारा कर दिया। बांसुरी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट की फटकार के बाद आतिशी एवं पूरी केजरीवाल सरकार की ओछी राजनीति की पोल खुल गई है।

### मुनक नहर से दिल्ली आ रहे पानी के ट्रांसमिशन लॉस में आई 25 फीसदी की कमी : आतिशी

- दिल्ली सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में एफिडेविट दाखिल कर दिल्ली में पानी की बर्बादी को रोकने और पानी का उत्पादन बढ़ाने के लिए उठाए गए कदमों की दी जानकारी

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार के अथक प्रयासों की बदौलत दिल्ली में मुनक नहर के जरिए आने वाले पानी का ट्रांसमिशन लॉस 25 फीसद तक की कमी आई है, साथ ही 35 सौ किलोमीटर पाइप लाइन बदलने और 73 सौ किलोमीटर नई पाइप लाइन डालने से लीकेज अंतरराष्ट्रीय मानक से भी कम हो गया है। इस बात की जानकारी दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने गुरुवार को प्रैसवार्ता में दी है। प्रैसवार्ता में आतिशी ने कहा कि सरकार ने मुनक नहर के ट्रांसमिशन लॉस रोकने के लिए 500 करोड़ रुपए खर्च किया है और इससे पानी की बर्बादी 30 से घटकर 5 फीसद पर आ गई है। पिछले 9 सालों में लीकेज से पानी की बर्बादी रोकने के लिए 3500 किलोमीटर की पाइपलाइन को बदला गया है, 3285 फ्लो मीटर लगाए गए हैं, जल बोर्ड ने 1323 चालान किए और 179 अवैध कनेक्शन काटे हैं। वर्तमान में हरियाणा से यमुना में पर्याप्त पानी नहीं छोड़े जाने की वजह से दिल्ली में पानी का प्रोडक्शन 50 एमजीडी तक कम हो गया है। इस कारण कई इलाकों में पानी की किल्लत हो रही है। उन्होंने बताया कि सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में एफिडेविट दाखिल कर दिल्ली में पानी की बर्बादी को रोकने और पानी का उत्पादन बढ़ाने के लिए उठाए गए कदमों की विस्तृत जानकारी दी है। आतिशी ने कहा कि बुधवार को सुप्रीम कोर्ट ने अपनी सुनवाई में, दिल्ली सरकार से पूछा था कि दिल्ली सरकार पानी को बर्बाद होने से बचाने के लिए क्या क्या कदम उठा रही है? गुरुवार को दिल्ली सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के सामने पिछले 1 साल से उठाए जा रहे कदमों को और वर्तमान में जल संकट की स्थिति में पिछले 1 महीने से उठाए जा रहे कदमों के बारे में बताया। आतिशी ने दिल्लीवालों को आश्वासन दिया कि दिल्ली में जितने पानी का शोधन हो रहा है वो पानी दिल्लीवालों को मिल रहा है। और कही भी बड़े स्तर पर लीकेज नहीं है और अगर लीकेज होती है तो 12 घंटे में उसे दूर कर दिया जाता है।

### सुप्रीम कोर्ट में दाखिल हलफनामे में दी गई जानकारी के मुख्य बिंदु

दिल्ली सरकार ने पाइप लाइनों में लीकेज रोकने के लिए 9 सालों में 3500 किलोमीटर पाइप लाइनों को बदला, मुख्य पाइप लाइन से अवैध टैपिंग के ज़रिए होने वाले पानी की चोरी को रोकने के लिए 7300 किलोमीटर पाइप लाइन डलवाई, पानी के फ्लो को मापने के लिये पूरी दिल्ली में बड़े पैमाने पर 3285 फ्लो मीटर लगाए, पानी की बर्बादी रोकने के लिए दिल्ली जल बोर्ड की एनफोर्समेंट टीमों ने 1323 चालान किए और 179 अवैध कनेक्शन काटे, यमुना में पर्याप्त पानी नहीं छोड़े जाने से दिल्ली में पानी का प्रोडक्शन 50 एमजीडी तक कम हो गया है, इससे कई इलाकों में पानी की किल्लत हो रही है, अपर यमुना रिवर बोर्ड ने भी माना, दिल्ली में पानी की कमी है, आने वाले दिनों में इस मुद्दे पर बोर्ड फैसला लेगा, दिल्ली की जनता से अपील, जब तक पानी की समस्या दूर नहीं हो जाती, तब तक बड़ी ज़िम्मेदारी से पानी का इस्तेमाल।

### फिर पकड़ा गया दिल्ली की मंत्री आतिशी का सफेद झूठ : बिधूड़ी

नई दिल्ली। दक्षिणी दिल्ली से भाजपा सांसद और नेता विपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने गुरुवार को कहा है कि आम आदमी पार्टी सरकार की जल मंत्री आतिशी का झूठ फिर पकड़ा गया है। वह हरियाणा पर दिल्ली का पानी रोकने का प्रतिदिन आरोप लगा रही हैं जबकि हिमाचल प्रदेश ने दिल्ली के लिए पानी छोड़ा ही नहीं था। बिधूड़ी ने दिल्ली सरकार को सलाह दी है कि वह दिल्ली की प्यास बुझाने के लिए इंडी गठबंधन के नेताओं सोनिया गांधी और राहुल गांधी के पास जाएं ताकि हिमाचल से दिल्ली को अतिरिक्त पानी मिल सके। बिधूड़ी ने कहा कि आतिशी हरियाणा पर लगातार आरोप लगा रही हैं कि हिमाचल प्रदेश दिल्ली को 137 क्यूसेक पानी दे रहा है और हरियाणा ने यह पानी रोक लिया है। सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप के बावजूद दिल्ली को पानी नहीं मिल रहा। इससे दिल्ली में पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। बिधूड़ी ने कहा कि आतिशी हमेशा ही झूठे आरोप लगाती हैं। सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार को यह बात फिर से साबित हो गई क्योंकि हिमाचल प्रदेश ने यह भेद खोल दिया कि उसने दिल्ली के लिए कोई अतिरिक्त पानी अब तक छोड़ा ही नहीं है। यही नहीं, हिमाचल ने दिल्ली के लिए अतिरिक्त पानी छोड़ने के अपने फैसले से यू टर्न ले लिया है और पानी देने से इनकार कर दिया है।




SBI
भारतीय स्टेट बैंक
केन्द्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग, कॉरपोरेट केंद्र, मुंबई
फोन: 022-22820427
आवेदन के लिए क्यूआर स्कैन करें

**नियमित/संविदा आधार पर विशेषज्ञ संवर्ग अधिकारियों की भर्ती**

नियमित/संविदा आधार पर निम्नलिखित पद के लिए भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.

| अनु क्र. | पद का नाम | रिक्ति | समतुल्य/ तुलनीय श्रेणी | प्रकार |
|---|---|---|---|---|
| | विज्ञापन सं.: CRPD/SCO/2024-25/01 | | | |
| 1 | रक्षा बैंकिंग सलाहकार (डीबीए)– वायु सेना | 1 | –लागू नहीं– | संविदा |
| 2 | सर्किल रक्षा बैंकिंग सलाहकार (सीडीबीए) – बेंगलुरु | 1 | –लागू नहीं– | संविदा |
| 3 | सर्किल रक्षा बैंकिंग सलाहकार (सीडीबीए) – चंडीगढ़ | 1 | –लागू नहीं– | संविदा |
| | विज्ञापन सं.: CRPD/SCO/2024-25/02 | | | |
| 4 | चार्टर्ड अकाउंटेंट (विशेषज्ञ) | 9 | एमएमजीएस–II | नियमित |
| | विज्ञापन सं.: CRPD/SCO/2024-25/03 | | | |
| 5 | अनुसंधान विश्लेषक – फ़ॉरेक्स | 1 | एमएमजीएस–III | संविदा |
| 6 | अनुसंधान विश्लेषक – इक्विटी | 2 | एमएमजीएस–III | संविदा |
| 7 | अनुसंधान विश्लेषक – प्राइवेट इक्विटी | 2 | एमएमजीएस–III | संविदा |
| | विज्ञापन सं.: CRPD/SCO/2024-25/04 | | | |
| 8 | जलवायु जोखिम विशेषज्ञ | 2 | एमएमजीएस–III | नियमित |
| 9 | मार्केट जोखिम विशेषज्ञ | 3 | एमएमजीएस–III | नियमित |
| | विज्ञापन सं.: CRPD/SCO/2024-25/05 | | | |
| 10 | व्यापार वित्त अधिकारी (एमएमजीएस–II) | 150 | एमएमजीएस–II | नियमित |
| | विज्ञापन सं.: CRPD/SCO/2024-25/06 | | | |
| 11 | वरिष्ठ उपाध्यक्ष (इंफ्रास्ट्रक्चर सुरक्षा और विशेष परियोजनाएं) | 1 | टीईजीएस–VI | संविदा |
| 12 | वरिष्ठ उपाध्यक्ष (सूचना सुरक्षा संचालन) | 1 | टीईजीएस–VI | संविदा |

पात्रता मानदंड (आयु, अनुभव, जॉब प्रोफाइल आदि), रिक्ति विवरण, आवश्यक शुल्क एवं अन्य विवरण के लिए बैंक की वेबसाइट **https://bank.sbi/web/careers/current-openings** पर लॉग ऑन करें, जहाँ उपरोक्त विस्तृत विज्ञापन उपलब्ध हैं. ईसके साथ आवेदन को ऑनलाइन जमा करने और साथ ही साथ आवेदन शुल्क का ऑनलाइन भुगतान करने हेतु एक लिंक भी दी गई है. आवेदन करने और शुल्क भेजने से पहले अपनी पात्रता सुनिश्चित करने एवं अन्य विवरणों के लिए विस्तृत विज्ञापन पढ़ें. कोई अन्य पूछताछ करने के लिए कृपया **"CONTACT US"→ "Post Your Query"** लिंक के माध्यम से हमें लिखें, जो कि बैंक की वेबसाइट **(https://bank.sbi/web/careers/post-your-query )** पर उपलब्ध है.

- **आवेदन ऑनलाइन जमा करने और शुल्क का भुगतान करने की तिथि : 07.06.2024 से 27.06.2024 तक.**

**स्थान:** मुंबई
**दिनांक:** 07.06.2024
**महाप्रबंधक (आरपी एंड पीएम)**

### इस सीजन में बिजली की मांग तीसरी बार पहुंची 8 हजार मेगावाट पार, टूट सकता है रिकॉर्ड

नई दिल्ली। दिल्ली में पड़ रही इस सीजन में भीषण गर्मी के बीच बिजली खपत का आंकड़ा एक बार फिर 8 हजार मेगावाट के आंकड़े को पार कर गया है। स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर दिल्ली (एसएलडीसी) पर दर्ज आंकड़ों के अनुसार 13 जून 2024 गुरूवार को दिल्ली में दोपहर 3.36 बजे बिजली की खपत 8003 मेगावाट पर पहुंच गई। यह इस सीजन में चौथा मौका है जब बिजली की मांग का आंकड़ा 8 हजार मेगावाट को पार कर गया है। लेकिन जून माह में यह पहला मौका है जब बिजली की मांग इस कदर बढ़ी हो। जहां एक तरफ बिजली की बढ़ती मांग के बीच लोगों को कटौती का सामना करना पड़ रहा है वहीं, दूसरी तरफ बिजली कंपनियों का दावा है कि अत्यधिक मांग के बावजूद आपूर्ति निर्बाध बनी रही। इससे पहले 29 मई 2024 को दिल्ली में पहली बार ऑल टाइम नया ऐतिहासिक रिकॉर्ड 8302 मेगावाट खपत बनाया था। इसके दूसरे दिन 31 मई 2024 को दिल्ली को मांग का आंकड़ा पिर बढ़कर 8032 मेगावाट पहुंच गया। जबकि दिल्ली के इतिहास में पहली बार 22 मई 2024 को राजधानी वालों ने 8 हजार मेगावाट बिजली की खपत का रिकॉर्ड दर्ज किया था।

### डीएमआरसी ने मिलाया राइट्स से हाथ, परिचालन सहित अन्य पर मिलकर करेंगे कार्य

नई दिल्ली। दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) और रेल इंडिया टेक्निकल एंड इकोनॉमिक सर्विस (राइट्स) ने हाथ मिलाते हुए भारत और विदेश में परामर्श परियोजनाओं के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। जानकारी अनुसार डीएमआरसी के प्रबंध निदेशक डॉ. विकास कुमार की मौजूदगी में मेट्रो के निदेशक संचालन और सेवाएं डॉ. अमित कुमार जैन और राइट्स के निदेशक तकनीकी डॉ. दीपक त्रिपाठी ने हस्ताक्षर किए। डीएमआरसी और राइट्स मिलकर मास रैपिड ट्रांजिट सिस्टम के क्षेत्र में भारत और विदेश में परामर्श कार्यों में सहयोग करेंगे। डीएमआरसी के अनुसार इस साझेदारी का मुख्य उद्देश्य मेट्रो रेल, शहरी और इंटरसिटी ट्रांजिट, विभिन्न बड़े पैमाने की बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में संचालन और रखरखाव से संबंधित सेवाओं पर बेहतरीन तरीके से कार्य करना है। इसमें भारत और विदेश की परियोजनाओं की पहचान, सुरक्षा और निष्पादन के लिए अपनी-अपनी शक्तियों को पूरक बनाकर डीएमआरसी और राइट्स के संयुक्त प्रयासों को समन्वित करना है।

### दिल्ली सरकार ने घोषित किया 12 बिंदुओ पर आधारित समर एक्शन प्लान

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार ने गुरुवार को 12 फोकस बिंदु आधारित समर एक्शन प्लान जारी कर दिया है। इस बाबत दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने दिल्ली सचिवालय में 30 विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की थी। पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि दिल्ली के प्रदूषण स्तर में काफी सुधार आया है। यह दिल्लीवालों की मेहनत का परिणाम है। इसमें और सुधार लाने के लिए हम दिल्लीवासियों के साथ मिलकर समर एक्शन प्लान को प्रभावी रूप से लागू करेंगे। इसके तहत धूल प्रदूषण, ओपेन बर्निंग व औद्योगिक प्रदूषण रोकने के लिए कड़े कदम उठाए जाएंगे। ग्रीन कवर बढ़ाने, झीलों के विकास और पड़ोसी राज्यों से संवाद समेत अन्य कदम भी उठाए जाएंगे। पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने प्रेस वार्ता कर समर एक्शन प्लान की घोषणा करते हुए कहा कि दिल्ली के वायु प्रदूषण में काफी सुधार हुआ है। अच्छे, संतोषजनक और मध्यम श्रेणी के दिनों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है, जो कि 2018 में जहां 159 थी, वह 2023 में बढ़कर 206 हो गई है।

# समर्पित प्रयासों से बदल रहा विकास, जनकल्याण और सुशासन का परिदृश्य

# मध्यप्रदेश सरकार के 180 दिन



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

## सुशासन से समृद्धि




- प्रधानमंत्री जी द्वारा साइबर तहसील परियोजना प्रदेश के सभी 55 जिलों में लागू। नामांतरण, बंटवारा आदि विभिन्न राजस्व प्रकरणों के ऑनलाइन निराकरण की पहल करने वाला मध्यप्रदेश, देश का पहला राज्य
- ध्वनि विस्तारक यंत्रों की अनियंत्रित आवाज का प्रयोग प्रतिबंधित
- खुले में मांस-मछली की बिक्री पर प्रतिबन्ध
- यातायात सुगमता के लिए भोपाल में बीआरटीएस कॉरिडोर हटाने का निर्णय
- जिलों, संभागों, तहसीलों की सीमाओं के पुनर्निर्धारण के लिए पृथक प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग बनाने का निर्णय
- उज्जैन शहर के केडी गेट से इमली तिराहा मार्ग चौड़ीकरण के लिये 23 धार्मिक स्थलों को हटाने के लिये व्यवस्थापकों, पुजारियों और नागरिकों द्वारा सहयोग कर साम्प्रदायिक सौहार्द का उल्लेखनीय उदाहरण प्रस्तुत
- निजी स्कूलों द्वारा कोर्स की किताबें, यूनिफार्म एवं अन्य शिक्षण सामग्री किसी निर्धारित दुकान से खरीदने के लिए पालकों पर अनुचित दबाव डाले जाने के मामले में मुख्यमंत्री द्वारा स्कूलों के खिलाफ सख्त कार्यवाही के निर्देश
- 2000 से अधिक पुलिसकर्मियों को मिला पात्रतानुसार उच्च पद
- बालाघाट के कमकोदादर में हुई मुठभेड़ में नक्सलियों को खत्म करने वाले 24 शासकीय पुलिस सेवकों का आउट ऑफ टर्न प्रमोशन
- पुलिसकर्मियों के लिए मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 25 हजार मकान बनाने का लक्ष्य
- मध्यप्रदेश में आयी अपराधों में कमी, थानों की सीमाओं के पुनर्निर्धारण का कार्य तेजी से जारी
- 105 वर्ग मीटर तक के आवासीय भू-खंडों के लिए ऑनलाइन आवेदन कर डीम्ड अनुज्ञा प्राप्त करने और 300 वर्ग मीटर तक के आवासीय भू-खंडों पर त्वरित अनुज्ञा प्रदान करने की व्यवस्था लागू
- दो चरणों में राजस्व महाअभियान चलाकर 30 लाख 48 हजार से अधिक राजस्व प्रकरणों का निराकरण
- प्रदेश के सभी बोरवेलों की जानकारी रखने हेतु शासन द्वारा पोर्टल तैयार। खुले बोरवेलों को बंद करने के लिए अधिकारियों की जिम्मेदारी तय
- सभी संभागों में समीक्षा बैठकों के दौरान बड़े पैमाने पर विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास
- शासकीय सेवकों के महंगाई भत्ते में 4 प्रतिशत की वृद्धि से 46% हुआ डीए

## समावेशी शिक्षा से संवरता कल



- प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान (पीएम उषा) के अंतर्गत 8 विश्वविद्यालयों में अधोसंरचना तथा अन्य विकास कार्यों के लिए ₹400 करोड़ स्वीकृत
- हर जिले में पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु ₹485 करोड़ के निवेश से 55 जिलों में पूर्व से संचालित एक महाविद्यालय का पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में उन्नयन। इन कॉलेजों में 1750 शैक्षणिक एवं 369 तृतीय व चतुर्थ श्रेणी के पद सृजित
- पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस को बहुसंकायी बनाने एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं के संचालन हेतु 7 महाविद्यालयों में स्नातक स्तर पर नवीन संकाय एवं 55 महाविद्यालयों में स्नातक व स्नातकोत्तर स्तर पर संस्कृत, बायोटेक्नोलॉजी, कम्प्यूटर साइंस विषय प्रारंभ
- पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में सेंटर फॉर रिसर्च इन स्कीम एंड पॉलिसी (CRISP) के माध्यम से 8 रोज़गारोन्मुखी स्किल-आधारित पाठ्यक्रमों का संचालन
- आईआईटी इंदौर के सहयोग से उज्जैन में निर्मित देश के प्रथम शोध-आधारित नवाचार, प्रौद्योगिकी एवं उद्यमिता अनुभवात्मक विद्यार्जन केंद्र (डीप-टेक रिसर्च और डिस्कवरी सैटेलाइट कैंपस) का उद्घाटन
- खरगोन में ₹170 करोड़ से क्रांतिसूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय का उद्घाटन
- 369 सर्वसुविधायुक्त सीएम राइज़ विद्यालयों का संचालन
- विश्वविद्यालयों के कुलपति को कुलगुरु कहे जाने का निर्णय
- सागर में रानी अवंतीबाई लोधी विश्वविद्यालय एवं गुना में तात्या टोपे विश्वविद्यालय प्रारंभ
- आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के नाम से होगा सागर में आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज
- राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 लागू करने वाला देश का पहला राज्य बना मध्यप्रदेश
- अंतरराष्ट्रीय शिक्षा की गुणवत्ता से जुड़ने के लिए 12 अंतरराष्ट्रीय संस्थानों के साथ एम.ओ.यू.
- विश्वविद्यालयों में छात्र-छात्राओं की अंक सूची एवं उपाधियों को डिजी लॉकर में अपलोड करने की व्यवस्था लागू
- व्यावसायिक शिक्षा एवं सामान्य शिक्षा का एकीकरण कर 35 व्यावसायिक विषयों का पाठ्यक्रम में समावेश
- इंजीनियरिंग-मेडिकल की तर्ज पर नर्सिंग स्टूडेंट की स्टेट लेवल पर परीक्षा का निर्णय, केंद्र के नर्सिंग एक्ट के अनुसार राज्य में आयोग गठित होगा। भविष्य में नर्सिंग संस्थाओं को मान्यता राष्ट्रीय आयोग देगा
- शिक्षा में गुणवत्ता के लिये भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर, इंदौर, उज्जैन, रीवा के विश्वविद्यालयों में इन्क्यूबेशन केंद्रों की स्थापना
- पायलट ट्रेनिंग के लिए विश्वविद्यालयों में कोर्स शुरू होगा
- एमपी बोर्ड 12वीं में 75 फीसदी अंक पाने वाले करीब 90 हजार छात्रों को लैपटॉप के लिए दी जायेगी ₹25-25 हजार की राशि
- सागर, खरगोन और गुना में नए विश्वविद्यालयों की स्थापना
- शासकीय महाविद्यालयों में कृषि को एक विषय के रूप में जोड़ा गया

## स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार




- प्रदेश के दूरस्थ क्षेत्रों से गंभीर रूप से बीमार/दुर्घटनाग्रस्त लोगों को एयरलिफ्ट कर समय पर उपचार उपलब्ध कराने के लिए सरकार की संवेदनशील पहल के तहत पीएमश्री एयर एम्बुलेंस सेवा का शुभारंभ
- कार्य दक्षता के लिए चिकित्सा शिक्षा विभाग और लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग का विलय
- आयुष्मान भारत योजना में 3 करोड़ 99 लाख से अधिक आयुष्मान कार्ड वितरित। अब तक 38 लाख से अधिक मरीजों का निःशुल्क उपचार
- जिला अस्पताल एवं सिविल अस्पतालों को एक-एक शव-वाहन उपलब्ध कराने का निर्णय
- सागर, शहडोल, नर्मदापुरम, धार, झाबुआ, मंडला, बालाघाट, श्योपुर एवं खजुराहो में नए आयुर्वेदिक महाविद्यालय स्थापित करने का निर्णय
- सिंहस्थ को देखते हुए उज्जैन में नवीन शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय की स्थापना का निर्णय
- चिकित्सा महाविद्यालयों को पीपीपी मोड पर स्थापित करने का निर्णय। मेडिकल कॉलेजों के साथ नए नर्सिंग कॉलेजों की स्थापना के लिए राशि स्वीकृत
- स्वास्थ्य संस्थानों में 46 हजार 491 नये पदों (नियमित/संविदा/आउटसोर्स) के सृजन की स्वीकृति
- स्वास्थ्य सूचकांकों में बेहतर प्रदर्शन के लिये स्वास्थ्य संस्थानों में चिकित्सीय विशेयज्ञों के 607 पदों पर पूर्ति सीधी भर्ती से कराने की मंजूरी

## सशक्त बनती नारी शक्ति




- लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत 1 करोड़ 29 लाख बहनों के खातों में जनवरी से अभी तक ₹9 हजार 455 करोड़ से अधिक की सहायता राशि का अंतरण
- लाड़ली लक्ष्मी योजना अंतर्गत दिसंबर 2023 से अभी तक 73 हजार 880 लाड़ली बालिकाओं के खाते में ₹ 34 करोड़ की छात्रवृत्ति का अंतरण
- 45 लाख 89 हजार बहनों के खातों में ₹450 में गैस सिलिंडर की रीफिलिंग के लिए ₹118 करोड़ का अंतरण
- प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना अंतर्गत 3 चरणों में अब तक 88 लाख से अधिक निःशुल्क गैस कनेक्शन दिये
- महिला स्व-सहायता समूहों को दी गयी ₹9 हजार 560 करोड़ से अधिक की सहायता

## युवा कल्याण के सतत् प्रयास



- सरकारी नौकरियों के लिए चयनित 11 हजार से अधिक उम्मीदवारों को सौंपे गए नियुक्ति-पत्र
- स्टार्ट-अप्स को प्रोत्साहित करने के लिए नई पहल के तहत, प्रदेश के स्टार्ट-अप्स को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय आयोजनों में सहभागिता के लिए ₹50 हजार से लेकर डेढ़ लाख तक वित्तीय सहायता का प्रावधान
- राज्य स्तरीय 'रोज़गार दिवस' के अवसर पर रिकॉर्ड 7 लाख युवाओं को ₹5 हजार करोड़ का स्व-रोज़गार ऋण वितरित
- अग्निवीर योजना में युवाओं का अधिक से अधिक चयन हो, इस उद्देश्य से 360 घंटे प्रशिक्षण देने का लक्ष्य
- मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना में फरवरी 2024 में 8 हजार प्रशिक्षणार्थियों को ₹6 करोड़ 60 लाख का स्टाइपेंड वितरित



"हमारा उद्देश्य है कि सरकार उपलब्ध संसाधनों के साथ जनहितैषी गतिविधियों को प्रभावी तरीके से क्रियान्वित करे। प्रदेश को विकास के पथ पर निरंतर आगे ले जाना और सुशासन को सच्चे स्वरूप में धरातल पर उतारना ही हमारा लक्ष्य है"
- डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

## अन्नदाता के जीवन में आयी खुशहाली



- प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि एवं मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना अंतर्गत 80 लाख से अधिक किसानों को प्रतिवर्ष ₹12 हजार की सहायता
- फसल बीमा योजना खरीफ-23 के अंतर्गत 25 लाख से ज्यादा किसानों को ₹750 करोड़ से अधिक की राशि के दावों का भुगतान
- श्रीअन्न (मिलेट्स) उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए रानी दुर्गावती श्रीअन्न प्रोत्साहन योजना में प्रति क्विंटल ₹ 1000 का विशेष प्रोत्साहन
- रबी विपणन वर्ष 2024-25 में 6 लाख से अधिक किसानों से 48 लाख 35 हजार मीट्रिक टन से अधिक गेहूं का समर्थन मूल्य पर नकद भुगतान कर उपार्जन। प्रति क्विंटल ₹125 बोनस का भुगतान
- किसानों के लिए शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर अल्पावधि फसल ऋण योजना लागू रखने का निर्णय
- मुख्यमंत्री सोलर पंप योजना अब प्रधानमंत्री कृषक मित्र सूर्य योजना के नाम से लागू
- सात जिलों (उमरिया, अलीराजपुर, बैतूल, मंडला, खंडवा, सीधी एवं सीहोर) में 71 हजार 345 हेक्टेयर वन क्षेत्र से लघु वनोपज के निर्यात के लिए मिला जैविक प्रमाण-पत्र

## गरीब वर्ग को मिला सम्मानजनक जीवन



- इंदौर की हुकुमचंद मिल के 4 हजार 800 श्रमिक परिवारों को ₹224 करोड़ की राशि का भुगतान
- स्वामित्व योजना में 23 लाख 50 हजार लोगों को स्वामित्व अधिकार पत्र वितरित
- श्रमिकों को ई-स्कूटर खरीदने के लिए ₹40 हजार की आर्थिक सहायता का निर्णय
- 'मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल) योजना 2.0' के अंतर्गत 30 हजार से अधिक श्रमिक परिवारों को ₹670 करोड़ से अधिक की अनुग्रह सहायता राशि का अंतरण
- दिव्यांगता और मृत्यु के आधार पर मिलने वाली सहायता राशि को बढ़ाकर ₹4 लाख किया
- विभिन्न श्रेणी के ऊर्जा उपभोक्ताओं के लिये 24 हजार 420 करोड़ रुपये की सब्सिडी का निर्णय

## कमजोर वर्ग के साथ प्रदेश सरकार




- सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के माध्यम से प्रतिमाह 55 लाख 60 हजार से अधिक हितग्राहियों को पिछले एक वर्ष में लगभग ₹4 हजार करोड़ से अधिक पेंशन राशि का अंतरण
- तेंदूपत्ता संग्राहकों का मानदेय ₹3000 प्रति बोरा से बढ़ाकर ₹4000 हजार किया। लगभग 35 लाख तेंदूपत्ता संग्राहक लाभान्वित
- पीएम जन-मन योजना अंतर्गत विशेष पिछड़ी जनजाति बहुल जिलों में ₹7300 करोड़ से अधिक की लागत से हो रहे अधोसंरचना के कार्य। कुल 11 लाख से अधिक भाई-बहन लाभान्वित होंगे। साथ ही बैगा, भारिया और सहरिया परिवारों के अविद्युतीकृत घरों तक बिजली पहुंचाने की कार्ययोजना स्वीकृत
- आहार अनुदान योजना अंतर्गत विशेष पिछड़ी जनजातियों की बहनों के खातों में जनवरी से अभी तक ₹148 करोड़ से अधिक की राशि अंतरित

## आर्थिक समृद्धि की ओर बढ़ता मध्यप्रदेश



- मध्यप्रदेश के चौतरफा और तेज गति से विकास के लक्ष्य को लेकर चल रही मध्यप्रदेश सरकार की पहली प्राथमिकता अंत्योदय और विकसित मध्यप्रदेश के संकल्प को पूरा करना है। इस दिशा में कदम बढ़ाते हुए प्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2024-25 के लिए ₹ 1 लाख 45 हजार करोड़ से अधिक का लेखानुदान प्रस्तुत
- पिछले 6 माह में जीएसटी अंतर्गत कुल ₹19091 करोड़ का राजस्व प्राप्त ,जो पिछले वर्ष से 28% अधिक है। अप्रैल की जीएसटी राजस्व वृद्धि दर में मध्यप्रदेश देश में प्रथम स्थान पर
- राजस्व वृद्धि के विशेष प्रयासों से ₹4150 करोड़ का अतिरिक्त राजस्व स्क्रूटनी प्रवर्तन, ITC रिवर्सल आदि के माध्यम से प्राप्त हुआ

## औद्योगिक निवेश को प्रोत्साहन




- आष्टा (सीहोर) में लगभग ₹60,000 करोड़ के निवेश से पेट्रोकैमिकल कॉम्प्लेक्स तथा इथेन क्रेकर परियोजना की स्थापना का प्रस्ताव
- 1 एवं 2 मार्च, 2024 को उज्जैन में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव ऐतिहासिक रुप से सफल रही
- कॉन्क्लेव में 283 इकाइयों को 508 हेक्टेयर भूमि के आवंटन-पत्र प्रदान किये। इन इकाइयों द्वारा ₹ 12 हजार 170 करोड़ से अधिक का निवेश से 20 हजार से अधिक लोगों को रोज़गार
- ₹10 हजार करोड़ लागत की 60 से अधिक उद्योग इकाइयों का शुभारंभ हुआ, जिनसे 17 हजार से अधिक रोज़गार सृजित होने की सम्भावना है
- ₹1 लाख करोड़ से अधिक के व्यवसाय और उद्योग निवेश प्रस्ताव मिले
- कॉन्क्लेव में कुल 12 देशों और 650 से अधिक औद्योगिक निवेशकों की भागीदारी हुई, 2100 से अधिक बिजनेस-टू-बिजनेस बैठकें, 4000 से अधिक डेलिगेट्स ने लिया भाग
- उज्जयिनी विक्रम व्यापार मेला एवं ग्वालियर व्यापार मेला-2024 में वाहनों के आरटीओ पंजीयन पर 50% की छूट पर उज्जैन में हुई 23,000 वाहनों की रिकॉर्ड बिक्री
- व्यापार मेले में हस्तशिल्प और हाथकरघा उत्पादों के क्रय-विक्रय के जरिए लोकल को बनाया गया वोकल। ₹2300 करोड़ का हुआ कारोबार

## तेज गति से अधोसंरचना विकास



- पार्वती-कालीसिंध-चंबल लिंक परियोजना के लिए मध्यप्रदेश, राजस्थान और केंद्र सरकार के बीच समझौता। 10 जिलों को मिलेगा लाभ
- केन-बेतवा लिंक परियोजना के लिये ₹24 हजार 290 करोड़ से अधिक की राशि स्वीकृत। परियोजना के दौधन बांध के निर्माण हेतु ₹5,137 करोड़ लागत की निविदा स्वीकृति के अंतिम चरणों में। प्रेशराइज्ड पाइप प्रणाली के निर्माण हेतु ₹12 हजार 210 करोड़ लागत की निविदाएं आमंत्रित
- ₹308 करोड़ की लागत से खरगोन जिले में जलूद ऊर्जा संयंत्र का भूमिपूजन
- ग्वालियर-बेंगलुरु, ग्वालियर-अहमदाबाद और ग्वालियर-दिल्ली-अयोध्या विमान सेवा का शुभारंभ
- इंदौर उज्जैन सिक्स लेन परियोजना को स्वीकृति
- इंदौर में ₹350 करोड़ से एलिवेटेड कॉरिडोर का भूमिपूजन। भोपाल, देवास, ग्वालियर, जबलपुर एवं सतना में भी बन रहे हैं एलिवेटेड कॉरिडोर
- ₹10 हजार करोड़ से अधिक की लागत से 724 किमी लम्बी 24 सड़क परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास
- माननीय प्रधानमंत्री जी के कर-कमलों से ₹24 हजार 500 करोड़ की अधोसंरचना परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास
- प्रधानमंत्री जी द्वारा अमृत भारत स्टेशन योजनांतर्गत मध्यप्रदेश के 33 स्टेशनों के पुनर्विकास कार्य का शिलान्यास एवं 133 रेल ओवर ब्रिज एवं अंडरपास का शिलान्यास और लोकार्पण
- प्रदेश को 364 रेल परियोजनाओं की सौगात। प्रदेश की चौथी सेमी-हाई स्पीड वंदे भारत एक्सप्रेस खजुराहो से हजरत निज़ामुद्दीन ट्रेन मिली
- भोपाल में वंदे भारत ट्रेनों के रख-रखाव और सुविधाओं के लिए लगभग ₹100 करोड़ की लागत से नए कोच कॉम्प्लेक्स का शिलान्यास
- निशातपुरा-संत हिरदाराम नगर रेल खण्ड का लोकार्पण
- राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं के निर्माण और सुदृढ़ीकरण के लिए ₹3 हजार 500 करोड़ की राशि स्वीकृत
- जबलपुर में ₹485 करोड़ से अधिक की लागत से मध्यप्रदेश राज्य न्यायिक अकादमी को स्वीकृति
- उज्जैन-जावरा के मध्य 4-लेन ग्रीनफील्ड एक्सेस कंट्रोल्ड हाई-वे निर्माण के लिये ₹5 हजार 17 करोड़ से अधिक की स्वीकृति। इस मार्ग के निर्माण से उज्जैन, इंदौर एवं आस-पास के क्षेत्र मुम्बई-दिल्ली 8 लेन इंडस्ट्रीयल कॉरिडोर (एक्सप्रेस-वे) से जुड़ेंगे
- ₹1540 करोड़ की लागत से बनने वाले भोपाल मेट्रो के नए 8 स्टेशनों का भूमिपूजन, नगरीय निकायों को विकास कार्यों के लिए ₹1 हजार करोड़ की राशि का अंतरण
- मुख्यमंत्री शहरी क्षेत्र अधोसंरचना (चतुर्थ चरण) निर्माण योजना के लिए ₹1630 करोड़ से अधिक राशि स्वीकृत
- भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, उज्जैन एवं सागर में प्रधानमंत्री ई-बस सेवा योजना में 550 से अधिक शहरी ई-बसों के संचालन का निर्णय
- कायाकल्प अभियान के अंतर्गत ₹2500 करोड़ के निवेश से बदल रही है शहरों में सड़कों की सूरत
- प्रदेश के सभी प्रमुख शहरों में PNG पाइपलाइन से गैस कनेक्शन व्यवस्था करने का निर्णय
- देश में सबसे कम समय में बनकर तैयार हुये मध्यप्रदेश के सबसे बड़े राजमाता विजयाराजे सिंधिया एयरपोर्ट (ग्वालियर) का उद्घाटन

## सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक अभ्युदय



- पर्यटकों को हवाई यात्रा की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए 'पीएमश्री पर्यटन वायु सेवा' एवं 'पीएमश्री धार्मिक पर्यटन हेली सेवा' का शुभारंभ
- नदी, तालाबों, कुओं, बावड़ियों एवं अन्य जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं इनके पुनर्जीवन के लिये 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस से 16 जून गंगा दशहरा तक जल-गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है
- विक्रम सांस्कृतिक पर्व का 1 मार्च से 9 अप्रैल, 2024 तक किया गया आयोजन। इस दौरान कालजयी महानायकों की तेजस्विता पर केन्द्रित भारत के अपने किस्म के पहले संग्रहालय 'वीर भारत न्यास' का शिलान्यास एवं उज्जयिनी गौरव दिवस का आयोजन
- 29 फरवरी, 2024 को प्रधानमंत्री जी के कर-कमलों से विक्रमोत्सव के अवसर पर विश्व की पहली 'विक्रमादित्य वैदिक घड़ी' का शुभारंभ कर भारतीय काल गणना परंपरा का साक्षात्कार पूरी दुनिया से कराया गया
- पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की स्मृति में ₹20 करोड़ की लागत से बनने वाले अटल स्मारक का भूमिपूजन
- शासकीय कैलेण्डर में विक्रम संवत् अंकित करना प्रारंभ
- मंडला में वीरांगना रानी दुर्गावती की प्रतिमा का अनावरण
- 1450 किमी लंबे श्रीराम वन गमन पथ के निर्माण का निर्णय
- जहाँ-जहाँ भगवान श्रीकृष्ण के चरण पड़े, उन स्थानों को तीर्थ के रुप में विकसित करने का निर्णय
- सिंहस्थ-2028 की तैयारी प्रारंभ, टास्क फोर्स गठित
- इंदौर से उज्जैन एवं ममलेश्वर ज्योतिर्लिंग तथा जबलपुर से चित्रकूट और ग्वालियर से ओरछा एवं पीताम्बरा पीठ के लिए हेलीकॉप्टर सेवाएँ
- वर्ष प्रतिपदा नव सम्वत्सर के शुभारंभ एवं सृष्टि आरंभ दिवस को पूरे प्रदेश में भव्य रुप में मनाने का निर्णय
- मध्यप्रदेश के श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए अयोध्या में एक आस्था भवन (धर्मशाला) निर्माण करने का निर्णय
- देवालयों में लगने वाली सामग्री जैसे- भगवान के वस्त्र-आभूषण, श्रृंगार सामग्री, धातु व पत्थर की मूर्तियों के निर्माण को कुटीर उद्योग के अंतर्गत प्रोत्साहित करने स्व-सहायता समूह तथा क्षेत्र के युवाओं को इसके लिए प्रख्यात कलाकारों से प्रशिक्षण उपलब्ध कराने और मंदिरों में इन सामग्रियों के विक्रय के लिए स्टॉल की व्यवस्था करने का निर्णय
- स्वदेश दर्शन योजना 2.0 के अंतर्गत चित्रकूट के घाट पर अध्यात्म के अनुभव की नवीन परियोजना का भूमिपूजन
- चित्रकूट नगर के प्राकृतिक, ऐतिहासिक और धार्मिक विकास के लिये चित्रकूट विकास प्राधिकरण की स्थापना को स्वीकृति
- यूनेस्को के विश्व हेरिटेज सेंटर द्वारा भारत की अस्थायी सूची में मध्यप्रदेश की 6 धरोहरें सम्मिलित। ग्वालियर किला, धमनार का ऐतिहासिक समूह, भोजपुर का भोजेश्वर महादेव मंदिर, चंबल घाटी के रॉक कला स्थल, खूनी भंडारा बुरहानपुर और रामनगर मंडला का गोंड स्मारक इसमें शामिल हैं
- क्रूज टूरिज्म को गति देने के लिए मध्यप्रदेश में ओंकारेश्वर स्थित एकात्म धाम (स्टैच्यू ऑफ वननेस) से गुजरात के कावड़िया में स्थित स्टैच्यू ऑफ यूनिटी तक क्रूज संचालित किये जाने का निर्णय

## गौ-संरक्षण एवं संवर्धन



- भारतीय नव वर्ष अर्थात इस चैत्र माह से अगले वर्ष तक गौ-वंश रक्षा वर्ष मनाने का निर्णय
- गौशालाओं में गौ-वंश के लिए बेहतर आहार हेतु प्रति गौ-वंश मिलने वाली ₹ 20 की राशि बढ़ाकर ₹40 करने का निर्णय
- चरनोई की भूमि से अतिक्रमण हटाए जाएंगे
- गौशालाओं को भूसा प्रबंधन के लिये आधुनिक मशीनों एवं उपकरणों के लिये अनुदान तथा प्रोत्साहन
- प्रत्येक 50 किलोमीटर पर घायल गायों को इलाज के लिये परिवहन हेतु हाइड्रोलिक कैटल लिफ्टिंग वाहन का टोल व्यवस्था के अंतर्गत प्रबंध का निर्णय
- अधूरी गौशालाओं का निर्माण पूर्ण कर नई गौशालाएं प्रारंभ करने का निर्णय

## स्वच्छ भारत अभियान में मध्यप्रदेश बना सिरमौर



- स्वच्छ सर्वेक्षण-2023 में देश के सबसे स्वच्छ शहर का पुरस्कार लगातार सातवीं बार इंदौर को मिला
- मध्यप्रदेश, देश का दूसरा स्वच्छतम राज्य और भोपाल स्वच्छतम राजधानी बना
- प्रदेश के 7 शहर वाटर प्लस, 361 शहर ओडीएफ डबल प्लस, एक शहर 7-स्टार, एक 5-स्टार, 24 शहर 3-स्टार और 132 शहर 1-स्टार गार्बेज फ्री श्रेणी में पुरस्कृत

## अन्य उपलब्धियां



- 50वें खजुराहो नृत्य समारोह के अवसर पर **1 हजार 484 कथक कलाकारों** ने एक साथ **कथक नृत्य का बनाया गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड**
- ग्वालियर में आयोजित ताल दरबार में प्रदेश के 1300 से अधिक कला साधकों ने वंदे मातरम् की धुन बजाकर **गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड** में प्रदेश का **नाम दर्ज** किया
- देश में सर्वाधिक खनिज ब्लॉकों की नीलामी कर पाया **प्रथम स्थान**
- प्रत्येक जिले में जिला **पुलिस बैंड का गठन**
- भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा देशभर के **10 सर्वश्रेष्ठ थानों में देवास के सिविल लाइन थाने का चयन**
- राज्यों की **स्टार्टअप रैंकिंग 2022** और **राष्ट्रीय स्टार्टअप पुरस्कार 2023** के अंतर्गत मध्यप्रदेश **'लीडर' के रूप में पुरस्कृत**
- **'एक जिला-एक उत्पाद'** के अंतर्गत बुरहानपुर को केला प्रसंस्करण क्षेत्र में विशेष कार्य के लिए **राष्ट्रीय सम्मान**
- प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के क्रियान्वयन में मध्यप्रदेश को **बेस्ट परफार्मिंग स्टेट अवॉर्ड की श्रेणी में दूसरा स्थान**
- मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड देश के **बेस्ट टूरिज्म बोर्ड के रूप में सम्मानित**
- मध्यप्रदेश **टाइगर** और **चीता स्टेट** के बाद बना **लेपर्ड स्टेट**
- अशोकनगर के चंदेरी के प्राणपुर ग्राम में ₹7 करोड़ से अधिक की लागत के देश के पहले **'क्राफ्ट हैण्डलूम टूरिज्म विलेज'** का लोकार्पण
- **'एक जिला-एक उत्पाद'** के तहत विभिन्न प्राचीन कलाओं को प्रोत्साहित करने के लिए परी बाजार, भोपाल में **'गोलघर स्मारक'** का शुभारंभ
- पंडित खुशीलाल शर्मा शासकीय स्वशासी आयुर्वेद महाविद्यालय के चिकित्सालय को **एनएबीएच सर्टिफिकेशन**

## भारत सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन में लगातार अग्रणी मध्यप्रदेश

- पीएम स्व-निधि योजना
- प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना
- पीएम आवास योजना
- कृषि अवसंरचना निधि
- प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना
- स्वामित्व योजना
- नशामुक्त भारत अभियान

- आयुष्मान भारत योजना
- मछुआ क्रेडिट कार्ड योजना
- राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम
- प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना
- राष्ट्रीय आजीविका मिशन
- स्वच्छ भारत मिशन

मध्यप्रदेश शासन

D-16005/24
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2024

## चिंतन

# प्रतियोगी परीक्षाओं में पारदर्शिता आवश्यक

प्रतियोगी परीक्षाओं में पारदर्शिता, निष्पक्षता, शुचिता और एकरूपता जरूरी है। किसी भी क्षेत्र में श्रेष्ठ प्रतिभा को उचित अवसर मिले, यह कोशिश परीक्षा नियंत्रकों, भर्ती बोर्डों और आयोगों की ओर से होनी चाहिए, होती भी रही है, लेकिन साथ में भ्रष्टाचार की दीमक भी है। देश में अक्सर पेपर लीक के मामले सामने आते रहते हैं, परीक्षा माफिया के सक्रिय होने और उसके साथ सरकारी मशीनरी के कुछेक लोगों की मिलीभगत होने से मेडिकल, इंजीनियरिंग जैसे प्रवेश परीक्षाओं और नौकरियों के लिए आयोजित परीक्षाओं में धांधली की खबरें आती रहती हैं। भर्ती व प्रवेश परीक्षाओं में कदाचार के चलते परीक्षाओं का रद होना, मामला कोर्ट तक जाना आम होने लगे हैं। इस बार नीट-यूजी परीक्षा में जिस तरह केवल कुछेक केंद्रों के 1563 अभ्यर्थियों को ग्रेस मार्क देने का मनमाना फैसला परीक्षा आयोजक नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने किया, वह हैरान करने वाला था। क्योंकि, एग्जाम के पहले एनटीए की तरफ से जारी इन्फॉर्मेशन बुलेटिन में भी ग्रेस मार्क्स देने के प्रावधान का जिक्र नहीं था। नीट-यूजी परीक्षा में चुनिंदा अभ्यर्थियों को ग्रेस देने का यह पहला मामला था। इस ग्रेस का नतीजा यह हुआ कि जहां 67 छात्रों को सर्वोत्तम 720 अंक मिले, वहीं एक ही सेंटर से 6-6 टॉपर हुए, 2 छात्रों को, जिनकी रैंक भी 68 और 69 आई, 718 और 719 नंबर दिए गए, जोकि नीट की मार्किंग स्कीम के हिसाब से संभव नहीं हैं। आंसर सीट में गड़बड़ी से लेकर परीक्षा परिणाम में धांधली तक के आरोप सामने आए, विरोध प्रदर्शन से शुरू होकर मामला उच्चतम अदालत तक पहुंच गया। सुप्रीम कोर्ट में केंद्र सरकार ने ग्रेस मार्क को निरस्त कर ग्रेस पाने वाले छात्रों को दुबारा परीक्षा देने का फैसला करने के बारे में कह कर, नीट-यूजी की साख जरूर बचाने की कोशिश की है, लेकिन एनटीए अभी भी सवालों के घेरे में है। जब से एनटीए गठित हुई है, उसकी कार्यप्रणाली संदिग्ध रही है। आखिर केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय किस प्रकार से काम कर रहा है, उसे एनटीए के काम करने के तरीके के बारे में कैसे नहीं पता है, चुनिंदा अभ्यर्थियों को मनमाना ढंग से ग्रेस देने का फैसला किस आधार पर किया गया, प्रश्न पत्र देने में लेट होने पर समय बढ़ाया जा सकता था, पहले भी लेट होते रहे हैं, फिर ग्रेस नियम इसी बार क्यों बनाया गया, जबकि करीब 24 लाख छात्रा-छात्राओं ने मेडिकल में प्रवेश के लिए परीक्षा दी थी। एनटीए ने अब तक ये नहीं बताया कि उन्होंने ग्रेस मार्क्स देने के लिए क्या तरीका अपनाया? ग्रेस मार्क अब नहीं दिया जाएगा, पर एनटीए की कार्यप्रणाली पर दाग लग गए हैं। गेशक, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान सफाई दें कि एनटीए पर भ्रष्टाचार के आरोप निराधार है, इससे एनटीए का ग्रेस मार्क देने का फैसला सही नहीं हो जाएगा, फैसला सही होता तो रद क्यों करना पड़ता। अब ग्रेस पाए 1563 अभ्यर्थियों को फिर से 23 जून को परीक्षा देनी होगी, 30 जून को परिणाम आएगा, इनमें से जो परीक्षा नहीं देना चाहते, उसका परिणाम बिना ग्रेस अंक के जारी किया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने नीट-यूजी की समूची परीक्षा को रद नहीं किया है, कालेजों में नामांकन के लिए काउंसलिंग जारी रहेगी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि परीक्षा की पवित्रता प्रभावित हुई है, इसलिए एनटीए को नोटिस जारी कर जवाब मांगना बनता है। प्रतियोगी परीक्षाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित होनी चाहिए, इसकी गरिमा पर दाग नहीं लगना चाहिए। ग्रेस मार्क देने के चलते हुई गड़बड़ी की जिम्मेदारी से एनटीए बच नहीं सकती।



बजट उम्मीद
डॉ. ब्रजेश कुमार तिवारी

# समावेशी विकास पर देना होगा जोर

मोदी सरकार के 10 साल के कार्यकाल में भारत वैश्विक स्तर पर 11वीं से 5वीं बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है, नई सरकार की नजर भारत को दुनिया की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में ले जाने पर होगी। जल्द ही नया बजट पेश होगा ऐसे में सरकार को कुछ क्षेत्र में ज्यादा ध्यान देने की ज़रूरत है। मौजूदा समय में भारत की अर्थव्यवस्था की सबसे बड़ी चुनौती महंगाई और बेरोज़गारी है। स्टार्टअप इंडिया योजना को और अधिक महत्व व बल देना होगा। देश के 85% स्टार्टअप फेल हो रहे हैं। ऐसे में हमें उन्हें ज्यादा समर्थन की ज़रूरत है। नई सरकार को कुछ श्रेणी में जीएसटी को भी युक्तिसंगत बनाने की जरूरत है।

नई सरकार को भारत को 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था और 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए कई आर्थिक सुधारों को आगे बढ़ाना होगा। मोदी सरकार के 10 साल के कार्यकाल में भारत वैश्विक स्तर पर 11वीं से पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है, नई सरकार की नजर भारत को दुनिया की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में ले जाने पर होगी। जल्द ही नया बजट पेश होगा ऐसे में सरकार को कुछ क्षेत्र में जयदा ध्यान देने की ज़रूरत है।

मौजूदा समय में भारत की अर्थव्यवस्था की सबसे बड़ी चुनौती महंगाई और बेरोज़गारी है। तीव्र आर्थिक विकास के बावजूद ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में बेरोज़गारी एक गंभीर समस्या बनी हुई है। भारत में 94 प्रतिशत कर्मचारी असंगठित क्षेत्र में काम करते हैं और देश का 35 फ़ीसदी उत्पादन इसी में होता है। कई सालों से असंगठित क्षेत्र में लगातार गिरावट आ रही है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का आगमन भारत में सेवा क्षेत्र के रोजगार के लिए एक बड़ी चुनौती है, क्योंकि सेवा क्षेत्र भारत की जीडीपी में 50 फीसदी से अधिक का योगदान देता है। अगर बेरोजगारी रहेगी और आय नहीं बढ़ेगी तो चीजें कैसे खरीदी जाएंगी, इससे अर्थव्यवस्था में उपभोग और निवेश का स्तर प्रभावित हुआ है तथा सरकार के लिए कर राजस्व कम हो गया है, इसलिए सबसे पहले सरकार को बेरोजगारी की समस्या पर ध्यान देना होगा तभी जाकर समस्याएं कम होंगी। स्टार्टअप इंडिया योजना को और अधिक महत्व व बल देना होगा। आज देश के 85 प्रतिशत स्टार्टअप फेल हो रहे हैं। ऐसे में हमें उन्हें ज्यादा समर्थन देने की ज़रूरत है। अग्निवीर सेना भर्ती की पुनर्विचार की ज़रूरत के साथ ही सरकारी भर्तियों में तेजी लानी होगी। इसके अलावा, असंगठित क्षेत्र को हाशिए पर धकेलने वाली मौजूदा नीतियों में भी बड़े पैमाने पर बदलाव की जरूरत होगी। आज भारत में प्रति व्यक्ति आय 2,601 डॉलर है और 197 देशों में प्रति व्यक्ति इनकम के मामलों में भारत 142वें पायदान पर है। मुद्रास्फीति देश में एक और महत्वपूर्ण मुद्दा बना हुआ है। वास्तव में किसी समस्या का समाधान यह स्वीकार करने से शुरू होता है कि समस्या मौजूद है और बेरोजगारी व महंगाई केवल राजनीतिक विषय नहीं हैं। पिछले कुछ समय से रसोई का बजट अनियंत्रित और असंतुलित हुआ है। मुद्रास्फीति में वृद्धि को मुख्य रूप से भोजन और ईंधन की लागत में उल्लेखनीय वृद्धि के लिए जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। आम लोगों पर महंगाई की मार के दूरगामी असर होते हैं, याद रहे महंगा भोजन स्वास्थ्य के लिए खतरा होता है। आज हमें जीडीपी से ज्यादा ह्यूमन डेवलेपमेंट इंडेक्स पर फोकस करना चाहिए जिसमे शिक्षा व स्वास्थ्य सबसे ऊपर है। यूएनडीपी के मानव विकास सूचकांक में भारत 191 देशों में से 132वें स्थान पर है, जो चिंताजनक है। आज देश के सामने बड़ी चुनौतियाँ में अच्छी शिक्षा, कौशल विकास और स्वास्थ्य सेवा हैं। स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता बहुत अच्छी नहीं है। दूसरी ओर, उच्च शिक्षा के केवल कुछ संस्थान ही उन्नत अनुसंधान में शामिल हैं। भारत में शुरू से शिक्षा पर तुलनात्मक रूप से



सार्वजनिक व्यय कम रहा है। वहीं अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में भारत का अनुसंधान और विकास (आर एंड डी) व्यय-जीडीपी अनुपात में मात्र 0.7% है और 1.8% के विश्व औसत से भी बहुत कम है।

सरकार के विभिन्न प्रयासों के बावजूद आज भी अगर देश के 80 करोड़ लोग को निःशुल्क अनाज दिया जा रहा है तो निश्चित ही ये जनसंख्या अकुशल है। 'स्किल इंडिया' कई कारणों से अपेक्षित सफलता नहीं पा सका, जिसका मुख्य कारण प्रशिक्षण बुनियादी ढांचे की कमी और निजी क्षेत्र की सीमित भागीदारी है। आज भी प्रशिक्षित, प्रमाणित और अंततः प्लेसमेंट पाने वाले उम्मीदवारों की संख्या के बीच एक बड़ा बेमेल है। याद रहे एक कुशल और शिक्षित श्रम बल देश को उच्च विकास दर ले जाता है। कौशल व शिक्षा ऐसा क्षेत्र है जहां निवेश के कई प्रभाव होते हैं। जब कार्यबल अधिक कुशल बनेगा, तब आर्थिक विकास की गति को बल मिलेगा, सामाजिक बुराइयां कम होंगी और महिलाएं भी सुरक्षित होंगी। परिणामस्वरूप देश का तेजी से विकास होगा। भारत चालू खाता घाटे से लगातार जूझता रहा है, जिसका अर्थ है कि भारत का आयात इसके निर्यात से अधिक है। पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होने के बावजूद, भारत दुनिया के निर्यात में बमुश्किल 1.6 प्रतिशत योगदान देता है। 'मेक इन इंडिया' अभियान का एक प्राथमिक उद्देश्य 2022 तक भारतीय सकल घरेलू उत्पाद में विनिर्माण क्षेत्र की हिस्सेदारी को 25 प्रतिशत तक बढ़ाना था हालांकि पिछले 9 सालों में यह 14 से 16 प्रतिशत के बीच बना हुआ है। पीएम गति शक्ति, नेशनल सिंगल विंडो क्लीयरेंस, जीआईएस-मैप्ड लैंड बैंक, उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन योजना जैसी हालिया नीतियों के कार्यान्वयन से विनिर्माण क्षेत्र को लाभ होने का अनुमान है। अर्थव्यवस्था के बढ़ते आकार के बीच भारत के लिए आर्थिक असमानता को पाटने की बड़ी चुनौती है। ऑक्सफैम की रिपोर्ट सर्वाइवल ऑफ द रिचेस्टः द इंडिया स्टोरी के अनुसार, भारत में सबसे अमीर 1 फीसद आबादी के पास देश की कुल संपत्ति का 40 प्रतिशत से अधिक हिस्सा है। वैश्विक अर्थव्यवस्था में भले भारत की स्थिति पांचवीं हो गई हो, मगर विकास का हिस्सा बहुतों तक अभी पहुंच नहीं रहा है। पूंजीगत व्यय बढ़ने के बावजूद विश्व बैंक के अनुसार भारत का अवसंरचनात्मक अंतराल लगभग 1.5 ट्रिलियन डॉलर के होने का अनुमान है। खाद्य सुरक्षा प्राप्त करने, आय बढ़ाने और रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए कृषि की भूमिका सदैव महत्वपूर्ण बनी रहेगी। 2025 तक भारतीय एग्रीटेक बाजार की क्षमता 22 अरब डॉलर होने का अनुमान है, जिसमें से अब तक बमुश्किल 2% पर ही हम पहुंच पाए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में विकास, कृषि आधारित औद्योगीकरण द्वारा संचालित होना चाहिए। सरकार के निवेश प्रोत्साहन पर निजी क्षेत्र की प्रतिक्रिया अपर्याप्त रही है, फिर भी इन्फ्रास्ट्रक्चर एवं सामाजिक कल्याण से जुड़ी योजनाओं पर सरकारी खर्च जारी रहना चाहिए वहीं नई सरकार को बॉण्ड बाज़ार, बीमा बाज़ार और पेंशन बाज़ार का विकास भी करना चाहिए।

नई सरकार को कुछ श्रेणी में जीएसटी को भी युक्तिसंगत बनाने की जरूरत है। दूसरी तरफ, सरकार अगर चाहे तो कर राजस्व बढ़ाने के लिए कॉरपोरेट कर, संपत्ति कर जैसे कर बढ़ा सकती है। भारतीय अर्थव्यवस्था पर बढ़ता क़र्ज़ भी ऐसी चुनौती है जिसका भविष्य में समाधान निकालना ही होगा। साइबर अपराध के मामलों में तेजी से वृद्धि ने आम लोगों को बहुत आर्थिक चोट पहुंचाई है। निजी निवेश में सुधार अर्थव्यवस्था में तरक्की का सबसे अहम कारक होगा और अगली सरकार को इस पर खास जोर देना चाहिए। हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक ने केंद्र सरकार को 2.11 लाख करोड़ रुपये के लाभांश भुगतान करने का ऐलान किया है। सरकार को इस धन को शिक्षा व रोजगार निर्माण में लगाना चाहिए।

(लेखक जेएनयू में एसोसिएट प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## सारा संसार



गणेश टोंक गंगटोक में टीवी टॉवर के पास एक पहाड़ी की चोटी पर स्थित प्रसिद्ध गणेश मंदिर है जिसकी गिनती भारत के प्रमुख गणेश मंदिर में की जाती है। हरी-भरी घाटियों और माउंट खंगचेंदज़ोंगा के सुंदर दृश्यों को प्रस्तुत करता हुआ यह मंदिर पर्यटकों और श्रद्धालुओं सभी के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।


## श्रावण मास का धार्मिक और वैज्ञानिक महत्व



संकलित
दर्शन

भारतीय मनीषियों ने काल गणना के प्रसंग में संस्कृत के 12 मासों को वैज्ञानिकता की पृष्ठभूमि में निर्धारित किया है, जिसमें श्रावण मास चैत्रादि मासों के क्रम में पांचवें मास के क्रम में स्वीकार किया है। संस्कृत व्याकरण की दृष्टि से श्रवण नक्षत्र में अण प्रत्यय के योग से श्रावण शब्द बनता है, जिसका अर्थ है श्रवण से संबंधित। ध्यातव्य है कि ज्योतिष शास्त्र में श्रवण नक्षत्र का स्वामी भगवान विष्णु को माना गया है। जिस महीने में श्रवण नक्षत्र में पूर्णिमा होती है, उसे ही श्रावण मास कहते हैं। कुछ विद्वानों के मत से सृष्टि का प्रारंभ जल से हुआ है और सावन मास जल के लिए जाना जाता है। अतः यह सृष्टि का पहला महीना है। वेद कहते हैं- 'अप एव ससर्जादौ' अर्थात विधाता ने सर्वप्रथम जल का निर्माण किया। महाकवि कालिदास जी कहते हैं- या सृष्टिः स्रष्टुराद्या अर्थात ब्रह्मा की पहली सृष्टि जल ही है। सावन मास में सूर्य दक्षिणायन हो जाते हैं। कर्क राशि का सूर्य ही सावन मास है। इस महीने भगवान विष्णु जल का आश्रय लेकर क्षीरसागर में शयन करने चले जाते हैं। जल वृष्टि अधिक होने से पृथ्वी में कणों के गर्भांकुर फूट पड़ते हैं। गर्मी का ताप शांत हो जाता है। हृदयहारी वायु बहने लगती है। सभी चराचर जड़ चेतन जीव-जंतु हर्षित हो जाते हैं। प्रकृति का वातावरण सुरम्य हो जाता है। संपूर्ण जीव-जगत उल्लास से भर जाता है। ऊष्णता से संतप्त प्राणियों को शरण देने वाला श्रावण मास का शुभागमन परम आह्लाद देने वाला हो जाता है।

## स्वयं के धर्म की चिंता



संकलित
प्रेरणा

एक आदमी तालाब के किनारे बैठ कर कुछ सोच रहा था। तभी उसने पानी में किसी के डूबने की आवाज सुनी और उसने तालाब की तरफ देखा तो उसे एक बिच्छू तालाब में डूबता दिखाई दिया। अचानक ही वह आदमी उठा और तालाब में कूद गया। उस बिच्छु को बचाने के लिए उसने उसे पकड़ लिया और तालाब के बाहर लाने लगा। इससे घबराकर बिच्छू ने उस आदमी को डंक मारा। आदमी का हाथ खून से भर गया वो जोर-जोर से चिल्लाने लगा, उसका हाथ खुल गया और बिच्छू फिर पानी में गिर गया। आदमी फिर उसके पीछे गया। उसने बिच्छु को पकड़ा। लेकिन बिच्छू ने फिर से उसे काट लिया। यह बार-बार होता रहा। यह पूरी घटना दूर बैठा एक आदमी देख रहा था। वो उस आदमी के पास आया और बोला - अरे भाई ! वह बिच्छू तुम्हे बार-बार काट रहा है। तुम उसे बचाना चाहते हो, वो तुम्हे ही डंक मार रहा है। तुम उसे जाने क्यूँ नहीं देते? मर रहा हैं अपनी मौत, तुम क्यूँ अपना खून बहा रहे हो? तब उस आदमी ने उत्तर दिया - भाई ! डंक मरना तो बिच्छू की प्रकृति है। वह वही कर रहा है लेकिन मैं एक मनुष्य हूँ, और मेरा धर्म है दूसरों की सेवा करना और मुसीबत में उनका साथ देना। अतः बिच्छू अपना धर्म निभा रहा हैं और मैं मेरा।

विश्व रक्तदाता दिवस
अरुण कुमार कैहरबा



# मानवता के अनूठे सिपाही रक्तदाता

खून के रिश्तों की सीमाएं जाति, धर्म-संप्रदायों की श्रेष्ठता को जन्म देते हुए अनेक संकीर्णताओं को जन्म देती हैं। इस श्रेष्ठता ग्रंथि का कोई वैज्ञानिक आधार नहीं है। फिर भी इसके कारण इतिहास में अनेक युद्ध हुए हैं। हिटलर जैसे कट्टर लोगों ने फासीवाद जैसे क्रूर विचार को आगे बढ़ाते हुए लाखों यहूदियों को मौत के घाट उतार दिया। दूसरों का खून खून बहाने की भावना के विपरीत रक्तदान अहिंसा और सत्य के विचार को आगे बढ़ाता है। रक्तदाता दुनिया को बांटने-तोड़ने की बजाय जोड़ने का संदेश देता है। मानवता के अनूठे सिपाही बनकर रक्तदाता रक्त नालियों या सड़कों पर बहने की बजाय मनुष्य की नाड़ियों में बहाने का संदेश देते हैं। रक्तदान को बढ़ावा देने और रक्तदाताओं का सम्मान करने के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन ने 2004 में हर वर्ष 14 जून को रक्तदाता दिवस मनाने का निर्णय लिया था। सवाल यह है कि आखिर रक्तदाता दिवस के लिए यही दिन क्यों चुना गया। दरअसल यह दिन प्रसिद्ध जीव विज्ञानी एवं भौतिकीविद कार्ल लैंडस्टाइनर का जन्मदिन (14 जून, 1868) है। लैंडस्टाइनर ने रक्त का ए, बी, एबी और ओ अलग-अलग रक्त समूहों में वर्गीकरण कर चिकित्सा विज्ञान में अहम योगदान दिया था। शरीर विज्ञान में उनके योगदान के लिए उन्हें 1930 में नोबेल पुरस्कार दिया गया था। उनके जन्मदिन को यादगार बनाने के लिए यह दिन रक्तदाता दिवस के रूप में चुना गया। मकसद यही था कि रक्त का व्यापार ना हो। इसके साथ ही स्वास्थ्य संगठन ने शत-प्रतिशत स्वैच्छिक रक्तदान नीति की नींव डाली, लेकिन अब तक लगभग 49 देशों ने ही इस पर अमल किया है। तंजानिया जैसे देश में 80 प्रतिशत रक्तदाता पैसे नहीं लेते। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार ही भारत में प्रतिवर्ष 1करोड़ यूनिट रक्त की ज़रूरत होती है, लेकिन उपलब्ध 75 लाख यूनिट ही हो पाता है। करीब 25 लाख यूनिट रक्त के अभाव में हर साल कितने ही मरीज दम तोड़ देते हैं। आंकड़ों के मुताबिक राजधानी दिल्ली में हर साल 3 लाख 50 हजार रक्त यूनिट की आवश्यकता रहती है, लेकिन स्वैच्छिक रक्तदाताओं से इसका महज 30 फीसदी ही जुट पाता है। जो हाल दिल्ली का है वही शेष भारत का है। विशेषज्ञों के अनुसार भारत में कुल रक्तदान का केवल 59 फीसदी रक्तदान स्वैच्छिक होता है। भारत में अनेक शख्सियतें हैं, जो रक्तदान की अलख जगा रही हैं। भारतीय सेना में ऑनरेरी कैप्टन के पद से सेवानिवृत्त हुए हरियाणा के सुरेश सैनी 144 बार रक्तदान कर चुके हैं। यही नहीं उन्होंने 97 बार प्लेटलेट और एक बार प्लाज्मा भी दान किया है। रक्तदान, प्लेटलेट और प्लाज्मा दान के मामले में 242 का आंकड़ा छूने वालों में वे देशभर के गिने-चुने नामों में से एक हैं। उन्होंने अपनी बेटी के विवाह में कन्यादान करने से पहले रक्तदान की रस्म अदा की। पुलिस अधिकारी डॉ. अशोक वर्मा, रैडक्रॉस करनाल में जिला प्रशिक्षण अधिकारी के पद से सेवानिवृत्त हुए एमसी धीमान भी ऐसे ही व्यक्ति हैं, जो खुद रक्तदान करते हुए भी रक्त की जरूरत पूरी करने में लोगों का स्वैच्छिक सहयोग करते हैं। संकट के समय तो रक्तदान की अहमियत और बढ़ जाती है। चाहे कोरोना के संकट का समय है या युद्ध या कोई अन्य प्राकृतिक एवं मानवीय आपदा। उस समय रक्तदाता की अहमियत और ज्यादा बढ़ जाती है। हम सभी को मिलजुल कर विश्व शांति, सद्भाव और भाईचारे को बढ़ावा देने के लिए रक्तदान को प्रेरित करना चाहिए।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## जल संकट



*नई दिल्ली में चल रहे जल संकट के बीच विवेकानंद कैंप इलाके में एक महिला टैंकर से पीने का पानी भरकर ले जाती हुई। इन दिनों गर्मी में दिल्ली के अधिकांश इलाकों में पानी संकट चल रहा है।*

## आज की पाती

### जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद की आग कब बुझेगी?

हाल ही में जम्मू के रियासी जिला में आतंकियों ने श्रद्धालुओं से भरी बस पर जो कायरतापूर्ण हमला किया, वो बहुत ही शर्मनाक और निंदनीय है। इससे पता चलता है कि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता है। किसी भी धर्म में हिंसा का जिक्र नहीं है। इस आतंकी हमले पर कुछ बुद्धिजीवी और अन्य लोग यह तर्क भी दे रहे हैं कि यह हमला तब हुआ जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने जा रहे हैं। कुछ राजनीतिक दल इस हमले पर राजनीति की रोटियां सेंकने की भी कोशिश कर सकते हैं। जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद फैलाने में पाकिस्तान का सबसे बड़ा हाथ है। सवाल यह कि इस राज्य में आतंकवाद की आग कब बुझेगी?

*-सुरेश देवांगन, जगदलपुर*

## करंट अफेयर

### अर्जेंटीना की सीनेट ने दी प्रमुख सुधारों को मंजूरी

अर्जेंटीना की सीनेट ने राष्ट्रपति जेवियर मिलेई द्वारा प्रस्तावित प्रमुख राज्य सुधार और कर विधेयकों को मंजूरी दे दी है, जिससे उदारवादी नेता को क्रांतिकारी परिवर्तन लाने के अपने वादों को पूरा करने के प्रयासों में प्रारंभिक विधायी जीत मिली है। सांसदों ने 11 घंटे की चर्चा के बाद बुधवार देर रात 36 के मुकाबले 37 मतों से सुधार विधेयक को मंजूरी दे दी। इस कानून के प्रति तीव्र प्रतिक्रिया और अर्जेंटीना की कांग्रेस (संसद) में विधेयकों को लेकर पक्ष और विरोध में समान मत पड़ने के बाद उप राष्ट्रपति और सीनेट की सभापति विक्टोरिया विलारुएल ने मेइली के एजेंडे के पक्ष में निर्णायक मतदान किया। यह कानून ऊर्जा, पेंशन, सुरक्षा और अन्य क्षेत्रों में राष्ट्रपति को व्यापक अधिकार प्रदान करता है। इसमें कई ऐसे उपाय शामिल हैं जिन्हें विवादास्पद माना जाता है, जिसमें विदेशी निवेशकों के लिए एक उदार प्रोत्साहन योजना, अघोषित संपत्ति वाले लोगों के लिए कर माफी और अर्जेंटीना की कुछ सरकारी स्वामित्व वाली कंपनियों के निजीकरण की योजना शामिल है। संसद के उच्च सदन सीनेट के सदस्यों को इस विधेयक के प्रत्येक अनुच्छेद को भी स्वीकृति देनी होगी।



## ऑफ बीट

### ओजान परत को नुकसान पहुंचाने वाले रसायन घट रहे

1985 में ओजोन परत में छेद की खोज के बाद से देशों ने इसकी बहाली में सहायता के लिए संधियों पर सहमति व्यक्त की है और उनमें संशोधन किया है।



इनमें सबसे उल्लेखनीय ओजोन परत को ख़राब करने वाले पदार्थों पर मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल है, जिसे व्यापक रूप से अब तक का सबसे सफल पर्यावरण समझौता माना जाता है। संयुक्त राष्ट्र के प्रत्येक सदस्य देश द्वारा अनुमोदित और पहली बार 1987 में अपनाए गए मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल का उद्देश्य वायुमंडल में ओजोन-घटाने वाले पदार्थों की रिलीज को कम करना था। इनमें से सबसे प्रसिद्ध क्लोरोफ्लोरोकार्बन (सीएफसी) हैं। 1989 से शुरू होकर, प्रोटोकॉल ने 2010 तक सीएफसी के वैश्विक उत्पादन को चरणबद्ध कर दिया और रेफ्रिजरेटर, एयर कंडीशनर और इंसुलेटिंग फोम जैसे उपकरणों में उनके उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया। क्रमबद्ध रूप से इन रसायनों को हटाने से कम स्थापित अर्थव्यवस्था वाले देशों को विकल्पों में बदलाव के लिए समय दिया और उन्हें प्रोटोकॉल के नियमों का अनुपालन करने में मदद करने के लिए धन उपलब्ध कराया। आज, रेफ्रिजरेटर और एयरोसोल के डिब्बे में प्रोपेन जैसी गैसें होती हैं।

## ट्रेंड

### पुनः कार्यभार संभाला



मैंने रक्षा मंत्रालय का कार्यभार पुनः ग्रहण कर लिया। रक्षा मंत्रालय रक्षा में आत्मनिर्भरता की दिशा में काम करना जारी रखेगा। हमारे सशस्त्र बल भारत की बाहरी सुरक्षा बनाए रखने में सराहनीय कार्य कर रहे हैं।

-राजनाथ सिंह, केंद्रीय रक्षा मंत्री

### सावधानी के साथ तैनाती



आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को थोड़ी सावधानी के साथ तैनात किया जा रहा है। सरकारों, उद्योग, शिक्षा जगत और नागरिक समाज को मिलकर एआई सुरक्षा के लिए नियम विकसित करने चाहिए, इससे पहले कि बहुत देर हो जाए।

-एंटोनियो गुतरेस, यूएन महासचिव

### यही खेल चल रहा



उत्तर प्रदेश पुलिस में सब इंस्पेक्टर के स्तर पर आउटसोर्सिंग से भर्तियों पर विचार किया जा रहा है। जिलों के अधिकारियों को पत्र भेजा गया था जो कि सोशल मीडिया पर वायरल है। भाजपा ने अग्निपथ स्कीम लाकर सेना को कमजोर किया। अब यूपी पुलिस में यही खेल चल रहा है।

-प्रियंका गांधी, कांग्रेस महासचिव

### स्टारशिप सर्वाधिक शक्ति वाली



स्टारशिप अब तक बनाई गई सबसे अधिक शक्ति वाली उड़ने वाली वस्तु है। वर्तमान में सैटर्न वी के दोगुने से अधिक जोर और, भविष्य के उन्नयन के साथ, तीन गुना जोर (10,000 टन बल)।

-एलन मस्क, उद्योगपति

**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।


हरियाणा सरकार
डबल इंजन सरकार, योजनाएं अपार
सड़क तंत्र का हो रहा लगातार विस्तार
हरियाणा में आज से शुरु
₹3600 करोड़ की लागत से
7300 कि.मी. लम्बी कुल 2500 सड़कों के
नव-निर्माण व पुनरुद्धार के कार्य
अक्तूबर 2014 से आज तक पूर्ण
₹32,400 करोड़ की लागत से
58,200 कि.मी. लम्बी सड़कों के
नव-निर्माण व पुनरुद्धार के कार्य
हरियाणा में ₹40,000 करोड़ की लागत से
1350 कि.मी. लम्बे
राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण
"सरकार का ध्येय है कि अब विकास कार्यों को और भी तीव्रता से संपन्न करवाना है, इसी श्रृंखला में राज्य भर में आधारभूत संरचनाओं को तीव्रता से मजबूत किया जा रहा है।"
- नायब सिंह
"इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़े प्रोजेक्ट्स पर जिस स्केल और स्पीड से काम हो रहा है, वह अभूतपूर्व है। इससे हरियाणा को भी लाभ हो रहा है। राज्य में नेशनल हाइवे ग्रिड को गति दी जा रही है।"
- नरेन्द्र मोदी
नये कार्यों की विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाइट पर जाएं
www.works.haryana.gov.in
www.etenders.hry.gov.in
सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा
www.prharyana.gov.in
Follow us on :
@dipdharyana

# लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव 26 जून को, अभी नाम तय नहीं

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



आगामी 26 जून को लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव होगा। पिछले लोकसभा में अध्यक्ष रहे ओम बिरला ही फिर से सदन को संभालेंगे या कोई नया चेहरा अध्यक्ष की कुर्सी पर बैठेगा इसे लेकर अभी तस्वीर साफ नहीं है। पिछले कई दिनों से चर्चा है कि टीडीपी चाहती है कि लोकसभा अध्यक्ष उसके खाते में आये पर भाजपा हर हाल में यह महत्वपूर्ण पद अपने पास रखना चाहती है। जिस प्रकार से मंत्रिमंडल में एनडीए के घटक दलों को कोई खास अहमियत नहीं मिली उसे देखते हुए माना जा रहा है कि भाजपा हर सूरत में अध्यक्ष का पद अपने पास रखेगी। होगा क्या यह 26 जून को स्पष्ट हो जाएगा।

27 तारीख को संसद के दोनों सदनों को राष्ट्रपति संबोधित करेंगी और इसी दिन सुबह 11 बजे राष्ट्रपति का अभिभाषण होगा। यानि इससे पहले सभी नवनिर्वाचित लोकसभा सांसदों को शपथ दिलाने के साथ ही नए अध्यक्ष को भी चुन लिया जाएगा। 24 और 25 जून को प्रोटेम स्पीकर नए सांसदों को शपथ दिलवाएंगे।

लोकसभा अध्यक्ष का पद भारतीय जनता पार्टी अपने पास ही रखने जा रही है, यानि 18वीं लोकसभा में भी भाजपा का ही कोई सांसद लोकसभा का अध्यक्ष चुना जाएगा, यह लगभग तय है। भाजपा सूत्रों ने इन अटकलों को खारिज करते हुए बताया कि किसी भी सहयोगी दल की तरफ से लोकसभा अध्यक्ष के पद को लेकर कोई मांग नहीं आई है. भाजपा जल्द ही यह तय करेगी कि लोकसभा अध्यक्ष कौन होगा। इसके बाद एनडीए घटक दलों के साथ इस पर सहमति बनाई जाएगी।

गौरतलब है कि मोदी सरकार के पहले कार्यकाल में मध्य प्रदेश की इंदौर से भाजपा की लोकसभा सांसद सुमित्रा महाजन को और दूसरे कार्यकाल में राजस्थान के कोटा से भाजपा सांसद ओम बिरला को लोकसभा अध्यक्ष चुना गया था लेकिन इस बार के तीसरे कार्यकाल में भाजपा के पास 2014 और 2019 की तरह लोकसभा में बहुमत नहीं है।

सूत्रों के मुताबिक, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विदेश दौरे से लौटने के बाद लोकसभा के नए अध्यक्ष के नाम पर विचार-विमर्श किया जाएगा। भाजपा पहले पार्टी के स्तर पर लोकसभा के भावी अध्यक्ष का नाम तय करेगी, इसके बाद सहयोगी दलों के साथ उस नाम पर विचार-विमर्श किया जाएगा,अगर सहयोगी दल की तरफ से कोई सुझाव या मांग आती है, तो भाजपा फिर नए फॉर्मूले पर विचार करेगी।

24 जून से शुरू होने जा रहे 18वीं लोकसभा के पहले सत्र के दौरान भाजपा अपनी पार्टी के किसी सांसद के नाम को लेकर विपक्षी दलों से भी संपर्क साधेगी, ताकि सदन में सर्वसम्मति से लोकसभा के नए अध्यक्ष का चयन हो सके। अगर सरकार के प्रस्ताव विपक्षी दल स्वीकार कर लेते हैं, तो चुनाव की नौबत नहीं आएगी लेकिन अगर विपक्ष अपनी तरफ से भी उम्मीदवार खड़ा करता है, तो 26 जून को लोकसभा में नए अध्यक्ष के चुनाव के लिए मतदान हो सकता है।

## पेज एक का शेष

### डीजीपी बोले-एक...

को लेकर गुरुवार को समीक्षा बैठक की। इस बैठक में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल भी मौजूद थे। रिव्यू मीटिंग में पीएम मोदी को जम्मू-कश्मीर में आतंकी हमलों के साथ ही अब तक उठाए गए कदम के बारे में जानकारी दी गई। पीएम मोदी ने जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा स्थिति पर गृह मंत्री अमित शाह और केंद्र शासित प्रदेश के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा से भी बात की है। उधर, राज्य के डीजीपी ने कहा है कि हम एक-एक आतंकी को ढूंढ ढूंढ़कर मारेंगे। कोई भी आतंकी बचकर नहीं जा पाएगा।

**चौथा आतंकी हमला...एक जवान घायल:** आतंकी हमलों के मद्देनजर जम्मू के अधिकतर हिस्सों में सेना, पैरामिलिट्री और जम्मू कश्मीर पुलिस ने सामूहिक रूप से सघन तलाशी अभियान छेड़ रखा है। इसी अभियान के तहत सुरक्षा बलों की एक टुकड़ी डोडा जिले के कोटा टॉप गंडोह इलाके में तलाशी ले रही थी। तभी घात लगा कर छिपे आतंकियों ने अचानक गोलियां चलानी शुरू कर दी।

### नीट-यूजी का पेपर...

है। जिसमें न्यायालय ने नीट-यूजी परीक्षा में ग्रेस मॉर्क्स पाने वाले 1 हजार 563 छात्रों की 23 जून को फिर से परीक्षा कराने का आदेश दिया है। इसका परिणाम 30 जून को आएगा। इसके अलावा शीर्ष अदालत ने नीट की काउंसलिंग पर रोक लगाने से भी इंकार कर दिया है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि जो छात्र 23 जून को फिर से परीक्षा देना चाहते हैं, दे सकते हैं और जो अपने पूर्व अंकों के साथ कायम हैं।

### मृतकों की 'पहचान'...

विजयन की अध्यक्षता में कैबिनेट की आपात बैठक हुई। बैठक में मुआवजे का ऐलान किया गया है। केरल के 24 लोगों की हादसे में मौत हो गई है। वहीं, सात लोग घायल हैं। मृतकों के अलावा, घायलों के लिए सरकार ने एक लाख रु. की सहायता राशि देने का ऐलान किया है। केरल सरकार में स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज कुवैत पहुंच गई हैं। हादसे में मरने वाले तमिलनाडु के 5 लोग भी शामिल हैं।

### ओडिशा में भी भाजपा...

वॉटर डिस्प्यूट्रस ट्रिब्यूनल द्वारा नहीं सुलझा तो सुप्रीम कोर्ट से इसका हल निकलेगा, इसकी संभावना जीरो हो गई।

**ट्रिब्यूनल के अध्यक्ष जस्टिस खानविलकर अब लोकपाल:** मगर, सवाल ये है कि केंद्र सरकार के जलशक्ति मंत्रालय द्वारा 2016 में स्थापित ट्रिब्यूनल वर्ष 2024 तक किया क्या? जस्टिस एएम खानविलकर की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय ट्रिब्यूनल ने ठीक सालभर पहले ओडिशा और छत्तीसगढ में उपजे महानदी विवाद को सुलझाने ऑन-स्पॉट विजिट किया। उसके बाद दोनों पक्षकारों को दिल्ली बुलाकर सुनवाई चली तो उम्मीद की जा रही थी कि फैसला जल्द आएगा, मगर ऐसा कुछ नहीं हुआ। ट्रिब्यूनल को इस बीच एक साथ तीन वर्ष का सेवा विस्तार मिला। इधर, ट्रिब्यूनल को सेवा विस्तार मिला उधर ट्रिब्यूनल अध्यक्ष जस्टिस खानविलकर को लोकपाल अध्यक्ष पद पर केंद्र सरकार ने नियुक्त कर दिया। जनवरी 2024 से उनके नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू हुई। मार्च में लोकपाल की जिम्मेदारी लेकर जस्टिस खानविलकर की ट्रिब्यूनल से विदाई हो गई। काम फिर ठप।

**अब 'अपनों' से आसरा:** केंद्र में भाजपानीत सरकार बनी। छत्तीसगढ में भी भाजपा की सरकार है और अब ओडिशा में भी भाजपा की सरकार बन गई। अब उम्मीद की जा रही है कि आपसी सहमति के आधार पर बीच का कोई रास्ता निकले। बरसों से चला आ रहा महानदी विवाद सुलझे। इस विवाद का हल जल्द नहीं हुआ तो विशेषज्ञों का मानना है कि बैराज भले ही छत्तीसगढ की तरफ बना हो मगर छग में भी भूजल स्तर कम होने की स्थिति से इनकार नहीं किया जा सकता।

### ये है विवाद...

गया था। ट्रिब्यूनल का कार्यकाल 11 मार्च 2023 तक या रिपोर्ट जमा करने तक, जो पहले हो की तर्ज पर तय किया गया था। अब तीन साल, 11 अप्रैल 2026 तक के सेवा विस्तार पर है ट्रिब्यूनल।

### एक समय में 'बैंकों...

करने का आह्वान किया। चौहान ने दीनदयाल अन्त्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (डी.ए.वाई.-एन.आर.एल.एम.) के तहत किए गए प्रयासों की सराहना की और महिला स्वयं सहायता समूहों (एस.एच.जी.) द्वारा बनाए गए उत्पादों की बिक्री के लिए ब्रांडिंग और विपणन प्रयासों को मजबूत करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि कभी 'बैंकों की पहुंच से वंचित' मानी जाने वाली ये महिलाएं 'भविष्य की लखपति दीदी' हैं और स्वयं सहायता समूह ग्रामीण ऋण की दशकीय समस्या को हल करने के लिए अच्छी तरह से तैयार हैं। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) की समीक्षा करते हुए चौहान ने कहा कि यह योजना ग्रामीण भारत की तस्वीर बदलने में सहायक रही है और इसे विकसित भारत की प्राप्ति को सुगम बनाने के लिए आगे बढ़ाने की जरूरत है।

## सोने में 50 रु. की गिरावट चांदी 550 रुपये टूटी

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कमजोरी के रुख के अनुरूप राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोना 50 रुपये की गिरावट के साथ 72,150 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 72,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 550 रुपये लुढ़ककर 90,950 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। पिछले सत्र में यह 91,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक-जिंस सौमिल गांधी ने कहा, 'दिल्ली के बाजारों में हाजिर सोने (24 कैरेट) की कीमतें 72,150 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रही हैं, जो पिछले बंद भाव से 50 रुपये की गिरावट है।' अंतरराष्ट्रीय बाजार कॉमेक्स में हाजिर सोना 2,313 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था, जो पिछले बंद भाव से दो डॉलर कम है।

## सेंसेक्स, निफ्टी ने छुआ नया रिकॉर्ड स्तर

एजेंसी ▶▶ मुंबई



- महंगाई में नरमी से बाजार उत्साहित
- पूंजीगत उत्पाद, टिकाऊ उपभोक्ता सामान में खरीदारी बढ़ी

खुदरा मुद्रास्फीति में नरमी से नीतिगत ब्याज दर में कटौती की उम्मीद बढ़ने के बीच स्थानीय शेयर बाजार में बृहस्पतिवार को तेजी का माहौल रहा और दोनों मानक सूचकांक सेंसेक्स एवं निफ्टी ने दिन में कारोबार के दौरान नए रिकॉर्ड स्तर को छू लिया। कारोबारियों ने कहा कि पूंजीगत उत्पाद, टिकाऊ उपभोक्ता सामान और औद्योगिक शेयरों में भारी खरीदारी ने भी सूचकांकों को आगे बढ़ाने में मदद की। बुधवार को जारी सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, मई में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित खुदरा मुद्रास्फीति 4.75 प्रतिशत पर आ गई जो एक साल का निचला स्तर है। दिन में कारोबार के दौरान बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 538.89 अंक उछलकर 77,145.46 अंक के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया था। बाद में यह 204.33 अंक यानी 0.27 प्रतिशत की बढ़त के साथ 76,810.90 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी 75.95 अंक की बढ़त के साथ 23,398.90 अंक पर बंद हुआ।

### लाभ के साथ बंद हुए ये शेयर

सेंसेक्स की कंपनियों में महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाइटन, लार्सन एंड टुब्रो, इंडसइंड बैंक, टेक महिंद्रा, अल्ट्राटेक सीमेंट, विप्रो, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, बजाज फाइनेंस और नेस्ले सबसे ज्यादा लाभ में रहीं।

### ये शेयर रहे नुकसान में

दूसरी तरफ हिंदुस्तान यूनिलीवर, पावर ग्रिड, एक्सिस बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक और आईटीसी के शेयरों में गिरावट का रुख रहा। व्यापक बाजार में बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 0.89 प्रतिशत चढ़ गया जबकि मिडकैप में 0.79 प्रतिशत की तेजी रही।

### पीएलआई योजना से आएगा चार लाख करोड़ का निवेश

**नई दिल्ली।** सेमीकंडक्टर, सौर मॉड्यूल और फार्मास्युटिकल जैसे क्षेत्रों में बड़ी परियोजनाएं शुरू होने की उम्मीदों के बीच उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना से अगले चार साल में तीन से चार लाख करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित करने और दो लाख रोजगार के अवसरों का सृजन होने की उम्मीद है। रेटिंग एजेंसी इक्रा के एक शीर्ष अधिकारी ने यह अनुमान जताया है।

## कल्याण ज्वेलर्स ने अपने मेगा बोनान्जा ऑफर के लॉन्च के साथ सीजन के उत्सव की शुरुआत की

**नई दिल्ली।** भारत के सबसे भरोसेमंद और अग्रणी आभूषण ब्राण्डों में से एक कल्याण ज्वेलर्स ने अपने मेगा-बोनान्जा ऑफर को लांच कर दिया है। मेगा-बोनान्जा ऑफर दरअसल फादर्स डे और बकरीद के साथ साथ जमाई षष्ठी, वट सावित्री और गंगा दशहरा जैसे जीवंत त्यौहारों के साथ जश्न के सीजन की शुरुआत करता है। यह मेगा-बोनान्ज़ा ऑफर कल्याण ज्वेलर्स से सोने की खरीद पर बेहतरीन सौदों के साथ विशेष अवसरों को और अधिक यादगार बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। कल्याण ज्वेलर्स ने भारत में अपने शोरूम में सभी आभूषण उत्पादों पर मेकिंग चार्ज पर फ्लैट 50 प्रतिशत की छूट की घोषणा भी की है। इसके साथ-साथ रोज़मर्रा के इस्तेमाल से लेकर शानदार हैवीवेट पीस तक, आभूषणों की एक विस्तृत रेंज पर भारी छूट का ऑफर भी घोषित किया गया है। इस तरह कल्याण ज्वेलर्स का लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि हर उत्सव खुशी से जगमगा उठे। यह ऑफर 30 जून, 2024 तक वैध है। मेगा-बोनान्ज़ा ऑफर के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कल्याण ज्वेलर्स के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर रमेश कल्याणरमन ने कहा, ''हमने हमेशा ग्राहकों को केन्द्र में रखते हुए इनोवेशन पर फोकस किया है और हमारी इसी प्रतिबद्धता ने हमारे संरक्षकों के साथ हमारे बंधन को और मजबूत किया है।

**सूचना**

मैं, प्रशांत शर्मा पुत्र श्री अनिल कुमार शर्मा निवासी 183, गली नं. 4/1, करावल नगर, एक्टेंशन, उत्तर पूर्वी दिल्ली-110094 बयान करता हूं कि मैंने अपने नाबालिग पुत्र विवान शर्मा आयु 1 वर्ष का नाम बदलकर वेदांश शर्मा रख लिया है। मैं प्रमाणित करता हूं कि इस विषय में मैंने अन्य सभी कानूनी औपचारिकताएं पूरी की ली हैं।

**ज्योतिष**

सबको आजमाया बार-बार हमें आजमाये सिर्फ एक बार
तंत्र-मंत्र के सम्राट
जिसे होगा ज्ञान वही करेगा काम सभी समस्याओं का समाधान

बाबा अकबर खान
स्पे. प्रेम विवाह, किया कराया, कारोबार, शादी में रुकावट
ग्रहक्लेश, विदेश यात्रा, मुठकरनी, सौतन व दुश्मन से छुटकारा, A to Z सभी समस्याओं का तुरंत समाधान पायें।
9810842229
बी-5, बलराम हाऊस, मिलने सिनेमा के सामने, करमपुरा, नई दिल्ली-110015

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाइड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**भारतीय रेल**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

भारत सरकार
रेल मंत्रालय
(रेलवे बोर्ड)

सं. 2018/ट्रैक–I)पी / (आरएसपी–ईयूआर / वॉल्. । दिनांक : 12.06.2024

शुद्धिपत्र सं. 3 & 4

विषय : लॉन्ग रेल एक्सचेंज (अनलोडिंग एवं लोडिंग) सिस्टम और 05 (पांच) वर्ष के लिए इसकी वार्षिक अनुरक्षण संविदा (भारतीय रेल द्वारा मौजूदा ईयूआर उपलब्ध कराए जाने हैं) की आपूर्ति हेतु ई–निविदा सं. टीकेपी–1–2024.

इच्छुक बोलीदाताओं को सूचित किया जाता है कि वे शुद्धिपत्र के ब्यौरों के लिए http://ireps.gov.in वेबसाइट देखें।

(आलोक कुमार)
कार्यपालक निदेशक / रेलपथ (पीएंडपी)
कमरा नं–256 डी, रेल भवन,
नई दिल्ली – 110001
फोन : 011–23304852
ई मेल: alokkumar.g@gov.in

1773/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**पहचान की अपील**



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक अज्ञात व्यक्ति का शव **नाम:** मालूम नही, **पुत्र:** मालूम नही, **निवासी:** मालूम नही, **उम्र:** लगभग 55-60 वर्ष, **रंग:** गेंहुआँ, **कद:** 5'6", **पहनावा:** नीली चेकदार शर्ट और काले रंग की पैंट पहने है जो G.T. करनाल रोड के आगे Igl पंप, दिल्ली में मृत पाया गया था। इस बाबत **FIR/DD No. 543/24 U/S 279/304 IPC.dt. 07.06.2024 थाना समयपुर बादली, दिल्ली** में दर्ज है।

इस मृत व्यक्ति के बारे में या इसके परिवार के बारे में किसी भी प्रकार की जानकारी/सुराग मिले तो निम्नलिखित पते या फोन नम्बरों पर सूचित करें।

हस्ता/- थानाध्यक्ष
थाना : समयपुर बादली, दिल्ली
फोन : 7065036326

DP/7344/ON/2024

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, महेन्द्रगढ़ स्थित नारनौल**

अभियोग संख्या 85 दिनांक 05-06-2024 धारा 346 IPC थाना शहर कनीना

गुमशुदा की पहचान



**नाम :** प्रवीण कुमार
**पिता का नाम :** जवान सिंह
**पता:** गाँव ढाणा, तहसील कनीना, थाना शहर कनीना, जिला महेन्द्रगढ़
**उम:** 22 वर्ष
**कद:** 5 फुट 10 इंच
**हुलिया:** रंग गोरा, लम्बुतरा चेहरा, दुबला पतला शरीर, कद 5 फुट 10 इंच
**पहनावा:** हरे रंग का शर्ट और नीले रंग की जीन्स पहने हुए व पैरों में सफेद जूते पहने हुए।

दिनांक 04-06-2024 को प्रवीण कुमार पुत्र जवान सिंह निवासी गाँव ढाणा, तहसील कनीना, थाना शहर कनीना, जिला महेन्द्रगढ़ अपने घर से पाली यूनिवर्सिटी में पेपर देने के लिए गया था, जिसके बाद वह घर वापिस नहीं आया, जिस पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे में कोई जानकारी सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. प्रबंधक थाना शहर कनीना- 7056606029
2. पुलिस कंट्रोल रूम नारनौल- 01282-251288
3. अनुसंधानकर्ता थाना शहर कनीना- 9034572144

पीआरडीएच-1084/11/2422/2025/26748/88/7 दि. 13.06.24

## राशिफल

**मेष:** कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। मन प्रसन्न रहेगा। शैक्षिक कार्यों को लेकर सतर्क रहें। व्यवधान आ सकते हैं। खर्चों में वृद्धि होगी।

**वृष:** बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। अनाश्यक कार्यों से खर्च की अधिकता बढ़ सकती है।

**मिथुन:** नौकरी के लिए परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मान-सम्मान की प्राप्ति भी हो सकती है।

**कर्क:** कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। पिता के स्वास्थ्य का ख्याल रखें। माता का साथ मिलेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**सिंह:** मन प्रसन्न तो रहेगा। फिर भी संयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

**कन्या:** मन प्रसन्न रहेगा। शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। संयत रहें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। भाइयों के सहयोग से नए कार्य की शुरुआत होगी।

**तुला:** कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। भाग-दौड़ भी अधिक रहेगी। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृश्चिक:** संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। माता का सानिध्य मिलेगा। शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूरस्थ स्थान पर जाना हो सकता है।

**धनु:** नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के योग बन रहे हैं। आय में वृद्धि होगी। कार्यभार भी बढ़ेगा। व्यर्थ की चिंता बढ़ सकती हैं।

**मकर:** वाणी में मधुरता तो रहेगी। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। कारोबार में भाग-दौड़ अधिक रहेगी। किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं।

**कुंभ:** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार में अभी निवेश करने से बचें। आय की स्थिति में सुधार आएगा, लेकिन खर्च भी बढ़ेंगे।

**मीन:** पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। किसी रुके हुए धन की प्राप्ति हो सकती है। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। खर्चों में वृद्धि होगी।

## इम्पैक्ट रैंकिंग 2024 के आधार पर भारत में सबसे प्रभावशाली विवि में केआईआइटी शीर्ष एवं विश्व स्तर 6वां स्थान

**भुबनेश्वर।** केआईआईटी डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी को वैश्विक स्तर पर शीर्ष छठें सबसे प्रभावशाली विश्व विद्यालयों में रखा गया है और टाइम्स हायर एजुकेशन इम्पैक्ट रैंकिंग वर्ष 2024 में असमानताओं में कमी के सतत विकास लक्ष्य के संदर्भ में भारत में प्रथम स्थान दिया गया है। द टाइम्स हायर एजुकेशन इम्पैक्ट रैंकिंग उन विवि का सम्मान करती है जो कई संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्यों में उत्कृष्टता प्राप्त करते हैं। यह अनूठी रैंकिंग प्रक्रिया सभी 17 एसडीजी (संस्टेनेबल डेव्हलपमेंट गोल्स) विश्व विद्यालयों के प्रदर्शन का मूल्यांकन करती है। केआईआईटी विश्वविद्यालय 'असमानताओं में कमी' के संदर्भ में दुनिया में छठे और भारत में प्रथम स्थान पर है। इसके अतिरिक्त, केआईआईटी विश्वविद्यालय ने 'शांति, न्याय और मजबूत संस्थानों' के सतत विकास लक्ष्य में वैश्विक स्तर पर 71वां स्थान प्राप्त किया है।

Vita

THE BALLABGARH COOP. MILK PRODUCERS' UNION LTD., BALLABGARH

**वीटा मिल्क बूथों का आवंटन**

वीटा मिल्क प्लांट, बल्लबगढ के अधिकार क्षेत्र में निम्न लोकेशन पर स्थित वीटा मिल्क बूथों के आवंटन हेतू इच्छुक आवेदकों से आवेदन आमंत्रित है। आवेदन प्रपत्र शर्तों सहित किसी भी कार्यदिवस को मिल्क प्लांट, बल्लबगढ के कार्यालय से दिनांक 14.06.2024 से 23.06.2024 तक प्रातः 11 बजे से सायः 4 बजे तक 500/- रुपये के नकद भुगतान पर प्राप्त और जमा किए जा सकते हैं। बूथों का ब्यौरा इस प्रकार है।


| S. No. | Site Name | District | Reserved for Category |
|---|---|---|---|
| 1 | Sector-18, Gurugram | Gurugram | General |
| 2 | Sector- 22 (Pond Area), Gurugram | Gurugram | General |

**योग्यता:** आवेदक उसी जिले का निवासी व मैट्रिक पास होना चाहिए, आयु सीमा 18 से 55 वर्ष के बीच होनी चाहिए। आवेदन प्रपत्र के साथ धरोहर राशि के रूप में रुपए 50000/- (रुपए पचास हजार रुपए) का डिमांड ड्राफ्ट जोकि ''The Ballabgarh Cooperative Milk Producers Union Ltd.'' के पक्ष में देय हो, सलंग्न होना चाहिए। धरोहर राशि पर कोई ब्याज नहीं दिया जायेगा तथा बूथ आवंटन होने पर उसे सिकूयरिटी के रूप में परिवर्तित कर दिया जायेगा। बूथ आवटंन विभाग की नीति अनुसार गठित कमेटी द्वारा किया जायेगा जिसका निर्णय अन्तिम होगा।

हस्ता/-
मुख्य कार्यकारी अधिकारी
दुग्ध संघ बल्लबगढ

संवाद विज्ञा. सं. - 1026/11/134/2025/26717/C/88/7 दि. 13.06.24

## शब्द पहेली - 5541




**बाएँ से दाए**
1. अत्यावश्यक-6
5. कारागार, जेल-4
8. पानी, नीर-2
9. मीन, मत्स्य-3
10. लक्ष्मी, कमला-2
11. कलाकार, फनकार-4
12. मर्द, मादा का विलोम-2
14. हसरत, मुराद-4
15. कैद में, अवरुद्ध, रुका-2
17. भूमि, धरती-3
19. मतवासा, मदहोश-4
21. फिल्मी दुनिया-3,3
24. दुर्भाग्यशाली-5
27. ठोकर लगना, भिड़ना-4
29. दौंडी पीटना-3
31. सांप, सर्प-2
32. दाल-4
33. हूर, अप्सरा-2
35. गाड़ी चलाने वाला-4
36. पिता का छोटा भाई-2
38. पुत्र, बेटा-3
39. टौंटी, नलका-2
40. ललचाना, तड़फाना-4
41. टाऊन हाल, नागरिक भवन-2,4

**ऊपर से नीचे**
1. ईश्वर, अनश्वर-3,3
2. तेलहन-2
3. सुखद वस्तु, वर देना-4
4. करधनी, कमर पेटी-5
5. गलीचा-3
6. दिन-2
7. समस्या का हल-4
11. धरोहर, थाती-4
13. मिट्टी, धूल-2
16. चमकना-4
18. वायुसेना का एक विमान-3
19. इतराना-4
20. परत-2
22. जाप करना-3
23. किवाड़, द्वार-2
25. उदाहरणतः-4
26. परवरिश-3,3
28. राग छेड़ना-5
29. भेंट, मेल-मिलाप-4
30. दिया, दीपक-2
32. औषधालय, दवाखाना-4
34. खाली होना-3
37. छोटी सवारी गाड़ी-2
39. नया, नवीन-2

### शब्द पहेली - 5540 का हल





# प्रणय ने 46 मिनट में दर्ज की जीत, संघर्ष कर क्वार्टर में पहुंचे समीर

एजेंसी ▶▶| सिडनी

भारत के अनुभवी खिलाड़ी एचएस प्रणय और समीर वर्मा ने गुरुवार को यहां विपरीत अंदाज में जीत दर्ज करते हुए ऑस्ट्रेलिया ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। पांचवीं वरीयता प्राप्त प्रणय ने पुरुष एकल के दूसरे दौर के मैच में इजराइल के मिशा जिल्बरमैन 46 मिनट में 21-17, 21-15 से पराजित किया जबकि समीर को सिंगापुर के आठवें वरीय लोह कीन यूव को 21-14 14-21 21-19 से हराने के लिए एक घंटा ओर दो मिनट तक जूझना पड़ा।

प्रणय शुक्रवार को अगले दौर में जापान के दूसरे वरीय कोडाई नारोआका से भिड़ेंगे जबकि समीर का सामना चीनी ताइपे के चुन यी लिन से होगा। पुरुष एकल में भारत के एक अन्य खिलाड़ी किरण जॉर्ज को हालांकि जापान के सातवें वरीय केंटा निशिमोटो से 20-22, 6-21 से हार का सामना करना पड़ा। मिश्रित युगल में बी सुमित रेड्डी और एन सिक्की रेड्डी की आठवीं वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी ने ऑस्ट्रेलिया के काई चेन तेओह और काई क्यू बर्निस तेओह को 21-11, 21-11 से हराकर अंतिम आठ में प्रवेश किया।

ऑस्ट्रेलिया ओपन






## तीसरे दौर में पहुंची छत्तीसगढ़ की आकर्षि

*महिला वर्ग में आठवीं वरीयता प्राप्त छत्तीसगढ़ की आकर्षि कश्यप ने ऑस्ट्रेलिया की काई क्यू बर्निस तेओह को 21-16, 21-13 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया, जहां उनका मुकाबला चीनी ताइपे की तीसरी वरीयता प्राप्त यू पो पाई से होगा। अनुपमा उपाध्याय को इंडोनेशिया की छठी वरीयता प्राप्त पुत्री कुसुमा वर्दानी के खिलाफ 11-21, 18-21 से जबकि मालविका बंसोड़ को इंडोनेशिया की एक अन्य खिलाड़ी आठवीं वरीयता प्राप्त एस्टर नूरमी ट्राई वार्डोयो के खिलाफ 17-21, 21-23 से हार का सामना करना पड़ा। महिला युगल में पंडा बहनों रुतपर्णा और श्वेतपर्णा का सफर भी खत्म हो गया। सातवीं वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी पेई जिंग लाइ और चियू सीन लिम की मलेशियाई जोड़ी से 5-21, 9-21 से हार गई।*




## खबर संक्षेप



### खेल मंत्री ने ओलंपिक की तैयारियों का लिया जायजा

**नई दिल्ली।** खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने पदभार संभालने के एक दिन बाद गुरुवार को यहां भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी उषा के साथ बैठक करके इस साल होने वाले ओलंपिक खेलों के लिए भारत की तैयारियों का जायजा लिया। अनुराग ठाकुर की जगह खेल मंत्री का पद संभालने वाले मांडविया ने ओलंपिक भवन में उषा सहित आईओए के शीर्ष पदाधिकारियों से मुलाकात की। एक घंटे से अधिक समय तक चली बैठक में खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे, खेल सचिव सुजाता चतुर्वेदी, भारतीय खेल प्राधिकरण के महानिदेशक संदीप प्रधान सहित अन्य अधिकारियों ने भी हिस्सा लिया। इस दौरान मांडविया को पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए भारत की तैयारियों के बारे में बताया गया। मांडविया ने बाद में पत्रकारों से कहा, 'आज मैंने पहली बार आईओए के अधिकारियों के साथ बैठक की जिसमें उन्होंने मुझे पेरिस ओलंपिक खेलों की तैयारी की जानकारी दी। सरकार हर संभव सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है।'

### पुखराज सिंह पहले दौर के बाद बढ़त पर



**लांग एन।** भारतीय गोल्फर पुखराज सिंह गिल ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए पहले दौर में आठ अंडर 64 का कार्ड खेला जिससे वह वियतनाम मास्टर्स गोल्फ टूर्नामेंट में दो शॉट की बढ़त हासिल करने में सफल रहे। इस 85000 डालर इनामी प्रतियोगिता में कुल 142 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं जिनमें सात भारतीय खिलाड़ी भी शामिल हैं। भारत के अन्य खिलाड़ियों में अक्षय शर्मा (69) संयुक्त नौवें, सुनहित बिश्नोई (70) संयुक्त 18वें, अर्जुन प्रसाद और सप्तक तलवार (71) संयुक्त 33वें, खलिन जोशी (72) और अमन राज (72) संयुक्त 46वें स्थान तथा अनुभवी राहिल गंगजी (74) संयुक्त 77वें स्थान पर हैं।

### सिराज पर अर्शदीप को मिले तरजीह

**नई दिल्ली।** पूर्व महान स्पिनर अनिल कुंबले ने कहा कि भारतीय टीम टी20 विश्व कप के सुपर आठ चरण में वेस्टइंडीज में खेले जाने वाले मैचों में अगर दो तेज गेंदबाजों के साथ उतरने का फैसला करती है तो मौजूदा फॉर्म को देखते हुए मोहम्मद सिराज की जगह बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को अंतिम एकादश में मौका मिलना चाहिए। अर्शदीप ने बुधवार को करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए अमेरिका के खिलाफ नौ रन देकर चार विकेट झटके। भारतीय टीम ने इस मैच को सात विकेट से जीता।



## टी20 विश्व कप : कीवी टीम अगले चरण में पहुंचने की दौड़ से लगभग बाहर

# वेस्टइंडीज ने सुपर-8 में बनाई जगह न्यूजीलैंड को 13 रन से दी शिकस्त

एजेंसी ▶▶| टरुबा

वेस्टइंडीज ने टी20 विश्व कप के ग्रुप सी मैच में न्यूजीलैंड को 13 रन से हराकर सुपर 8 में जगह बनाई और कीवी टीम को अगले चरण में पहुंचने की दौड़ से लगभग बाहर कर दिया। वेस्टइंडीज की यह लगातार तीसरी जीत है जिससे वह ग्रुप सी में 6 अंक लेकर शीर्ष पर पहुंच गया है। वेस्टइंडीज के रदरफोर्ड ने 39 गेंद पर नाबाद 68 रन की पारी खेली जिसमें दो चौके और छह छक्के शामिल हैं। इससे वेस्टइंडीज ने 9 विकेट पर 149 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया।

अफगानिस्तान के खिलाफ पिछले मैच में 75 रन पर आउट होने वाली न्यूजीलैंड की टीम इसके जवाब में 9 विकेट पर 136 रन ही बना पाई। न्यूजीलैंड की टीम ने पिछले तीन वनडे विश्व कप और इतने ही टी20 विश्व कप में कम से कम सेमीफाइनल में जगह जरूर बनाई थी लेकिन इस बार उसके बल्लेबाजों ने निराशाजनक प्रदर्शन किया। दूसरी तरफ दो बार का चैंपियन वेस्टइंडीज 2021 में सुपर 12 से बाहर हो गया था जबकि 2022 में वह ग्रुप चरण से आगे नहीं बढ़ पाया था।



### पापुआ न्यू गिनी के खिलाफ अफगानिस्तान का मैच आज

*अफगानिस्तान की टीम शुक्रवार को यहां आईसीसी टी20 विश्व कप के ग्रुप सी मैच में अनुभवहीन पापुआ न्यू गिनी के खिलाफ मैदान में उतरेगी तो उसकी कोशिश जीत के साथ सुपर आठ का टिकट पक्का करने की होगी। अफगानिस्तान अगर यह मैच जीतने में सफल रहा तो वह सुपर आठ में पहुंच जाएगा जिसका मतलब होगा की 2021 की उपविजेता न्यूजीलैंड की टीम विश्व कप के ग्रुप चरण से आगे नहीं बढ़ पाएगी। इस ग्रुप से वेस्टइंडीज ने गुरुवार को न्यूजीलैंड पर जीत के साथ सुपर आठ के लिए क्वालीफाई कर लिया है।*

### अमेरिका और आयरलैंड में आज मचेगा घमासान




**फ्लोरिडा।** घरेलू मैदान पर शानदार प्रदर्शन से प्रभावित करने वाली अमेरिका की टीम शुक्रवार को आईसीसी टी20 विश्व कप के ग्रुप ए के अहम मुकाबले में आयरलैंड का सामना करेगी तब इस मैच के परिणाम पर पाकिस्तान की भी नजर होगी। अमेरिका के तीन मैचों में चार अंक है और इस मुकाबले के जीतकर उसके पास सुपर आठ में पहुंचने का सुनहरा मौका है। इससे 2009 की चैंपियन पाकिस्तान की टीम टूर्नामेंट से बाहर हो जाएगी। पाकिस्तान को हराने के बाद भारत को कड़ी टक्कर देने वाले अमेरिका के लिए हालांकि यह आसान नहीं होगा क्योंकि आयरलैंड की टीम में कई अनुभवी खिलाड़ी हैं।



### शाकिब और रिशाद ने बांग्लादेश को नीदरलैंड पर 25 रन की जीत दिलाई


भाषा ▶▶| किंग्सटाउन (सेंट विंसेंट)

शाकिब अल हसन के नाबाद अर्धशतक के बाद लेग स्पिनर रिशाद हुसैन की फिरकी के जादू से बांग्लादेश ने टी20 विश्व कप के ग्रुप डी मैच में गुरुवार को यहां नीदरलैंड को 25 रन से हराकर सुपर आठ में जगह बनाने का अपना दावा मजबूत किया। इस मैच के नतीजे के साथ ही पूर्व चैंपियन श्रीलंका की टीम सुपर आठ में जगह बनाने की दौड़ से बाहर हो गई। श्रीलंका तीन मैच में एक अंक के साथ अंतिम स्थान पर है। बांग्लादेश के तीन मैच में चार जबकि नीदरलैंड के तीन मैच में दो अंक हैं। दक्षिण अफ्रीका तीन मैच में छह अंक के साथ पहले ही सुपर आठ में जगह बना चुका है। बांग्लादेश के 160 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए नीदरलैंड ने रिशाद (33 रन पर तीन विकेट) और तास्किन अहमद (30 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए और टीम आठ विकेट पर 134 रन ही बना सकी। नीदरलैंड की ओर से साइब्रांड एंगलब्रेट ने सर्वाधिक 33 रन बनाए जबकि विक्रमजीत सिंह (26) और कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स (25) ने भी उपयोगी पारियां खेली लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। मुस्ताफिजुर रहमान (12 रन पर एक विकेट), महमूदुल्लाह (छह रन पर एक विकेट) और तंजीम हसन साकिब (23 रन पर एक विकेट) ने भी एक-एक विकेट चटकाया। बांग्लादेश ने इससे पहले मैन ऑफ द मैच शाकिब (नाबाद 64 रन, 46 गेंद, नौ चौके) के नाबाद अर्धशतक के अलावा सलामी बल्लेबाज तंजीद हसन (35) के साथ उनकी तीसरे विकेट की 48 और महमूदुल्लाह (25) के साथ पांचवें विकेट की 41 रन की साझेदारी से पांच विकेट पर 159 रन बनाए।

## श्रुति की ऐतिहासिक जीत, थ्री स्टार ग्रां प्री प्रतियोगिता जीतने वाली पहली भारतीय

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अनुभवी श्रुति वोरा थ्री स्टार ग्रां प्री प्रतियोगिता जीतने वाली पहली भारतीय घुड़सवार बन गई हैं। भारतीय घुड़सवारी महासंघ ने गुरुवार को यह जानकारी दी। श्रुति ने सात से नौ जून तक स्लोवेनिया के लिपिका में आयोजित सीडीआई-3 प्रतियोगिता में 67.761 अंक हासिल किए। भारतीय खिलाड़ी मोलदोवा की तातियाना एंटोनेंको (आचेन) से आगे रहीं जिन्होंने 66.522 अंक हासिल किए। ऑस्ट्रिया की जूलियन जेरिच (क्वार्टर गर्ल) ने 66.087 अंकों के साथ शीर्ष तीन में जगह बनाई। श्रुति ने ग्रां प्री स्पेशल में भी सराहनीय प्रदर्शन किया जो इसी स्थान पर एक साथ आयोजित की गई। वह 66.085 अंकों के साथ एंटोनेंको के बाद दूसरे स्थान पर रहीं। श्रुति ने कहा, 'मैं परिणाम से बेहद खुश हूं। मैंने कड़ी मेहनत की है और जीत वाकई संतोषजनक है। यह जीत ओलंपिक वर्ष में मिली है और यही इसे महत्वपूर्ण बनाता है।



## लियोनेल मेसी ने कहा, इंटर मियामी मेरा आखिरी क्लब

एजेंसी ▶▶| अटलांटा



दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेसी का अपने देश अर्जेंटीना के किसी क्लब से जुड़कर खेल को अलविदा कहने का कोई इरादा नहीं है और उन्होंने कहा कि इंटर मियामी उनका अंतिम क्लब होगा। अर्जेंटीना के कप्तान ने ईएसपीएन से कहा, 'मुझे लगता है कि इंटर मियामी मेरा अंतिम क्लब होगा। आज की तारीख में मैं यही सोचता हूं कि यह मेरा अंतिम क्लब होने जा रहा है।' मेसी अमेरिका में अपनी राष्ट्रीय टीम के साथ कोपा अमेरिका की तैयारी कर रहे हैं। अर्जेंटीना इस टूर्नामेंट का पिछला चैंपियन है। मेसी की अगुवाई में अर्जेंटीना ने 2022 में कतर में विश्व कप जीता था। बार्सिलोना के पूर्व स्टार मेसी का इंटर मियामी के साथ अनुबंध 2025 के सत्र के समापन तक है। उन्होंने कहा, 'यूरोप से यहां आने का फैसला मुश्किल था। विश्व चैंपियन बनने से बहुत मदद मिली, और चीजों को अलग तरह से देखने का मौका भी मिला। लेकिन मैं इस बारे में नहीं सोचता। मैं खेल का आनंद लेने का प्रयास करता हूं।'

### विंबलडन की इनामी राशि रिकार्ड पांच करोड़ पाउंड

**लंदन।** ऑल इंग्लैंड क्लब के अधिकारियों ने गुरुवार को घोषणा की कि विंबलडन की कुल पुरस्कार राशि बढ़कर रिकॉर्ड पांच करोड़ पाउंड (लगभग छह करोड़ 40 लाख डॉलर) हो जाएगी जिसमें प्रत्येक एकल चैंपियन को 27 लाख पाउंड (34 लाख 50 हजार डॉलर) मिलेंगे। कुल इनामी राशि पिछले साल की तुलना में 53 लाख पाउंड (68 लाख डॉलर) अधिक है जो 11.9 प्रतिशत की वृद्धि है। यह 10 साल पहले इस ग्रासकोर्ट ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट में प्रतियोगियों को दी गई दो करोड़ 50 लाख पाउंड (मौजूदा विनिमय दर पर तीन करोड़ 20 लाख डॉलर) से दोगुनी है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त आरोपी **1. लिगिश कुमार पताः** मकान नं. ए–4/134, तृतीय तल, सैक्टर–17, मेन मार्किट रोहिणी, दिल्ली **2. श्रीमती मिनी एसके पत्नीः लिगिश कुमार पताः** मकान नं. ए–4/134, तृतीय तल, सैक्टर–17, मेन मार्किट रोहिणी, दिल्ली ने **CC No. 10115/17, U/s 138 NI Act, पुलिस थाना विजय विहार, जिला रोहिणी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्तों **लिगिश कुमार और मिनी एसके,** मिल नहीं रहे हैं और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्तों **लिगिश कुमार और मिनी एसके,** फरार हो गए हैं (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्तों **लिगिश कुमार और मिनी एसके,** केस **CC No. 10115/17, U/s 138 NI Act, पुलिस थाना विजय विहार, जिला रोहिणी, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **04.09.2024** को या उससे पहले हाज़िर हो।

**आदेशानुसार**
**दिव्या अरोड़ा**
**महानगर दण्डाधिकारी, उत्तर पश्चिम–04**
**कमरा नंबर 112, प्रथम तल, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/7274/RD/2024**
**(Court Matter)**

## टी-20 विश्व कप के सभी मैचों की कर चुका मेजबानी

# नासाउ काउंटी स्टेडियम को ध्वस्त करने की तैयारी

एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

टी20 विश्व कप के लिए अस्थायी तौर पर तैयार यहां के नासाउ काउंटी क्रिकेट मैदान को अपने हिस्से के सभी मैचों की मेजबानी के बाद अब ध्वस्त कर दिया जाएगा। विश्व कप में कम स्कोर वाले कई रोमांचक मैचों के गवाह रहे इस मैदान पर आखिरी मुकाबले में सह मेजबान अमेरिका पर भारत ने सात विकेट की जीत दर्ज की।

लगभग 100 दिनों में तैयार किए गए इस स्टेडियम के लिए एडिलेड में तैयार हुई ड्रॉप-इन पिचों ने बल्लेबाजों की कड़ी परीक्षा ली। स्टेडियम का निर्माण यहां के लॉन्ग द्वीप में 930 एकड़ के आइजनहावर पार्क के किनारे किया गया है। स्टेडियम में 10 ड्रॉप-इन पिचें थीं। इसमें से चार मुख्य मैदान के लिए और छह कैंटियाग पार्क में निकटवर्ती प्रशिक्षण सुविधा के लिए। एक रिपोर्ट में कुछ दिन पहले कहा गया था, '12 जून को आखिरी मैच के आयोजन के बाद इस स्टेडियम को ध्वस्त कर दिया जाएगा। इसके हिस्सों को लास वेगास (फार्मूला वन रेस) और एक अन्य गोल्फ मैदान में वापस भेज दिया जाएगा। आइजनहावर पार्क सामान्य स्थिति में लौट आएगा, लेकिन विश्व स्तरीय क्रिकेट पिच को बरकरार रखा जाएगा।' स्टेडियम को ध्वस्त करने में लगभग छह सप्ताह का समय लगेगा।

इस स्टेडियम की क्षमता क्षमता 34,000 दर्शकों की थी और नौ जून को पाकिस्तान के खिलाफ भारत के अहम मुकाबले के दौरान यह खचाखच भरा हुआ था। इस मैच के टिकट 2500 डॉलर से 10,000 डॉलर की भारी कीमत पर बेचे गए थे। भारत ने बांग्लादेश के खिलाफ अभ्यास मैच सहित इस मैदान पर कुल चार मैच खेले।



### 111 रन सबसे बड़ा स्कोर

ड्रॉप-इन पिचों ने ग्रुप चरण के आठ मैचों की मेजबानी की। इस दौरान अप्रत्याशित और खतरनाक उछाल ने बल्लेबाजों को काफी परेशान किया। शुरुआती दो मैच कम स्कोर वाले रहे जहां किसी भी टीम ने 100 रन का आंकड़ा पार नहीं किया। भारत के खिलाफ आयरलैंड की टीम 96 रन पर आउट हो गई। इस मैच के लक्ष्य का पीछा करते हुए रोहित शर्मा और ऋषभ पंत को चोट भी लगी। इसके बाद पिच की व्यापक आलोचना हुई और आईसीसी को यह स्वीकार करते हुए एक बयान जारी करना पड़ा कि 'इन पिचों में निरंतरता की कमी है।' भारत ने बुधवार को अमेरिका के खिलाफ तीन विकेट पर 111 रन बनाए जो सफलतापूर्वक लक्ष्य का पीछा करते हुए इस मैदान का सबसे बड़ा स्कोर रहा।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद जीन्द | शमशान घाट, एम.सी. जीन्द में हॉल का निर्माण + 1 कार्य। | 08.06.2024 24.06.2024 | 69.88 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466654040 mcjind2013@gmail.com |
| 2 | नगर परिषद जीन्द | वार्ड नं. 5, एम.सी. जीन्द में सैनी स्वीट्स के पिछली साइड गली का निर्माण + 4 कार्य। | 08.06.2024 18.06.2024 | 64.73 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466654040 mcjind2013@gmail.com |
| 3 | नगर परिषद जीन्द | जीन्द कस्बा जिला जीन्द में पटियाला चौक और आसपास के क्षेत्र में स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज सिस्टम का प्रावधान + 3 कार्य। | 10.06.2024 24.06.2024 | 1.61 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 9466654040 mcjind2013@gmail.com |
| 4 | नगर परिषद जीन्द | एकलव्य स्टेडियम, जीन्द, हरियाणा में सब बेस, स्प्रिंकलर सिस्टम, प्राकृतिक घास, फुटपाथ और फेंसिंग समेत (डब्ल्यूए) द्वारा अनुमोदित सिंथैटिक एथलेटिक ट्रैक-400 एम-8 लेन सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक का प्रावधान व बिछाना। | 07.06.2024 01.07.2024 | 911.43 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466654040 mcjind2013@gmail.com |
| 5 | नगर परिषद जीन्द | एमसी जीन्द में जीन्द गोहाना रोड पर अम्बेडकर चौक से एस.पी. कोठी तक रोड आईएलपीबी को चौड़ा करना + 12 कार्य। | 07.06.2024 01.07.2024 | 18.1 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 9466654040 mcjind2013@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.-13/2025/100/26744/I/88/7 दि. 13.06.24




## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रक्षा मंत्रालय में संभाला अपना कार्यभार

# आधुनिक हथियारों से लैस सशस्त्र सेनाएं हर चुनौती का सामना करने को तैयार हैं: राजनाथ सिंह

**पहली बैठक में रक्षा मंत्री ने की 100 दिन की कार्य योजना की समीक्षा, अधिकारियों को दिया क्रियान्वयन का निर्देश**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

चीन के साथ जारी एलएसी विवाद और पाकिस्तान की ओर से जम्मू क्षेत्र में बढ़ते आतंकी हमलों के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को राजधानी के साउथ ब्लॉक स्थित रक्षा मंत्रालय में लगातार दूसरी बार देश के रक्षा मंत्री के रूप में अपना कार्यभार संभाला।

इसके बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने स्पष्ट किया कि सशस्त्र बलों को अत्याधुनिक हथियारों, प्लेटफार्म से लैस किया जा रहा है। वे हर चुनौती का सामना करने के लिए तैयार हैं। नई सरकार सशस्त्र सेनाओं के आधुनिकीकरण के जरिए राष्ट्रीय सुरक्षा को और अधिक मजबूत बनाने, आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने, नई प्रौद्योगिकी में नवाचार, सीमा पर बुनियादी ढांचे को मजबूत बनाने, रक्षा निर्यात बढ़ाने व पूर्व सैनिकों के कल्याण पर ध्यान केंद्रित करेगी। रक्षा मंत्री ने वीरता और प्रतिबद्धता के साथ राष्ट्र की एकता, अखंडता और संप्रभुता की रक्षा करने के लिए सैन्य कर्मियों की सराहना की।



### आज विशाखापट्टनम जाएंगे राजनाथ

रक्षा मंत्री के तौर पर कार्यभार संभालने के बाद रक्षा समीकरण में हिंद महासागर क्षेत्र के बढ़ते महत्व को देखते हुए राजनाथ सिंह ने अपनी पहली यात्रा के तौर पर 14 जून को नौसेना की विशाखापट्टनम स्थित पूर्वी कमांड के मुख्यालय का दौरा करने का निर्णय लिया है। यहां वह अधिकारियों और नाविकों से बातचीत करेंगे।

### 50 हजार करोड़ का रक्षा निर्यात का लक्ष्य

उन्होंने कहा कि रक्षा मंत्रालय ने वर्ष 2028-29 तक 50 हजार करोड़ रुपए के रक्षा निर्यात का लक्ष्य रखा है। वर्ष 2023-24 में ये आंकड़ा रिकॉर्ड 21 हजार 83 करोड़ पर पहुंच गया था। जो कि एक ऐतिहासिक उपलब्धि थी। कार्यभार ग्रहण करने के साथ ही रक्षा मंत्री की अध्यक्षता में मंत्रालय के 100 दिनों की कार्य योजना पर एक समीक्षा बैठक भी हुई। जिसके केंद्र में पूर्व सैनिकों के कल्याण का बिंदु रहा। बैठक में राजनाथ ने सभी समर्पण के साथ अधिकारियों को कड़ी मेहनत करने तथा योजना को पूरा करने का निर्देश दिया। तेज प्रगति सुनिश्चित करने के लिए वह लगातार समीक्षा बैठकें करेंगे।

### सुबह 12 बजे संभाला कार्यभार

*रक्षा मंत्रालय ने बताया कि 13 जनवरी की सुबह 12 बजे रक्षा मंत्रालय के प्रवेश द्वार संख्या-11 पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान, तीनों सेनाप्रमुखों (जनरल मनोज पांडे, एयर चीफ मार्शल वी.आर.चौधरी, नौसेनाप्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी) और रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने, डीआरडीओ अध्यक्ष डॉ. समीर.वी कामत, सचिव (पूर्व सैनिक कल्याण) डॉ. नितेन चंद्रा ने रक्षा मंत्री का स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने मंत्रालय के कार्यालय में अपना कार्यभार संभाला। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने भी मंत्रालय में रक्षा मंत्री से शिष्टाचार भेंट की। गौरतलब है कि रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के शपथ गठन समारोह के बाद 12 जून को ओडिशा में भारतीय जनता पार्टी के पहले सरकार गठन समारोह में शिरकत करने की वजह से राजनाथ सिंह ने 13 जून को रक्षा मंत्रालय में कार्यभार संभाला।*

**शीर्ष अदालत ने अपर यमुना रिवर बोर्ड से कहा-**

# हमारे पास फॉर्मूला तय करने की विशेषज्ञता नहीं, दिल्ली जल संकट को 'जल्द' सुलझाएं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली जल संकट विवाद से किनारा कर लिया है। कोर्ट ने कहा कि राज्यों के बीच यमुना जल के बंटवारे से संबंधित मुद्दा एक जटिल और संवेदनशील मुद्दा है। सुप्रीम कोर्ट के पास फॉर्मूला तय करने की विशेषज्ञता नहीं है। कोर्ट ने दिल्ली सरकार को निर्देश दिया कि वे गुरुवार शाम पांच बजे तक अपर यमुना रिवर बोर्ड के समक्ष अपनी मांग रखे। बता दें कि दिल्ली जल संकट को लेकर सुप्रीम कोर्ट में चल रही सुनवाई के बीच हिमाचल प्रदेश सरकार ने कहा है कि उनके पास दिल्ली को देने के लिए अतिरिक्त पानी नहीं है। दिल्ली सरकार ने आज (गुरुवार) सुप्रीम कोर्ट में दायर अपने हलफनामे में कहा है कि वो टैंकर माफिया के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर सकती, क्योंकि टैंकर माफिया यमुना के दूसरे किनारे से पानी ले रहे हैं जो हरियाणा में पड़ता है।

### दिल्ली ने दायर किया हलफनामा

दिल्ली सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में दायर अपने हलफनामे में कहा है कि वो टैंकर माफिया के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर सकती, क्योंकि टैंकर माफिया यमुना के दूसरे किनारे से पानी ले रहे हैं जो हरियाणा में पड़ता है। दिल्ली सरकार ने कहा है कि अदालत इस मामले में हरियाणा से पूछे कि कार्रवाई क्यों नहीं की गई। दरअसल, कल 12 जून को सुप्रीम कोर्ट ने पानी की बर्बादी और टैंकर माफिया को लेकर दिल्ली सरकार को फटकार लगाई थी।

**बोर्ड को दिया निर्देश:** कोर्ट ने अपर यमुना रिवर बोर्ड को निर्देश दिया कि वो दिल्ली सरकार का आवेदन मिलने के बाद कल शाम बैठक कर इस मामले को जितना जल्द हो सके सुलझाएं।

**चीन-पाक के संयुक्त बयान में कश्मीर को लेकर की गई टिप्पणी पर भारत पर की दो टूक**

# विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता बोले, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख भारत का अभिन्न अंग थे, हैं और हमेशा रहेंगे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

चीन और पाकिस्तान द्वारा हालिया जारी किए गए संयुक्त बयान में जम्मू-कश्मीर और लद्दाख को लेकर की गई अनुचित टिप्पणी को भारत ने सिरे से खारिज करते हुए यह स्पष्ट कर दिया है कि दोनों केंद्रशासित प्रदेश भारत के अभिन्न अंग थे, हैं और हमेशा रहेंगे। किसी अन्य देश को इन पर किसी तरह की टिप्पणी करने का कोई अधिकार नहीं है। यह संयुक्त बयान बीते 7 जून को बीजिंग द्वारा चीन के प्रधानमंत्री ली क्यांग और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के बीच हुई द्विपक्षीय वार्ता के बाद जारी किया गया था। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मीडिया द्वारा इस बयान का लेकर पूछे गए प्रश्न के जवाब में यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि नई दिल्ली इस संयुक्त बयान में तथाकथित चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे के तहत आने वाली परियोजनाओं की भी निंदा करती है। साथ ही कहा कि उक्त भूभाग पर इस्लामाबाद द्वारा किए गए अवैध दावे को भारत पूरी तरह से खारिज करता है। इस मामले को लेकर हमारी स्थिति दृढ़ता के साथ कायम है और इसके बारे में दोनों पक्ष (चीन और पाकिस्तान) भी पूरी तरह से अवगत हैं। केंद्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर और लद्दाख भारत के अभिन्न अंग थे, हैं और हमेशा बने रहेंगे।



### यूएन चार्टर के राग को भारत ने किया खारिज

*चीन-पाक के संयुक्त बयान के मुताबिक, बीजिंग की वार्ता के दौरान पाकिस्तानी पक्ष ने चीनी पक्ष को जम्मू-कश्मीर के मौजूदा घटनाक्रमों के बारे में जानकारी दी। चीन के पक्ष की तरफ से यह दोहराया गया कि जम्मू-कश्मीर के विवाद को इतिहास के नजरिए से देखते हुए इसका समाधान यूएन चार्टर, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव और द्विपक्षीय समझौतों के तहत शांतिपूर्ण ढंग से पूरी तरह से निकाला जाना चाहिए। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने संयुक्त बयान में किए गए सीपीईसी के जिक्र का भी कड़े अंदाज में खंडन करते हुए कहा कि इसके तहत जारी परियोजनाएं भारत के संप्रभु भूभाग पर जारी हैं। यह वो इलाका है जिस पर पाकिस्तान ने जबरन अवैध ढंग से कब्जा किया हुआ है। ऐसे में हम भारत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के मामले में किसी भी अन्य देश द्वारा पाकिस्तान के इस अवैध कब्जे को लेकर दिए गए बयान या किसी भी टिप्पणी को पूरी तरह से खारिज करते हैं।*

**हरियाणा: 'सीएम फेस' का रिस्क नहीं लेगी कांग्रेस, जाट-दलित गठजोड़ बड़ी वजह**

# कांग्रेस हाईकमान विधानसभा चुनाव से पहले सबको रखना चाहता है एकजुट

आनंद राणा ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस किसी नेता को मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित कर चुनाव नहीं लड़ेगी। दिल्ली में कांग्रेस हाईकमान से जुड़े सूत्रों का कहना है कि हालिया लोकसभा चुनाव के दौरान प्रदेश में जाट दलित गठजोड़ के समीकरणों ने पार्टी की झोली में पांच सीटें डालने में अहम भूमिका अदा की है, ऐसे में भूपेन्द्र हुड्डा को सीएम फेस बनाया गया तो यह गठजोड़ कमजोर पड़ सकता है। कुमारी सैलजा भी हुड्डा के समांतर ही मुख्यमंत्री पद पर अपना दावा करती रहीं हैं, ऐसे में हुड्डा को तरजीह देने से दलित मतदाता कांग्रेस का हाथ छिटक सकता है।

हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा को सत्ता से बाहर करने का दावा कर रहे कांग्रेस नेताओं में अंदरखाने की राजनीति धीरे-धीरे तेज होती जा रही है। लोकसभा चुनाव के नतीजों से उत्साहित कांग्रेस मान रही है कि मंद-मंद ही सही पर जल्द होने वाले विधानसभा चुनाव की हवा उनके पक्ष में बहना शुरू हो चुकी है। हुड्डा खेमे ने रोहतक, हिसार, सोनीपत और अंबाला लोकसभा सीट जीती हैं, लिहाजा उनकी कोशिश है कि कांग्रेस हाईकमान भूपेन्द्र हुड्डा को सीएम फेस बनाकर विधानसभा चुनाव में भाजपा के खिलाफ ताल ठोंके। उधर, सिरसा सीट पर बड़ी जीत के बाद उत्साहित सैलजा किसी भी सूरत में हुड्डा को खुला मैदान नहीं देने चाहती है। प्रदेश की बड़ी दलित नेता जानती हैं कि इस बार मुख्यमंत्री पद पर उनका दांव लग सकता है। वे हाईकमान के सामने सीएम फेस बनने का अपना दावा तो रख ही रहीं हैं साथ ही ये भी समझा रही हैं कि अगर दलितों की अनदेखी हुई तो विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के समीप खड़ी दिखाई दे रही जीत भाजपा की तरफ सरक सकती है।

दिल्ली में कांग्रेस के रणनीतिकार इस बात से इंकार नहीं करते कि लोकसभा चुनाव में अपने खेमे के चार उम्मीदवारों को जितवाकर भूपेन्द्र हुड्डा अपना कद बढ़ाने में कामयाब रहे हैं पर वे इस बात से भी वाकिफ हैं कि कुमारी सैलजा की अनदेखी से चुनाव में नुकसान हो सकता है।

**2019 में इन सीटों पर बहुत कम रहा था जीत-हार का अंतर:** पिछले विधानसभा चुनाव में खरखौदा, गोहाना, सफीदों, रतिया,रोहतक,रिवाड़ी, नंहू, हथीन, होडल, फरीदाबाद एनआइटी, राई, असंद, इंद्री, कैथल, गुहला, पेहवा, थानेसर, रादौर, यमुनानगर, मुलाना, पंचकूला और बडखल जैसी सीटों पर जीत का अंतर बहुत ही कम रहा था।

### भाजपा- कांग्रेस में सीधी टक्कर से लड़ाई होगी रोचक

लोकसभा चुनाव में जननायक जनता पार्टी और इंडियन नेशनल लोकदल के चारों खाने चित होने के बाद अब यह लगभग तय है कि दो-चार को छोड़ दें तो लगभग सभी विधानसभा सीटों पर भाजपा और कांग्रेस के बीच सीधी टक्कर होने वाली है। अगर ऐसा होता है तो विपक्षी दलों के वोट उतनी बड़ी तादाद में नहीं बंट पायेंगे जिससे भाजपा को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष फायदा हो जाए। 2019 के पिछले विधानसभा चुनाव में जजपा एक बड़ा फैक्टर बनकर सामने आई थी, इस नई पार्टी ने 14.9 फीसद वोट के बल पर 10 सीटें जीतकर चौंका दिया था पर हालिया लोकसभा चुनाव ने दुष्यंत चौटाला की सियासी कमर तोड़कर रख दी है। जजपा तो एक फीसद वोट भी नहीं हासिल कर पायी। आइएनएलडी को भी मात्र 1.74 फीसद वोट मिल पाये हैं। ऐसे में लगभग तय है कि अबकी बार भाजपा और कांग्रेस में सीधी टक्कर होगी।

### वोट फीसद के फेरबदल ने बढ़ाई भाजपा की चिंता

2019 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 36.7 फीसद वोट पाकर 40 सीटें जीती थी। कांग्रेस ने 28.2 फीसद वोट लेकर 30 सीटें हासिल की थी। जजपा ने 14.9 फीसद वोट पाकर 10 सीटें झटकी थी। बाकी सीटें अन्य के खाते में गई थी। हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने 43.67 फीसद वोट हासिल कर भाजपा की चिंता बढ़ा दी है। भाजपा ने भले ही 46.11 फीसद वोट पाया वो पर विपक्ष के अन्य दलों जजपा 0.87 फीसद और आइएनएलडी 1.74 फीसद ने बहुत कमजोर प्रदर्शन कर कांग्रेस की हैसियत में बड़ा इजाफा कर दिया है।

# तो लोकसभा में विपक्ष के नेता नहीं होंगे राहुल गांधी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

राहुल गांधी लोकसभा में विपक्ष के नेता बनकर संसदीय विधि विधानों में उलझने के बजाय कांग्रेस संगठन की 'ओवरहॉलिंग' उसे देशभर में चुस्तदुरुस्त करने में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की मदद करना चाहते हैं। वे लगातार वरिष्ठ नेताओं को इस बात के संकेत दे रहे हैं कि किसी अन्य नेता को क्या ये जिम्मेदारी दी जा सकती है? यही वजह है कि पार्टी के अंदर से गौरव गोगोई का नाम तेजी से उभर रहा है। गोगोई युवा हैं। उत्तर पूर्व राज्य, असम से आते हैं। बतौर सांसद उनका इस बार पांचवां टर्म है। हिंदी, अंग्रेजी, असमी और अन्य भाषाओं पर उनकी अच्छी पकड है। अच्छे वक्ता हैं। राहुल गांधी की पसंद हैं। एआईसीसी के मंच से विभिन्न विषयों पर पार्टी की ओर से गौरव गोगोई को इन दिनों लगातार आगे भी किया जा रहा है। लेकिन अभी उनका नाम लोकसभा में विपक्ष के नेता के तौर पर अंतिम तौर पर तय नहीं हुआ है।

पार्टी के एक वर्ग का ये भी मानना है कि इंडिया गठबंधन के किसी साथी दल से किसी वरिष्ठ नेता को क्या विपक्ष का नेता बनाया जा सकता है? ताकि गठबंधन को और मजबूती से आकार दिया जा सके? विश्वस्त सूत्रों ने बताया, हां ऐसी चर्चा तो हो रही है, लेकिन विपक्ष के नेता की जिम्मेदारियों को देखते हुए कांग्रेस पार्टी का शीर्ष नेतृत्व शायद ही किसी और दल को ये जिम्मेदारी देगा! एक दशक के बाद कांग्रेस पार्टी के पास लोकसभा में विपक्ष का नेता बनने लायक सांसद जीत कर पहुंचे हैं। 2014 में 45 सांसद चुनकर आये थे। वर्ष



2019 में कांग्रेस सांसदों की संख्या थी 54 मामला फिर अटक गया था। विपक्ष के नेता पद के लिए कुल सदस्यता का दस फीसदी किसी दल के पास संसदीय ताकत होनी चाहिए। ये संख्या आती है 55 की। इस बार कांग्रेस पार्टी के 99 सांसद जीत कर आए। विपक्षी दलों में सबसे बडी पार्टी बनकर उभरी है। कांग्रेस पार्टी की उच्च निर्णायक समिति, सीडब्लूसी ने हफ्ते भर पहले ही एकसुर में राहुल गांधी से विपक्ष का नेता की जिम्मेदारी उठाने की गुजारिश की थी। अब जब संसद का संक्षिप्त सत्र इस महीने के आखिरी हफ्ते से शुरू होने जा रहा है ऐसे में विपक्ष के नेता का औपचारिक चुनाव किया जाना है। संसदीय राजनीति में लोकसभा के विपक्ष के नेता को 'शैडो पीएम' के रूप में भी देखा जाता है।

राहुल गांधी को इस पद को संभालने के निवेदन के पीछे सीडब्लूसी की ये मंशा भी थी। विपक्ष के नेता से विदेशी प्रतिनिधिमंडल की मुलाकात की परंपरा रही है। सीबीआई प्रमुख की नियुक्ति का मामला हो या फिर विभिन्न संवदेनशील पदों पर नियुक्ति विपक्ष का नेता उच्चस्त्रतरीय चयन समिति का सदस्य होता है। सांसदीय समितियों में नियुक्ति का मामला हो या फिर सांसदों को आवास आवंटन करने का मसला, ऐसे सभी विषयों में विपक्षी नेता का दखल होता है।

### रायबरेली या वायनाड

राहुल गांधी के पास केवल लोकसभा में विपक्ष का नेता बनने का दबाव ही नहीं है उन्हें ये भी तय करना है कि केरल के वायनाड की सीट रखनी है या लोकसभा में रायबरेली का प्रतिनिधित्व करना है! राहुल गांधी के रणनीतिकारों का मानना है कि यूपी और बिहार में कांग्रेस पार्टी का प्रदर्शन लंबे समय के बाद अच्छा रहा है। हिमाचल में सरकार है। राजस्थान, छत्तीसगढ में मजबूत स्थिति में हैं। यही समय है जब समूची हिंदी पट्टी में फिसलती कांग्रेस को संभाला जा सकता है। ये तभी सुनिश्चित हो सकता है जब राहुल गांधी अपनी परंपरागत सीट यूपी की रायबरेली का प्रतिनिधत्व लोकसभा में करें। सूत्रों ने बताया कि दोनों विषयों पर अगले हफ्ते तक फैसला किये जाने की संभावना है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109